

4इ किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200


# समाज जागरण


नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 2 अंक: 02 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) गुरुवार 12 अक्टूबर 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 14 मूल्य 05 रुपया


# इजरायल-हमास जंग में और खराब होंगे हालात!

## हिजबुल्लाह को अमेरिका की धमकी, कहा- ऐसा मत करना नहीं तो...





**वॉशिंगटन.** क्या इजरायल और हमास की जंग आने वाले दिनों में और भी भयानक हो सकती है? अमेरिका को आशंका है कि अगर लेबनानी आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह इस जंग में कूद गया तो आने वाले दिन गाजा के और कुछ अरब देशों के लिए दुस्वप्न जैसे हो सकते हैं. इसी बीच, अमेरिका ने अपने कई विश्वसनीय चैनल के माध्यम से आतंकी समूह हिजबुल्लाह इजरायल-हमास जंग से दूर रहने की चेतावनी दी है. बता दें कि दुनिया के सबसे ताकतवर देश अमेरिका का बयान ऐसे वक्त में आया है, जब यूएस आर्मी की तैनाती अरब प्रायद्वीप में हो चुकी है.

अमेरिका के टॉप सीनियर अफसर को लगता है कि हिजबुल्लाह, इजरायल के खिलाफ हमास के साथ जंग में शामिल नहीं होगा. उन्हें विश्वास है कि अमेरिकी चेतावनी से हिजबुल्लाह पीछे हट जाएगा. लेबनानी सरकार और लेबनान की संसद के हिजबुल्लाह-सहयोगी अध्यक्ष नबीह बेरी समेत कई चैनलों के माध्यम से हिजबुल्लाह को इस जंग से बाहर रहने का मैसेज दिया जा चुका है.

### ... तो इजरायल देगा खतरनाक प्रतिक्रिया

प्रशासन के अधिकारियों ने रविवार को कांग्रेस को ब्रीफिंग करते हुए हिजबुल्लाह-सहयोगी अध्यक्ष नबीह बेरी का उल्लेख किया था. सीएनएन के अनुसार, अमेरिका आधिकारिक तौर पर आतंकवादी समूह के साथ बातचीत नहीं करेगा. वार्ता के बारे में जानकारी देने वाले एक सूत्र ने कहा, इजरायल के अनुरोध पर, फ्रांस ने हिजबुल्लाह को संदेश दिया है अगर वह इस जंग में शामिल होता है तो इजराइल बेहद खतरनाक प्रतिक्रिया देगा.

### क्यों हिजबुल्लाह के जंग में शामिल होने से खराब होंगे हालात

एक वरिष्ठ रक्षा अधिकारी ने सोमवार को कहा, "हम हिजबुल्लाह के गलत निर्णय लेने और इस संघर्ष के लिए दूसरा मोर्चा खोलने के बारे में गहराई से चिंतित हैं," उन्होंने कहा: "हम इसे रोकने के लिए इजरायल और पूरे क्षेत्र में अपने सहयोगियों के साथ काम कर रहे हैं. हिजबुल्लाह एक हाइली ट्रेन्ड, आधुनिक हथियारों से लैस परिष्कृत सैन्य बल है, इसे ईरान का समर्थन भी प्राप्त है. इसलिए हिजबुल्लाह अगर इजरायल-हमास जंग में उतरता है कि तो अरब में इसके परिणाम बेहद खतरनाक होंगे.

### विराट कोहली के मैदान पर रोहित का तूफान, रिकॉर्ड की झमाझम बारिश, अफगानिस्तान की हार से सहमा पाकिस्तान!

नई दिल्ली. रोहित शर्मा ने पाकिस्तान के खिलाफ महामुकाबले से पहले अपना रौद्र रुप दिखाया दिया है. वर्ल्ड क्रिकेट में हिटमैन के नाम से फेमस रोहित ने अफगानिस्तान के खिलाफ ऐतिहासिक शतक जड़कर भारत को वनडे वर्ल्ड कप 2023 में लगातार दूसरी जीत दिलाई. भारत ने वर्ल्ड कप 2023 के 9वें मुकाबले में अफगानिस्तान को 15 ओवर बाकी रहते 8 विकेट से पराजित किया. रोहित शर्मा ने इस मुकाबले में रिकॉर्ड की झड़ी लगा दी. हिटमैन को उनकी शानदार पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया.

# बिजली विभाग की लापरवाही अब शहर के लिए जानलेवा!

## शिकायत के बावजूद भी विभाग के जिम्मेवार लोग जनसमस्याओं का समाधान के लिए तैयार नहीं है!

**समाज जागरण, राजेंद्र मिश्र, ब्यूरोचीफ , उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल।**




धनबाद (झारखंड) धनबाद जिले का बरमसिया में दुहाटांड डबल टावर के समीप रहने वाले दर्जनों महिलाओं का कहना है कि लगातार शिकायत करने के बाद भी बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा सड़क पर झूलते नंगे बिजली तारो को दुरुस्त नहीं किया जाता है तथा विभागीय अधिकारियों के द्वारा लापरवाही बरतने के कारण आए दिन मवेशी और बच्चों के साथ - साथ राहगीरों की जान पर खतरा मंडराता रहता है। विभागीय के लापरवाही रवैया को देखकर लगता है कि मानो बिजली विभाग को किसी बड़े हादसे का इंतजार हो? जन आक्रोश के मद्देनजर मौके पर जब संवाददाता ने जायजा लिया तो पाया कि मोहल्ले के दो बिजली खंबे पूरी तरह जर्जर वह बदहाल स्थिति में है, जो कभी भी गिरकर लोगों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। वही डबल टावर के समीप गली में 440 वोल्ट करंट वाले नंगे बिजली तार सड़क से महज 4 फीट की ऊंचाई पर झूल रहे हैं। फिलहाल स्थिति यह है कि मोहल्ले के ट्रांसफार्मर में खराबी आने के वजह से पावर कट है। लेकिन जिस समय भी बिजली विभाग पावर शुरू करेगा, उसके बाद किसी भी समय हादसा होने से इनकार नहीं किया जा सकता है।

आस-पड़ोस के महिलाओं ने कहा कि विगत एक सप्ताह से यहां के लोग बिजली विभाग को दौड़ लगा रहे है और शिकायत देते-देते थक गए हैं, लेकिन बिजली विभाग के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी। इससे स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है, जो जनमानस एवं बिजली विभाग के लिए नुकसान देह साबित हो सकता है।

# नोएडा में औद्योगिक सेक्टरो का व्यवसायिकरण :अनिल के गर्ग

**नोएडा समाज जागरण डेस्क**






नोएडा ऐसे तो स्मार्ट सिटी के साथ-साथ भ्रष्टाचार सिटी के नाम से भी ख्याति प्राप्त है। यही कारण है कि शहर के जितने भी निजाम हुए सभी बेलगाम हुए। प्राधिकरण के झरोखे से दिखने वाली सेक्टर भले ही स्वच्छ भारत अभियान से अछूता रह जाय, सेक्टर 2,5,6,8,9 और 10 भले ही अतिक्रमण के तले दबा हो लेकिन निजाम साहब फरमाते है सब ठीक ठाक है। शहर मे बड़े बड़े स्पोर्टस कम्पलेक्स हो अच्छी बात है लेकिन इसके बदले मे जो शहर की पहचान है आधार है उसका अनदेखी तो नही होनी चाहिए।

नोएडा के विभिन्न औद्योगिक सेक्टरों मे जहाँ एक तरफ ठेली पटरी, झुग्गी झोपड़ी का कब्जा है वही दूसरी तरफ औद्योगिक उपयोग के लिए सस्ते दर पर आवंटित भूमि का उपयोग व्यवसायिक रूप से किया जा रहा है। जहाँ एक तरफ नोएडा प्राधिकरण इस अवैध गतिविधियों को रोकने मे असफल रहा है वही दूसरी तरफ औद्योगिक गतिविधियों के लिए लगातार भूमि आवंटन के नये नये स्कीम लाकर गुमराह करने मे सफल रहा है।

नोएडा शहर के वरिष्ठ नागरिक व अधिवक्ता श्री अनिल के गर्ग के द्वारा किए गए टवीट और लिखे गए पत्र से इस संबंध मे बेहतर तरीके से समझा जा सकता है।

श्री गर्ग ने कहा है कि जब एक तरफ औद्योगिक भूमि का उपयोग व्यवसायिक तरीके से किया जा रहा है वही दूसरी तरफ नोएडा प्राधिकरण और सरकारें महंगी दरो पर उद्योग को भूमि आवंटन करने की बात कर रही है। लाख-दो लाख रुपये प्रति वर्ग/फीट के दर से जो उद्योंग इस भूमि को खरीदेगी तो क्या इसमे भांग और अफीम बनाने का काम करेगी।



श्री गर्ग ने आगे कहा है कि नोएडा मे कई सेक्टर ऐसे है जो औद्योगिक है उनकों कमर्शियल मे बदला जा सकता है लेकिन सुस्त और भ्रष्टाचार मे लिप्त यहाँ के नौकरशाही और अफशरशाही ने कभी ध्यान ही नही दिया। औद्योगिक भूखंडो का उपयोग कार्यालय तथा दुकानों के लिए किया जा रहा है और उनको सस्ती बिजली पानी उद्योग के स्कीम के तहत दिए जा रहे है। यही कारण है कि उद्योग को सस्ते जमीन मिलने के बजाय उनको महंगे लेने पड़ रहे है।

दूसरा मामला हमारे जिला उद्योग केंद्र (ड-ीआईसी) की लापरवाही है, जिसने लघु उद्योग (एसएसआई) पंजीकरण भी एमएसएमई ने जारी किया है। प्राधिकरण एसएसआई पंजीकरण लेने के बाद इन उद्योगों को कार्यात्मक प्रमाणपत्र जारी करता है, लेकिन औद्योगिक भूखंडों के सभी आवंटियों की गतिविधियों की सतर्कता/निगरानी नहीं करता है। यह पिछले 25-30 वर्षों से निहित स्वार्थ के लिए एक बड़ा सांठगांठ और भ्रष्टाचार का खेला गया है। इन औद्योगिक इकाइयों को अधिकतम कार्यात्मक प्रमाणपत्र जारी करना एक बड़ा खेल है।

सवाल उठता है कि कार्रवाई कौन करेगा? इन सभी अनियमितताओं, भ्रष्टाचार, प्राधिकरण के अधिकारियों की लापरवाही के कारण औद्योगिक भूखंडों की दरें वाणिज्यिक की तरह उपयोग के रूप में बढ़ा दी गई हैं। जबकि नोएडा की पहचान एक औद्योगिक शहर के रूप मे हुई है।

हाल ही मे नोएडा प्राधिकरण ने अपने सभी वर्क सर्किल को पत्र लिखकर निर्देशित किया है कि प्रत्येक वर्क सर्किल क्षेत्र में आने वाले समस्त औद्योगिक भूखण्डों का भौतिक निरीक्षण कराते हुये भूखण्डों पर संचालित परियोजनाओं का स्पष्ट उल्लेख करते हुये फोटोग्राफ सहित आख्या एक सप्ताह के अन्दर अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें । हालांकि इस प्रकार के निर्देश पहली बार दिया गया हो ऐसा नही है इससे पहले भी कई बार दिया जा चुका है। इस बार इस पर कितना कार्यवाही होगा यह तो आने वाले समय मे ही पता चलेगा।

नोएडा में स्थापित औद्योगिक क्षेत्र को तीन फेज यथा फेज-01, फेज- 02 एवं फेज-03 में विभाजित किया गया है जिसके अन्तर्गत औद्योगिक विभाग के रिकार्ड के सुनसार क्रमशः फेज-1 में लगभग 4818 भूखण्ड फेज-2 में लगभग 2115 भूखण्ड तथा फेज-3 में लगभग 4199 भूखण्ड आवंटित है। इन औद्योगिक क्षेत्रों में स्थित औद्योगिक भूखण्डों के सम्बन्ध में संज्ञानित हुआ है कि कुछ औद्योगिक भूखण्डों में जिन परियोजनाओं के संचालन की अनुमति प्रदान की गई है उन परियोजनाओं के इतर अन्य परियोजनाओं अथवा वाणिज्यिक गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। आवंटियों द्वारा अनुमन्य परियोजनाओं के इतर वाणिज्यिक गतिविधि का संचालन किया जाना आवंटन एवं पट्टा प्रलेख की नियम एवं शर्तों का स्पष्ट उल्लंघन है।

# 2024 में 'रोपवे इनेबल्ड सिटी' होगा वाराणसी

## रोपवे के पहले सेक्शन का निर्माण मार्च में रथयात्रा तक होगा पूरा



**समाज जागरण वाराणसी**

### बदलता बनारस

वाराणसीः काशी की यातायात को सुगम और सुचारू बनाने के लिए देश का पहला रोपवे वाराणसी में 2024 तक चलने लगेगा। वाराणसी को रोपवे इनेबल्ड बनाने वाली इस परियोजना के तहत पहले चरण का निर्माण कुल दो सेक्शन में किया जा रहा है। रोप वे के पहले सेक्शन का निर्माण रथयात्रा तक और दूसरे सेक्शन का निर्माण गोदौलिया तक होगा।

### कुल 5 स्टेशन होंगे

वाराणसी कैंट स्टेशन से शुरू होकर गोदौलिया चौराहे तक कुल पांच स्टेशन होंगे। जिसमें कैंट रेलवे स्टेशन, काशी विद्यापीठ, रथयात्र, गिरजाघर और गोदौलिया चौराहे पर स्टेशन बनाया जाएगा। रोपवे की कुल दूरी 3.85 किलोमीटर है, जो करीब 16 मिनट में तय होगी।

उल्लेखीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के पहले पब्लिक ट्रांसपोर्ट के संचालन के लिए 807 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले रोपवे परियोजना की नींव अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में रखे थे।

### पहला सेक्शन मार्च तक होगा पूरा

काशी के यातायात को रफ़्तार देने के लिए रोप-वे का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। मार्च 2024 तक पहले सेक्शन का निर्माण कार्य पूरा होना प्रस्तावित है, जिसका ट्रायल जुलाई तक चलेगा। कैंट स्टेशन से चलने पर रथयात्रा तीसरा प्लेटफार्म होगा। यात्री कैंट रेलवे स्टेशन से बिना वायु प्रदूषण और ध्वनि प्रदूषण के रथयात्रा तक की यात्रा लगभग 10 मिनट में तय कर सकेंगे।

# मथुरा पहुंचे सीएम योगी, श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर किया दर्शन-पूजन

## सीएम योगी ने गोल्फ कार्टों को दिखाई हरी झंडी, श्रद्धालुओं को होगी सहूलियत

### गोवर्धन परिक्रमा के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को भी मिलेगी गोल्फ कार्ट की सुविधा

**समाज जागरण**



11 अक्टूबर, मथुरा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को मथुरा पहुंचे, जहां उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। कार्यक्रमों में शामिल होने के साथ ही सीएम योगी श्री बांके बिहारी मंदिर गए। वहां उन्होंने लीलाधारी भगवान श्री कृष्ण के दर्शन किए। उसके बाद वह श्रीकृष्ण जन्मस्थान पहुंचे, जहां उन्होंने दर्शन-पूजन किया। इसके अलावा सीएम योगी ने बांके बिहारी मंदिर के दर्शन एवं गोवर्धन परिक्रमा हेतु संचालित की जाने वाली गोल्फ कार्टों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे वृंदावन और गोवर्धन में यातायात व्यवस्था को पटरी पर आएगी और श्रद्धालुओं को सहूलियत होगी। यह गोल्फ कार्ट उत्तर प्रदेश बृज तीर्थ विकास परिषद द्वारा खरीदी गई हैं।

# बिहार में नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस हुई दुर्घटनागस्त,6 कोच पटरी से उतरे,कई लोगों के मरने की आशंका

**समाज जागरण**



पटना। बिहार में बड़ा ट्रेन हादसा हुआ है। रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन के डाउन लाइन पर नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। ट्रेन के 6 कोच पटरी से उतर गए है ।कई लोगों के मरने की सूचना मिल रही है ।बरहाल अभी तक मृतकों की संख्या को लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। रेलवे स्टेशन पर अफरा-तफरी मची हुई है ।ग्रामीण बचाव कार्य में जुटे हैं ।अभी तक जो जानकारी मिल रही है उसके मुताबिक डाउन नॉर्थ एक्सप्रेस के 6 कोच बेपटरी हुए हैं ।पीडीडीयू -पटना रेलखंड के रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन के पास रेल हादसा हुआ है ।कोच संख्या बी 7 और बी 8 अधिक क्षतिग्रस्त हुए हैं।

# जंग के बीच इजरायल में पक्ष-विपक्ष हुआ साथ, बनाई इमरजेंसी सरकार, अब हमास में मचेगा हाहाकार

इजरायल और हमास के बीच जंग जारी है. दोनों ओर से रा-केट की बारिश हो रही है. चारों तरफ तबाही का मंजर देखने को मिल रहा है. इस बीच खबर है कि इजरायल ने हमास को जड़ से उखाड़ने के लिए गाजा पर हमला करते हुए बुधवार को एक इमरजेंसी एकता स-रकार का गठन किया है. साथ ही घनी आबादी वाले फिलिस्तीनी इलाके के उत्तर में सेना तैनात की.

न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के अनुसार हमास के सदस्यों ने कहा कि वे सीमा पार हमले के बाद भी लड़ रहे हैं. बेनी गैंट्ज की नेशनल यूनिटी पार्टी के एक संयुक्त बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, पूर्व रक्षा मंत्री और मध्यमार्गी विपक्षी दल के नेता बेनी गैंट्ज के साथ एक युद्ध कैबिनेट बनाने और पूरी तरह से संघर्ष पर ध्यान केंद्रित करने पर सहमत हुए. वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने हमास के सैकड़ों आतकंवादियों द्वारा दक्षिणी इजरायल के आबादी वाले क्षेत्रों पर आश्चर्यजनक सप्ताहांत हमले की निंदा की और इसे ह्यसरासर दुष्टह्ण बताया और उन्होंने अपने ईरानी समर्थकों के उद्देश्य से एक चेतावनी जारी की. बता दें कि शनिवार को गाजा से लगी सीमा की बाड़ को तोड़ने के बाद हमास के आतंकियों द्वारा घंटों तक की गई हिंसा के कारण मौत की संख्या बढ़कर 1,200 हो गई और 2,700 से अधिक घायल हो गए हैं. समूह की सशस्त्र शाखा, अल कसम ब्रिगेड ने कहा कि वह बुधवार को भी इजरायल के अंदर लड़ रहा था. इजरायल ने गाजा के ठीक उत्तर में टैंक और बख्तरबंद वाहन तैनात किए. जहां झड़प की सूचना मिली थी, लेकिन हमास के दावे पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई. फिलिस्तीनी अधिकारियों का कहना है कि अवरुद्ध क्षेत्र पर जवाबी हमलों में 1,055 लोग मारे गए हैं और 5,184 घायल हुए हैं. संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि मरने वालों में फिलिस्तीनी शरणार्थी एजेंसी के लिए काम करने वाले नौ कर्मचारी भी शामिल हैं.

# अब दु:स्वप्न हो चला है तुरत-फुरत न्याय

**दैनिक समाज जागरण**

सियासत के घावों को ठीक करने की एक मात्र मरहम हमारी न्याय व्यवस्था है लेकिन अब ये मरहम भी सहज-सुलभ दिखाई नहीं दे रहा। वक्त ने हमारी न्याय व्यवस्था को भी दूसरे माध्यमों की तरह निराश करने वाला बना दिया है। हाल के एक नहीं अनेक मामलों में अदालतों के व्यवहार से उम्मीद की जगह निराशा होती है ,लेकिन चौतरफा डूबती व्यवस्थाओं में अब भी न्याय व्यवस्था तिनके का सहारा बनी हुई है। गनीमत ये है कि हमारी न्याय व्यवस्था अभी सियासत की तरह छुईमुई नहीं हुई है।अपनी स्वस्थ्य आलोचना को सुन और समझ लेती है।

* देश के तीन अलग-अलग मामलों पर नजर डालकर देखिये आपकी समझ में आ जाएगा कि आखिर हमारे मुल्क में हो क्या रहा है ? पहला मामला आम आदमी पार्टी से जुड़ा है । आम आदमी पार्टी के दो मंत्री पहले से जेल में थे और अब एक और सांसद संजय सिंह को जेलाटन करा दिया गया है । प्रवर्तन निदेशालय को अदालत से संजय की अभिरक्षा पर अभिरक्षा मिल रही है। इससे लगता है कि हमारी अदालतें किसी आरोपी का मुंह और रसूख देखकर जमानतें नहीं देती ,लेकिन कभी-कभी ये भी लगता है कि आरोपी का रसूखदार और सत्ता प्रतिष्ठान के खिलाफ खड़ा होना ही उसके जमानत के अधिकार को क्षीण कर देता है।

संजय सिंह आबकारी घोटाले में आरोपी है। उनके दो अन्य साथी पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन भी इसी मामले में पहले से न्यायिक अभिरक्षा में है। उन्हें सजा मिलेगी ,तब मिलेगी ,अभी तो वे दोनों हमारी न्यायिक कार्यप्रणाली की अघोषित सजा भुगत रहे हैं। उन्हें जमानत नहीं मिल रही है, निश्चित ही अदालत के सामने ऐसे तथ्य रखे गए होंगे जो उनकी जमानत में बाधक होंगे,लेकिन आम धारणा ये है कि इन आरोपियों को इरादतन जेल के बाहर नहीं आने दिया जा रहा । भले ही अदलात की इसमें कोई भूमिका नहीं हो किन्तु जिनकी भूमिका है अदालत को उसे नजर में रखना चाहिए।

आम आदमी पार्टी के ही दूसरे सांसद राघव चड्ढा को भी न्याय के लिए अदालत की ही शरण लेना पड़ रही है। वे भी राजयसभा के सदस्य हैं और सरकार की आँखों की किरकिरी है। उन्हें भी संजय सिंह की तरह निलंबित किया गया है और उनसे उनका बँगला खाली करने की प्रशासकीय कोशिश कीजा रही हैं। राघव की हाल ही में शादी भी हुई है ऐसे में बँगला खाली करने के सरकारी आदेश के खिलाफ उन्होंने अदालत की शरण ली है। वे अपने निलंबन को भी अदालत में चुनौती दे रहे हैं। सवाल ये उठता है कि ये सब एक साथ क्यों हो रहा है। राघव चड्ढा अभी केवल निलंबित हैं ,उन्हें बर्खास्त नहीं किया गया है। ऐसे में सरकार उनसे बँगला क्यों छींनना चाहती है ? जबकि बांगले के आवंटन में चड्ढा साहब की कोई गलती नहीं है।

तीसरा मामला न्यूज क्लिक के प्रमुख प्रबीर पुलकायस्थ और उनके साथियों का है । प्रबीर और उनके साथी को प्रवर्तन निदेशालय ने चीन से कथित रूप से 38 करोड़ रुपए की राशि लेने का आरोप है। उन्हें भी जमानत नहीं मिली,गोया कि वे कोई आतंकवादी हों। वे विज्ञान के कार्यकर्ता और जनपक्षधरता से जुड़े एक न्यूज चैनल के मालिक है। वे भागकर आखिर कहाँ जायेंगे ? उन्हें जमानत पर छोड़े जाने को लेकर ईडी को क्यों आपत्ति है ,ये सब समझ से परे है।समाचार पोर्टल 'न्यूजक्लिक' के फाउंडर प्रबीर पुरकायस्थ और वेबसाइट के एचआर हेड अमित चक्रवर्ती को 10 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उन्हें गैर कानूनी गतिविधियां रोकथाम (यूएपीए) अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि चीन के पक्ष में प्रचार करने के लिए समाचार पोर्टल को विदेश से पैसे मिले थे।

अदालतों के सामने सभी आरोपी हैं ,अदालतें उन्हें अभियोजन पक्ष के तर्कों की अनदेखी कर जमानत नहीं दे रही । लेकिन ऐसा हर मामले में नहीं होता। तीनों ही मामलों में आरोपी जिम्मेदार नागरिक है। दो तो राजयसभा के सदस्य है। एक पुराने पत्रकार है। इन तीनों के साथ अभियोजन आतंकवादियों जैसा व्यवहार क्यों कर रहा है ? क्यों इनके जमानत पर आने से अभियोजन पक्ष को तकलीफ है ? क्या ये तीनों समाज और व्यवस्था के लिए बाहर आने पर खतरा हो सकते हैं ? शायद नहीं। यदि ऐसा होता तो अदालत उप्र में डॉन माफिया रहे अतीक अहमद के बेटों को रिहा न करती। उन्हें अपने मृत संबंधियों की कब्रों पर फूल चढाने की इजाजत न मिलती। जाहिर है कि अदालतें अपना काम कानून के हिसाब से करतीं है। वे दिल्ली में भी वो सब कर सकतीं है जो उत्तरप्रदेश में कर रहीं हैं,लेकिन सरकार की ही मंशा में जब खोट हो तो अदालतें क्या कर सकतीं हैं। उनकी भी तो लक्षण रेखाएं हैं। ये पहली बार नहीं हो रहा कि सरकार अपने राजनीतिक दुश्मनों के साथ अदलाती प्रक्रिया का इस्तेमाल अपने ढंग से कर अपने दुश्मनों को फंसाये रखना चाहती है। विसंगति केवल इतनी है कि अदालतें इस मामले में कुछ कर नहीं सकतीं। सत्येंद्र जैन ,मनीष सिसौदिया ,संजय सिंह के बाद आम आदमी के एक और विधायक अमानुल्लाह पर भी ईडी की कृपादृष्टि पड़ गयी है । मुमकिन है कि वे भी कुछ दिनों बाद तिहाड़ में प्रवास पर भेज दिए जाएँ। जन प्रतिनिधि हों या जन पक्षधरता के लिए काम करने वाले पत्रकार अभिव्यक्ति का नारा लगाकर कानूनी कार्रवाई से बच नहीं सकते,उन्हें बचाया भी नहीं जाना चाहिए,लेकिन जब जन प्रतिनिधियों और पत्रकारों को सरकार अपना शत्रु मानकर उनके खिलाफ कार्रवाई कारे तो पीड़ितों को अदालतों का संरक्षण मिलना चाहिए । अन्यथा वे सब कहाँ जायेंगे ?

पांच राज्यों के चुनावी शोरगुल में मुल्क इन तमाम मुद्दों को भूल गया है । इनको लेकर देश का कोई मंच बोलने की स्थिति में नहीं है। सबके सब आतंकित और डरे हुए है। सबको शायद लगने लगा है कि सत्ता प्रतिष्ठान के खिलाफ मुंह खोलने का अर्थ सरकारी प्रताड़ना से गुजरना होता है। जिस देश को हम लोकतंत्र की जननी कहते हैं,उस देश में इस तरह के हालात सोचनीय हैं। हमारे यहां सरकार चाहे तो हत्या के सजायाफ्ता अपराधी के साथ सहृदयता बरत कर उन्हें समय पूर्व रिहा कर सकती है लेकिन सरकार चाहे तो बिना आरोप सिद्ध हुए भी किसी जन प्रतिनिधि या पत्रकार को जब तक चाहे तब तक जेल में रख भी सकती है। सरकार सबसे ऊपर है। शायद अदालतों से भी ऊपर। इसलिए सभी को सरकार के सामने सिर उठाकर बात नहीं करना चाहिए।

**@ राकेश अचल**

# क्या हम हमास जैसे हमले के लिए तैयार हैं ?

**दैनिक समाज जागरण**

इस्राइल पर हमास ने हमला किया।इस हमले में 20 मिनट में पांच हजार के आसपास राकेट दागे गए।इतना ही नहीं यह इस्राइल का सुरक्षा घेरा और दीवार तोड़कर अपनी सुरक्षा और मारक क्षमता के लिए विख्यात इस्राइल में घुंस गए।उन्होंने इस्राइल में भारी तबाही मचाई। इस हमले में इस्राइल के एक हजार से ज्यादा नागरिक मारे गए। तीन हजार के आसपास घायल हुए हैं। सूचनाएं हैं कि 150 के आसपास महिला और बच्चों सहित इस्राइल के नागरिकों का अपहरण कर लिया।हमास के आंतकियों ने महिलाओं का निवस्त्र कर उनके सम्मान को तार तार करने कोई कसर नही छोड़ी।

इस्राइल की सुरक्षा व्यवस्था, सेना और गुप्तचर व्यवस्था पूरी दुनिया में विख्यात हैं।इस सबके बावजूद वहां इतना बड़ा नुकसान हुआ। ईश्वर न करे ,काश कभी ऐसा हमला हम पर ,भारत पर हो तो क्या हम इसके लिए तैयार हैं?हमें इस पर सोचना होगा। साथ ही आने वाली प्रत्येक परिस्थिति के मुकाबले के लिए हमें अपने को अभी से तैयार करना होगा।

इस्राइल के पास दुनिया का आधुनिकतम सुरक्षा, प्रतिरक्षा और विश्व विख्यात सूचनातंत्र है।फिर भी वह इस हमले के सामने विफल होकर रह गया। 20 मिनट में पांच हजार मिजाइल छोड़ने, और टैंको से दीवार तोड़कर इस्राइल की सीमा में जल, थल और ग्लाइडर से एक साथ घुंसने की तैयारी एक दिन में नही हुई होगी।लंबा समय लगा होगा, किंतु इस्राइल के सुरक्षा और गुप्तचर तंत्र को इसकी भनक तक नही लगी। इस्राइल ही नही उसके मित्र देश अमेरिका तक को भी इस हमले की भनक तक नही हुई।ऐसा ही अमेरिका पर हमले के समय हुआ था।

रोज दुनिया बदल रही है।युद्ध बदल रहा है।युद्ध का मैदान बदल रहा है। अल-कायदा के आतंकियों ने 11 सितंबर 2001 की सुबह चार अमेरिकी विमानों को हाईजैक कर लिया था। इन सभी का मकसद विमानों को अलग-अलग ऐतिहासिक स्थलों पर क्रैश कराने का था। सबसे पहला क्रैश अमेरिकन एयरलाइन फ्लाइट 11 का हुआ था, जो कि न्यूयॉर्क शहर में सुबह 8.46 बजे वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के उत्तरी टावर से टकराई थी। इसके 17 मिनट बाद ही यूनाइटेड एयरलाइंस फ्लाइट 175 बिल्डिंग के दक्षिणी टावर से टकराई। हाई अलर्ट जारी होने के बावजूद सुबह 9.37 बजे अमेरिकन एयरलाइंस फ्लाइट 77 वॉशिंगटन स्थित अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन से टकराई। चौथे हाईजैक हुए विमान यूनाइटेड एयरलाइंस फ्लाइट 93 का लक्ष्य व्हाइट हाउस या यूएस कैपिटल बिल्डिंग को निशाना बनाने का था, लेकिन यात्रियों से भिड़ंत की वजह से आतंकियों के हाथ से विमान का नियंत्रण छूट गया और यह पेन्सिलवेनिया के शैंक्सविल में मैदानी इलाके में गिर गया। अमेरिका में हुए इस हमले तक को सोच भी नही सकता था कि यात्री विमानों को शस्त्र के रूप में प्रयोग किया जा सकता है।रूस यूक्रेन युद्ध लगभग 20 माह से जारी है।रूस के पास परमाणु हथियार हैं, किंतु यह हथियार दिखाने और अपनी शक्ति बताने के लिए है। दुनिया की बड़ी शक्ति होते भी 20 माह से युद्धरत रूस कुछ ज्यादा नही कर पा रहा।यूक्रेन के द्रोण रूस की मिजाइल पर भारी पड़ रहे हैं।

भारत में मुंबई पर आतंकी हमला हमने देखा हैं।दिल्ली में संसद पर हुए हमले के घाव हम भूले नहीं हैं। आंतकियों के खुराफाती दिमाग किस तरह घटना का अंजाम दें, कुछ कहा नही जा सकता।इन सब के लिए सिर्फ मजबूत रक्षा तंत्र बनाने की जरूरत है। अभी खालिस्तानी गुरपतवंत पन्नू ने धमकी दी है कि खालिस्तान के लिए भारत पर हमास जैसे हमले किये जाएंगे। पाकिस्तान के कुछ कट्टर मुल्ला धमकी दे रहे हैं कि वह इस्राइल से लड़ने के लिए हमास को परमाणु बम देंगे।

दुनिया के देश आधुनिक युद्धास्त्र बनाने में लगे हैं।परमाणु बम, हाइड्रोजन बम के आगे के विनाशक बम पर काम चल रहा है। सुपर सोनिक मिजाइल बन रही हैं, किंतु लगता है कि आधुनिक युद्ध इन सबसे अलग तरह के अस्त्र शस्त्रों के लड़ा जाएगा। अलग तरह के युद्ध होंगे। लगता है कि आने वाले युद्ध सीमा पर नहीं, शहरों में लड़े जाएगे।घरों में लड़े जाएगे। गली ‍‍‍‍झ मुहल्लों में लड़े जाएंगे ।अभी से हमें इसके लिए सोचना और तैयार होना होगा।

30अक्तूबर 2021 को पुणे इंटरनेशनल सेंटर द्वारा आयोजित ह्यपुणे डॉयलॉगह्न में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने कहा कि भविष्य में खतरनाक जैविक हथियार दुनिया के लिए गंभीर परिणाम साबित हो सकता है। दुनिया के लिए किसी भी जानलेवा वायरस को हथियार बनाकर इस्तेमाल करना गंभीर बात है। एनएसए डोभाल ने अपने बयान में कोरोना वायरस का उदाहरण देते हुए जैविक हथियारों का मुद्दा उठाया। ह्यआपदा एवं महामारी के युग में राष्ट्रीय सुरक्षा की तैयारियों ह्न पर बोलते हुए अजीत डोभाल ने कहा कि आपदा और महामारी का खतरा किसी सीमा के अंदर तक सीमित नहीं रहता और उससे अकेले नहीं निपटा जा सकता । इससे होने वाले नुकसान को घटाने की जरूरत है।


अभी तक पूरी दुनिया इस खतरे से जूझ रही है कि परमाणु बम किसी आंतकवादी संगठन के हाथ न लग जाए। उनके हाथ में जाने से इसे किस तरह रोका जाए? उधर आतंकवादी नए तरह के हथियार प्रयोग कर रहे हैं। शिक्षा बढ़ी है तो सबका सोच बढ़ा है। दुनिया के सुरक्षा संगठन समाज का सुरक्षित माहौल देने का प्रयास कर रहे हैं।आंतकवादी घटनाएं कैसे रोकी जांए, ये योजनाएं बना रहे हैं। आंतकवादी इनमें से निकलने के रास्ते खोज रहे हैं। वे नए नए हथियार बना रहे हैं। अमेरिका के वर्ल्ड ट्रेड सैंटर पर हमले से पहले कोई कल्पना भी नहीं कर सकता था कि विमान को भी घातक हथियार के रूप में प्रयोग किया जा सकता है। इसमें विमानों को बम की तरह इस्तेमाल किया गया।माचिस की तिल्ली आग जलाने के लिए काम आती है । बिजनौर में कुछ आंतकवादी इन माचिस की तिल्लियों का मसाला उतार कर उसे गैस के सिलेंडर में भर कर बम बनाते विस्फोट हो जाने से घायल हुए।

हम विज्ञान और कम्पूटर की ओर गए। हमारे युद्धास्त्र कम्प्यूटरीकृत हो रहे हैं।उधर शत्रु इस सिस्टम को हैक करने के उपाए खोज रहा है। लैसर बम बन रहे हैं। हो सकता है कि हैकर शस्त्रों के सिस्टम हैक करके उनका प्रयोग मानवता के विनाश के लिए कर बैठे। बनाने वालों के निर्देश छोड़ से बने बनाए शस्त्र हैकर के इशारे पर चलने लगें।

रोगों के निदान के लिए वैज्ञानिक रोगों के वायरस पर खोज रहे हैं। उनके टीके बना रहे हैं। दवा विकसित कर रहे हैं,तो कुछ वैज्ञानिक इस वायरस को शस्त्र के रूप में प्रयोग कर रहे हैं। साल 1763 में ब्रिटिश सेना ने अमेरिका पर चेचक के वायरस का इस्तेमाल हथियार की तरह किया ।1940 में जापान की वायुसेना ने चीन के एक क्षेत्र में बम के जरिये प्लेग फैलाया था। 1942 में जापान के 10 हजार सैनिक अपने ही जैविक हथियारों का शिकार हो गए थे। हाल ही के दिनों में आतंकी गतिविधियों के लिए जैविक हथियार के इस्तेमाल की बात सामने आई है।इससे हमें सचेत रहना होगा। सीमाओं की सुरक्षा के साथ इन जैविक शास्त्रों से निपटने के उपाए खोजने होंगे।

इस्राइल दूसरे विश्व युद्ध से संघर्ष झेल रहा है। इसने प्रत्येक परिस्थिति के लिए अपने को तैयार किया हुआ है।ढाला हुआ है।इस तरह के हमलों के लिए उसने प्रत्येक घर में बंकर बनाए हुए हैं।वहां का लगभग प्रत्येक व्यक्ति एंव महिला युद्ध के लिए हर समय तैयार रहते हैं।वहां सैन्य प्रशिक्षण आवश्यक है।

हमास के हमले का सबसे बड़ा सबक यह है कि दुनिया का कोई भी देश इस तरह के हमले नही रोक सकता।बस इस तरह के हमलों को रोकने की व्यवस्था कर सकता है। इस्राइल का सुरक्षा चक्र आइरन डोम पांच हजार मिजाइल के हमले के सामने कारगर नही रहा। हमारे पास रूस का बना एस 400 मिजाइलरोधी सिस्टम हैं। हमें सोचना होगा कि क्या यह इस तरह के भारी मिजाइल हमलों को रोकने में सक्षम है। या कोई अन्य सिस्टम चाहिए। हमें राष्ट्रीय आपदा या इस प्रकार के आतंकी हमले की हालत में अपना सहायता तंत्र विकसित करना होगा।उन्हें सभी प्रकार के हमलों या राष्ट्रीय आपदा के समय जनता की सुरक्षा, मदद, उपचार आदि देने के लिए तैयार करना होगा।



**अशोक मधुप**
**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

# जमाने में देखा है मैंने

अपनी तकदीर को पलट कर देखा मैने
हर जगह बस धोखा ही देखा मैने।
सामने तारीफों की झड़ी लगाने वालो के
दिल में नफरत का अंगार देखा है मैंने।

अक्सर गलती करने वाले
बच कर निकल जाते हैं।
दूसरों के जाल में नादानों को
फंसते देखा है मैंने।

जमीं से लेकर आसमान तक
जहां भी नजर दौड़ाई है।
सूरज से लेकर चांद तक को
काले बादलों से ढकते देखा है मैंने।

मैंने देखा है, सच को हाथ मलते हुए
मैंने देखा है,झूठ को बच कर निकलते हुए।
मैंने देखा है,दिन को चढ़ते हुए
मैंने देखा है,शाम को ढलते हुए।
पर एक दिन रात के अंधेरे के बाद
सुबह का सूरज आता है।
बेवजह दूसरे को तकलीफ देने वालों को
ईश्वर औंधे मुंह गिराता है।



**बिंदु**

# बेमौसम बरसात हो रही

गोवर्धन गिरधारी आओ, गोवर्धन धारी...
इंद्रदेव को आकर रोको,
गोवर्धन गिरि लेकर आओ,
इंद्र कोप से हमें बचाओ,
गोवर्धन गिरधारी आओ, गोवर्धन धारी...

शरद चंद्र की चंचल किरणें,
व्याप्त हो चुकी हैं जलथल में,
वारिस की ऋतु बीत चुकी है,
इस बरखा को रोकने आओ,
गोवर्धन गिरधारी आओ, गोवर्धन धारी...

नदियाँ नाले उफन रहे हैं,
ताल तलैया भरे हुए हैं,
कुएँ, पोखरे लबालब हैं,
फसल बुवाई आके कराओ,
गोवर्धन गिरधारी आओ, गोवर्धन धारी...

बेमौसम बरसात हो रही,
शीतकाल में ठंड बढ़ रही,
गरीब की रोजी बंद पड़ी है,
कृष्ण कन्हैया पाप मिटाओ,
गोवर्धन गिरधारी आओ, गोवर्धन धारी...

माना हमने पाप किये हैं,
धर्म कर्म भी हमने किए हैं,
उसी धर्म की रक्षा करने,
आदित्य बचाने तो आ जाओ,
गोवर्धन गिरधारी आओ, गोवर्धन धारी...

**कर्नल आदि शंकर मिश्र, आदित्य**
**लखनऊ**

# राम मनोहर लोहिया

**दैनिक समाज जागरण**

राम मनोहर लोहिया (जन्म- 23 मार्च, 1910, कस्बा अकबरपुर, फैजाबाद; मृत्यु- 12 अक्टूबर, 1967, नई दिल्ली) भारत के स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी, प्रखर चिन्तक तथा समाजवादी राजनेता थे। राम मनोहर लोहिया को भारत एक अजेय योद्धा और महान विचारक के रूप में देखता है। देश की राजनीति में स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान और स्वतंत्रता के बाद ऐसे कई नेता हुए जिन्होंने अपने दम पर शासन का रुख बदल दिया जिनमें एक थे राममनोहर लोहिया। अपनी प्रखर देशभक्ति और बेलौस तेजस्वी समाजवादी विचारों के कारण अपने समर्थकों के साथ ही डॉ. लोहिया ने अपने विरोधियों के मध्य भी अपार सम्मान हासिल किया। डॉ. लोहिया सहज परन्तु निडर अवधूत राजनीतिज्ञ थे। उनमें सन्त की सन्तता, फक्कड़पन, मस्ती, निर्लिप्तता और अपूर्व त्याग की भावना थी। डॉ. लोहिया मानव की स्थापना के पक्षधर समाजवादी थे। वे समाजवादी भी इस अर्थ में थे कि, समाज ही उनका कार्यक्षेत्र था और वे अपने कार्यक्षेत्र को जनमंगल की अनुभूतियों से महकाना चाहते थे। वे चाहते थे कि, व्यक्ति-व्यक्ति के बीच कोई भेद, कोई दुराव और कोई दीवार न रहे। सब जन समान हों। सब जन सबका मंगल चाहते हों। सबमें वे हों और उनमें सब हों। वे दार्शनिक व्यवहार के पक्ष में नहीं थे। उनकी दृष्टि में जन को यथार्थ और सत्य से परिचित कराया जाना चाहिए। प्रत्येक जन जाने की कौन उनका मित्र है? कौन शत्रु है? जनता को वे जनतंत्र का निर्णायक मानते थे।

### जीवन परिचय

राम मनोहर लोहिया का जन्म कृष्ण चैत्र तृतीया, 23 मार्च 1910 की प्रातः तमसा नदी के किनारे स्थित कस्बा अकबरपुर, फैजाबाद में हुआ था। उनके पिताजी श्री हीरालाल पेशे से अध्यापक व हृदय से सच्चे राष्ट्रभक्त थे। उनके पिताजी गाँधी जी के अनुयायी थे। जब वे गाँधी जी से मिलने जाते तो राम मनोहर को भी अपने साथ ले जाया करते थे। इसके कारण गाँधी जी के विराट व्यक्तित्व का उन पर गहरा असर हुआ। लोहिया जी अपने पिताजी के साथ 1918 में अहमदाबाद कांग्रेस अधिवेशन में पहली बार शामिल हुए।

### स्कूली शिक्षा

लोहिया जब पाँच वर्ष के हुए तो पास ही की टण्डन पाठशाला में उनका नाम लिखा दिया गया। चेतना की धारा को नया मोड़ मिला। नटखट लोहिया वानर सेना का नेतृत्व सम्भालने लगे। शैतानियाँ बढ़ने लगीं। धमाचौकड़ी-काल शुरू हुआ। कबड्डी खेलते, गुल्ली-डण्डा उड़ाते और दौड़ते-कूदते थे। वे बेहद चटुल और शरारती थे। शरीर दुर्बल, परन्तु मन से सुदृढ़ थे और बुद्धि से कुशाग्र थे।

तमसा पार स्थित विश्वेश्वरनाथ हाई स्कूल में लोहिया को पाँचवीं कक्षा में प्रवेश दिलाया गया। टण्डन पाठशाला की अपेक्षा यहाँ की दुनिया अधिक चमत्कार पूर्ण व आकर्षक थी। यहाँ उन्होंने अलगोजा बजाना सीखा था।

लोहिया को तीसरा स्कूल मिला- मारवाड़ी विद्यालय। डॉ. लोहिया शहरी परिवेश से अचानक जुड़ गए, क्योंकि बम्बई का मारवाड़ी स्कूल विश्वेश्वरनाथ हाईस्कूल से कई अर्थों में अति आधुनिक था और उसकी गणना अच्छे स्कूलों में की जाती थी। लोहिया शुरू से ही शरारती थे। इसके साथ ही वे प्रतिभा सम्पन्न तथा मेधावी भी थे। उसका फल यह हुआ कि वे



सदैव ही अध्यापकों के चहेते रहे। मारवाड़ी विद्यालय में उन्होंने वक्तृत्व कला का अच्छा परिचय दिया। वाद-विवाद में वे उत्कृष्ट वक्ता सिद्ध हुए। अंग्रेजी भाषा पर उनका खासा अधिकार हो चला था। वे अपने को मेधावी सिद्ध कर रहे थे तथा अपनी प्रतिभा से सबको आकृष्ट कर रहे थे।

### उच्च शिक्षा

बम्बई से लोहिया वाराणसी लौट आए। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में इण्टर का अध्ययन शुरू कर दिया। काशी उस समय राष्ट्रीय शिक्षा का गढ़ समझा जाता था। सन 1927 ई. में वहाँ से उन्होंने इण्टर की परीक्षा उत्तीर्ण की। इण्टर पास करने के बाद सन 1927 में लोहिया कलकत्ता आ गए। उन्होंने सेंट जेवियर्स तथा स्काटिश चर्च जैसे ख्यातिनामा महाविद्यालय को छोड़कर विद्यासागर महाविद्यालय में प्रवेश लिया था, जो उस समय "भेंड़ों की सराय" के नाम से जाना जाता था। लेकिन इस कॉलेज के प्राचार्य राष्ट्रीय विचारधारा से सम्बद्ध थे और लोहिया राष्ट्रीय विचारधारा के पूर्णतः समर्थक थे। लोहिया का अंग्रेजी भाषा पर खासा अधिकार था। मित्रों पर खर्च करने के वे बड़े शौकीन थे। इससे उन्हें आन्तारिक प्रसन्नता की अनुभूति प्राप्त होती थी और उनका चित्त संतोष प्राप्त करता था। दूसरी तरफ उनके इतिहास प्रेम की परिणति सिनेमा देखना, पुस्तकें खरीदना और उपन्यास पढ़ने में हो गई थी।

डॉ. लोहिया के मन में स्वतंत्र देश का स्वाभिमान जाग उठा था। वे शिक्षा प्राप्त करने की अपेक्षा सम्मान के प्रति ज्यादा सजग हो उठे थे। उनमें इसके साथ अपने देश को आजाद कराने की बात गहरे पैठती गई थी। वे देश की आजादी के प्रतिबद्ध हो चुके थे। इन्हीं कारणों से लोहिया बर्लिन के लिए रवाना हो गए। वहाँ उन्होंने बर्लिन के हुम्बोल्ट विश्वविद्यालय में प्रवेश ले लिया। विश्वविख्यात अर्थशास्त्री प्रोफेसर बर्नर जोम्बार्ट उसी विश्वविद्यालय में थे। लोहिया ने उनको ही अपना निर्देशक तथा परीक्षक चुना।

### मातृभाषा के प्रति प्रेम

लोहिया बर्लिन तो आ गए, परन्तु अभी बर्नर जोम्बार्ट के सामने साक्षात्कार हेतु प्रस्तुत होना शेष था। लोहिया बिना झिझक उनके सामने पहुँचे और प्रोफेसर जोम्बार्ट के प्रश्नों के उत्तर अंग्रेजी में देने लगे। कुछ देर प्रोफेसर मुस्कराए और जर्मन भाषा में बोले कि, ह्यउन्हें अंग्रेजी नहीं आती है।ह्न वाह रे, मातृभाषा प्रेम! वाह! लोहिया प्रोफेसर का अपनी मातृभाषा के प्रति ऐसा अनन्य प्रेम देखकर श्रद्धानत हो गए और उन्हें तीन माह बाद पुनः आने का आश्वासन देकर लौट पड़े। कहना ही होगा कि, यहीं से उनमें मातृभाषा प्रेम जोर पकड़ गया था और वे आजीवन मातृभाषा के हिमायती रहे।

लोहिया के सामने यह खुली चुनौती थी और उन्होंने तीन माह, रात-दिन जुटकर जर्मन भाषा में खासी सफलता प्राप्त कर ली। इसके साथ ही यह सुदृढ़ निश्चय भी हो गया कि ज्ञान तथा अभिव्यक्ति के लिए किसी खास भाषा का ज्ञान होना जरूरी नहीं होता। मातृभाषा को छोड़कर ज्ञान व अभिव्यक्ति का दूसरा सशक्त माध्यम कोई नहीं हो सकता। मातृभाषा और हिन्दी के प्रति उनमें अटूट श्रद्धा व विश्वास होने का यही कारण था। वे कलकत्ता में, अध्ययन करते हुए भी हिन्दी में बातचीत करना अधिक पसन्द करते थे। अधकचरी भाषा के फैशनपरस्त लोगों को वे खूब आड़े हाथों लेते थे। तीन माह बाद जब वे प्रोफेसर जोम्बार्ट से मिले, तब वे लोहिया के जर्मन भाषा-ज्ञान का परिचय पाकर मुग्ध हो गए और लोहिया धरती का नमक शीर्षक से शोध प्रबन्ध लिखने में जुट गए।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन.

**समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

औरंगाबाद( बिहार )- महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार के तहत जिला प्रशासन औरंगाबाद के तत्वावधान में बेटी बचाओ,बेटी पढ-ाओ योजनान्तर्गत अंन्तरर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं! इस अवसर पर समाहरणालय परिसर से बालिका साईकिल रैली का आयोजन किया गया! रैली को जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक महोदया ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किये! रैली समाहरणालय से प्रखंड परिसर होकर पुनः समाहरणालय परिसर में आकर संपन्न हुआ! इसी तरह प्रत्येक प्रखंड में इस तरह के साईकिल रैली का आयोजन किया गया! आयोजित कार्यक्रम की कडी में सभी कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय में का-ॅफी पर संवाद का आयोजन किया गया! कुटुम्बा कस्तूरबा विद्यालय में जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीड-ीएस, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा एवं जिला परियोजना प्रबंधक,महिला एवं बाल विकास निगम, औरंगाबाद द्वारा आवासित



बच्चियों के साथ कॉफी पर संवाद किया गया, इस दौरान बच्चियों ने अपने-अपने अनुभव शेयर की साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा, एवं अन्य विन्दुओं पर संवाद किया ।उपस्थित पदाधिकारियों ने अपने- अपने अनुभव शेयर किए तथा बच्चियों के सवालों का जबाव देते हुए उनके संशय को दुर किया और आवश्यक सुझाव दिए!

अंतरर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर आयोजित कार्यक्रम की कडी में सभी परियोजना द्वारा बेटी जन्मोत्सव का आयोजन किया गया ,इसके तहत नवजात कन्या शिशु के अभिभावक को बधाई संदेश कार्ड एवं बेबी किट देकर सम्मानित किया गया! इसी क्रम में चिन्हित बालिका विद्यालय में दंगल, चकदे इंडिया, मैरीकॉम एवं गुंजन सक्सेना जैसे फिल्म का प्रदर्शन किया गया!

बेटी बचाओ, बेटी पढाओ योजना के तहत यह कार्यक्रम दो दिन तक चलेगा, जिसमें 12 अक्टूबर को भाषण/पेंटिंग प्रतियोगिता , नुक्कड नाटक, एवं वृक्षारोपण जैसे कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा!

# अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर राजकीय कन्या +2 उच्च विद्यालय रामना गया की छात्राओं ने निकाली मिनी मैराथन रैली

**समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया( बिहार )- अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर गया जिला स्तर पर राजकीय कन्या +2 उच्च विद्यालय रमना गया की छात्र-ाओं के द्वारा मिनी मैराथन रैली निकाली गई . मिनी मैराथन विद्यालय प्राचार्य,सदर सीडीपीओ व सेंटर प्रश-ासक वन स्टॉप सेंटर के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया .इस अवसर पर जिला परियोजना प्रबंधक, महिला एवं बाल विकास निगम द्वारा छात्राओं के साथ संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत किशोरियों एवं महिला मुद्दों पर चर्चा की गई . जिसमे वन स्टॉप सेंटर 181, 1098 मुख्यमंत्री कन्या सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना एवं अन्य विभिन्न विभागों के महिला एवं किशोरियों से संबंधित योजनाओं का नाम शामिल है. कार्यक्रम के पश्चात



सभी विद्यालय की छात्राओं को चक दे इंडिया फिल्म का प्रदर्शन किया गया.प्रखंड स्तर पर सभी प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय रैली का आयोजन किया गया.परियोजना स्तर पर विभिन्न परियोजनाओं में कन्या प्रोत्साहन कार्यक्रम के अंतर्गत 2 माह तक के पूर्ण प्रतिरक्षित कन्या शिशु के माता पिता को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया.इस कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सदर, प्राचार्य +2 राजकीय कन्या उच्च विद्यालय रमना, ज़िला परियोजना प्रबंधक महिला एवं बाल विकास निगम, ज़िला मिशन समन्वयक (डी एच इ डब्लू) (डी एच इ डब्लू) केंद्र प्रशासक वन स्टॉप सेंटर, ज़िला समन्वयक( एन एन एम )ज़िला परियोजना सहायक (एन एन एम) एवं अन्य कार्यालय कर्मी की सहभागिता रही.

# आदर्श रा. म. वि. उपहारा एवं कन्या इंटर विद्यालय गोह में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस प्रभात फेरी के साथ मनाई गई।


**समाज जागरण कुमारी जिज्ञासा प्रखंड संवाददाता गोह**

औरंगाबाद (बिहार)अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बुधवार को दुनिया भर में बालिकाओं की हिस्सेदारी बढ़ाने एवं उसके सेहतमंद जीवन से लेकर शिक्षा और करियर के लिए मार्ग बनाने के उद्देश्य से 11 अक्टूबर को प्रखंड के विभिन्न संस्थानों पर बालिका दिवस धूमधाम से मनाई गई।गोह प्रखंड के उपहारा आदर्श राजकीय मध्य विद्यालय में मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष किरण कुमारी , दीप ज्योति कल्याण संस्थान के सोशल वर्कर जिज्ञासा कुमारी स्थानीय मुखिया चंद्रभूषण कुमार उर्फ गुड्डू ने कहा कि प्राचीन काल में महिलाओं का बहुत सामान किया जाता था। लेकिन समय के साथ उनकी स्थिति में काफी बदलाव आई है। लड़कियों के प्रति लोगों की सोच बदली है जैसे बाल विवाह , सती प्रथा , दहेज प्रथा कन्या भ्रूण हत्या आदि जैसी रूढ़िवादी प्रथा प्रचलित हो गई थी। इसके कारण लड़कियों को शिक्षा , पोषण , कानूनी अधिकार और चिकित्सा जैसे अधिकारों से वंचित किया जा रहा था। लेकिन अब इस आधुनिक युग में लड़कियों को उनके अधिकार दिलाने और लोगों को इसके प्रति जागरूक करने के लिए प्रयास किया जा रहा है। भारत सरकार ने भी लड़कियों को सशक्त बनाने के लिए कई योजनाएं लागू की है। नारी शक्ति वंदन के तहत महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर महिलाओं को सशक्त बनाया है। जिसके तहत " बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ,, उनमें से एक है। आज बालिका दिवस के अवसर पर आदर्श विद्यालय कि छात्राओं ने एक से बढ़कर एक कलाकारों ने पेंटिंग प्रदर्शनी कर लोगों को जागरूक किया है। तो वहीं स्कूल के प्रधानाध्यापक ब्रजेश त्रिपाठी ने कलाकार छात्राओं को मेडल व बुक देकर सम्मानित किया है। वहीं गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित सारवती प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक मिथिलेश प्रसाद सिंह ने प्रभात फेरी के साथ बालिकाओं को बालिका दिवस के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि लड़कियों के अधिकारों की बात करने वाली पहली घोषणा 19 दिसंबर 2011 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 11 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस प्रस्ताव को अपनाया था।जो कि 11 अक्टूबर 2012 को पहला बालिका दिवस मनाया गया।उस समय इसका विषय " बाल विवाह , को समाप्त करना था, और मुख्य रूप से लड़कियों के अधिकारों और कल्याण के बारे में जागरूकता को बढ़ाना है।दीप ज्योति कल्याण संस्थान के सोशल वर्कर जिज्ञासा कुमारी ने बालिकाओं को शपथ दिलाते हुए कहा कि कम उम्र में वि-वाह करना कानून जुर्म है।आस पास के लोगों को बाल विवाह के बारे में जानकारी देना है। साथ साथ पढ़ाई पर ध्यान विषेश रूप से देना है। सभी बच्चों को पढ़ लिखकर डॉक्टर , मास्टर , इंजीनियर, प्रोफेसर तथा वैज्ञानिक बनकर देश दुनिया का नाम रोशन करना है।बाल मजदूरी , बाल उत्पीड़न,बाल तस्करी, बाल विवाह, दहेज प्रथा आदि चीजों पर विशेष ध्यान देंने की आवश्यकता है। इस मौके पर शिक्षिका सीता देवी, गीता देवी, बेबी देवी, रीना कुमारी, सुनीता कुमारी,अनील कुमार, संगीत शिक्षक सरोज कुमार, अशोक प्रसाद सिंह, अरविंद कुमार सहित अन्य गणमान्य शिक्षक लोग मौजूद थे।

# दिल्ली में कई पत्रकारों के घरों पर छापेमारी तथा पत्रकारों को हिरासत में लेने के विरोध में भाकपा माले का प्रतिवाद मार्च.

**समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल।**

गया (बिहार) 11 अक्टूबर 2023:- दिल्ली में कई पत्रकारों के घरों पर छापेमारी और उन्हें हिरासत में लिए जाने की घटना को निंदा करते हुए विरोध में गया में भाकपा माले ने जिला परिषद भवन से जीबी रोड होते हुए टावर चौक तक प्रतिवाद मार्च निकाला. प्रतिवाद मार्च का नेतृत्व भाकपा माले जिला सचिव निरंजन कुमार, ऐपवा जिला सचिव रीता वर्णवाल, जिला कमेटी सदस्य तारिक अनवर, सुदामा राम, मो. शेरजहां व रामचंद्र प्रसाद कर रहे थे. उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए भाकपा माले के जिला सचिव निरंजन कुमार ने कहा कि माले कार्यकर्ता प्रेस की आजादी पर हमला नहीं सहेंगे, प्रेस/मीडिया की आजादी पुनर्बहाल करो, प्रेस की आजादी इंडेक्स में भारत का स्थान 161 वां क्यों - मोदी सरकार शर्म करो? अमित चक्रवर्ती और प्रवीर पुरकायस्था को रिहा करो, अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला नहीं सहेंगे, पत्रकारों पर से यूएपीए सहित सभी फर्जी मुकदमे वापस लो व फासीवादी हमले के खिलाफ व्यापक एकता कायम करो . नारे लगा रहे थे.जिला सचिव निरंजन कुमार ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा स्वतंत्र ,निष्पक्ष, एवं निर्भीक पत्र-ाकारिता करने वाले पत्रकारों पर हमला जारी है. जिन पत्रकारों के घरों



पर दिल्ली पुलिस द्वारा छापा मारा गया है, वे दशकों से निष्पक्ष पत्र-ाकारिता के लिए जाने जाते हैं .और हमेशा से ही सत्ता को आईना दिखाने का काम करते रहे हैं.ऐसे पत्रकारों पर छापेमारी करके केन्द्रीय गृह मंत्रालय के अधीन काम करने वाली दिल्ली पुलिस न केवल इन पत्रकारों को जनसरोकारों के पक्ष में खड़े रहने के लिए धमकाने की कोशिश कर रही है ,बल्कि वह, इनसे इतर भी जो पत्रकार जनसरोकारों से जुड़े हैं, उन्हें भी भयाक्रांत करने की कोशिश कर रही है. इससे साफ है कि केंद्र की मोदी सरकार देश में केवल अपना गुणगान करने वाला चारण मीडिया चाहता है, जिसे लोकप्रिय तौर पर गोदी मीडिया कहा जा रहा है.वहीं पार्टी नगर प्रभारी तारिक अनवर ने कहा कि केंद्र सरकार की इस कार्यवाही के बाद दुनिया भर में प्रेस स्वतंत्रता के मामले में देश की साख और रसातल को जाएगी. हम तत्काल मीडिया की स्वतंत्रता पर हमले की इस कार्यवाही को रोके जाने की मांग करते हैं.मोदी सरकार को मीडिया का शिकार करने के बजाय अपने गिरेबान में झांकना चाहिए और इस मुल्क में बीते साढ़े नौ साल से बरपाई गयी तबाही के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए.कार्यक्रम में राम लखन प्रसाद, शंभू राम, सिद्धनाथ सिंह, बरती चौधरी, मोलू कांत, सोना देवी, बबिता देवी, रीता देवी समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे .

# पितृपक्ष में शब्दाक्षर बिहार के तत्वधान में ब्राह्मणी घाट पर निःशुल्क चाय सेवा व काव्यगोष्ठी का किया गया आयोजन

**समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया( बिहार )- राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था शब्दाक्षर की बिहार प्रदेश इकाई द्वारा शब्दाक्षर बिहार प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार मिश्र पद्मनाभ एवं शब्दाक्षर की राष्ट्रीय प्रवक्ता-सह-शब्दाक्षर बिहार की प्रदेश साहित्य मंत्री डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी के संयुक्त समन्वयन एवं संयोजन में फल्गु तट पर अवस्थित ब्राह्मणी घाट पर पितृपक्ष मेला महासंगम में पधारे तीर्थयात्रियों के सेवार्थ एकदिवसीय निःशुल्क चाय सेवा शिविर लगाया गया. श्री पद्मनाभ एवं डॉ रश्मि के नेतृत्व में शब्दाक्षर के सभी पदाधिकारियों ने तीर्थयात्रियों को निःशुल्क चाय व शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाया. साथ ही, इस अवसर पर पितृपक्ष के मद्देनजर शब्दाक्षर काव्यगोष्ठी का भी आयोजन किया गया.काव्यगोष्ठी में शब्दाक्षर की राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ रश्मि प्रियदर्शनी, प्रदेश अध्यक्ष मनोज मिश्र 'पद्मनाभ', शब्दाक्षर जहानाबाद की जिलाध्यक्ष सावित्री सुमन, शब्दाक्षर जहानाबाद के उपाध्यक्ष महेश कुमार मिश्र मधुकर, शब्दाक्षर गया के सदस्य प्यारचन्द कुमार मोहन, शब्दाक्षर जहानाबाद की नवनियुक्त जिला साहित्य मंत्री सुप्रिया गुप्ता व आमंत्रित अन्य कवि-कवयित्रियों ने काव्य पाठ किया। डॉ रश्मि ने अपनी स्वरचित कविता "धन्य फल्गु की धार, धन्य है गयाधाम की धरा महान। धन्य विष्णुपद, धन्य पूर्वजों के प्रति श्रद्धामय सम्मान. धन्य कामना मोक्ष-प्राप्ति की, धन्य आत्मउन्नति हित ज्ञान.धन्य महालय पक्ष, धन्य याचक को दिया गया शुभ दान.धन्य महासंगम विराट, सत्कर्मों का यह




शुचि मेला.धन्य-धन्य, है धन्य-धन्य, यह पितृपक्ष की शुभ वेला" द्वारा अंतःसलिला फल्गु एवं मोक्षभूमि गयाजी की धरती पर आयोजित पितृपक्ष मेला महासंगम के प्रति अपनी श्रद्धाभावनाएँ निवेदित कीं.पी. के. मोहन ने "पितृपक्ष की वेला में हम फल्गु तट पर आये हैं, तीर्थयात्रियों की सेवा में पलकें यहाँ बिछाये हैं" पंक्तियाँ पढ़ीं. महेश मधुकर की कविता "हे राम कृष्ण, एक बार तुम्हें भारत में आना ही होगा" पर खूब वाहवाहियां लगीं.मनोज मिश्र पद्मनाभ ने देश के कर्मठ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सम्मान में "मेरे जागने की वजह तुम हो, मैं तो सो रहा था गहरी नींद में" पंक्तियाँ पढीं. श्रोताओं ने सावित्री सुमन की "दोनों हाथों को जोड़कर आलिंगन करो उसका जरा और देखो तेरे साथ जमीं पर नीचे आकाश बैठा होगा" को भी खूब सराहा.सुप्रिया गुप्ता ने "हरी भरी धरती को देखकर चांद हो गया मोहित" पंक्तियाँ पढीं.काव्य गोष्ठी के उपरांत शब्दाक्षर पदाधिकारियों ने फल्गु तट पर नवनिर्मित रबर डैम का भी परिभ्रमण किया तथा प्राकृतिक सुषमा एवं पितृपक्ष मेला महासंगम का दर्शन किया.

शब्दाक्षर परिवार ने गया के सम्मानित साहित्यकार स्वर्गीय गोवर्धन प्रसाद सदय को उनकी जयंती पर स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि दी.कार्यक्रम का समापन पावन शांति पाठ से हुआ.मौके पर शब्दाक्षर झारखंड प्रदेश प्रचार मंत्री अश्विनी कुमार, पंकज मिश्र आदि की भी उपस्थिति रही.कार्यक्रम के सफल आयोजन पर शब्दाक्षर के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह ने हर्ष जताया तथा शब्दाक्षर बिहार प्रदेश को शुभकामनाएं दीं.

# जन संवाद कार्यक्रम में डीएम ने दी योजनाओं की जानकारी

**समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 11 अक्टूबर 2023 :- कुटुंबा प्रखंड के ग्राम पंचायत रिसियप में बुधवार को जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, पुलिस अधीक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम, डीडीसी अभ्येन्द्र मोहन, जिला परिषद सदस्य किरण देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि जन संवाद कार्यक्रम में हम लोग एक दूसरे की बात सुनेंगे। यह आपसी समन्वय, सौहार्द्र एवं शांति व्यवस्था बनाने का भी कार्यक्रम है। सरकार द्वारा बहुत सारी योजनाएं चलाई गई। वह धरातल पर कितनी उतरी है, क्या खामियां रह गई और कैसे उसे बेहतर बनाया जा सकता है इसी के सुझाव के लिए हम लोग एकत्रित हुए हैं। विगत वर्षों में सरकार द्वारा संचालित बहुत सारी जन कल्याणकारी योजनाएं दुर-दराज के क्षेत्रों में दलित एवं वंचित समाज के पास अभी भी नहीं पहुंच पाई है। शिक्षा के विकास के लिए बड़े पैमाने पर शिक्षकों की बहाली की गई। सड़कों के क्षेत्र में बहुत प्रगति हुई है। अब हम लोग कहीं भी चंद घंटे में पहुंच जाते। वैकल्पिक मार्ग बन गए हैं जाम की स्थिति में हम लोग दूसरे मार्ग से भी आ जा सकते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में पानी बिजली आदि



सुविधाएं मिल रही है। नल जल योजना में मरम्मती के लिए टोल फ्री नंबर का उपयोग करें। टोल फ्री नंबर पर कॉल करते ही मुख्यालय पटना मुख्यालय को खबर चली जाएगी जहां से आपकी समस्याओं का त्वरित निपटारण किया जा सकता है। किसी अधिकारी द्वारा काम को लटकाने का प्रयास किया जाता है तो उस अधिकारी से दंड के रूप में राशि वसूल की जाएगी। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी जन समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा प्राधिकारी संग्राम सिंह, जिला अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री नीलम मिश्रा, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (जीविका) पवन कुमार, जीविका जिला इकाई से अनवर हुसैन, बीपीएम विनय कुमार, क्षेत्रीय समन्वयक (जीविका) कपिल देव प्रसाद, राम आशीष कुमार, जिला परिषद उपाध्यक्ष रामेश्वर बैठा, जिला परिषद सदस्य किरण सिंह , प्रखंड प्रमुख धर्मेंद्र कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार अंचल अधिकारी अभय कुमार, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी यदुवंश यादव , लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान बीसी दिनेश कुमार,मुखिया रेखा देवी, रविंद्र यादव, श्याम बिहारी राय, सरून पासवान, गुलाम सरवर, स्वच्छता पर्यवेक्षक भरत सिंह, कुंदन कुमार, विकास कुमार समेत सैकड़ों जीविका दीदी एवं हजारों जनता उपस्थित थे।

# अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर छात्राओं को बीडीओ ने किया सम्मानित।

**समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद ( बिहार)दाउदनगर प्रखंड के सिंदुआर पंचायत स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ योगेंद्र पासवान एवं विद्यालय के संचालक सह प्रचार्य प्रदीप कुमार ने किया ।छात्राओं द्वारा अतिथियों पर स्वागत में स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। छात्रों के बीच भाषण प्रतियोगिता एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया । सफल होने वाली छात्राओं में सुरुचि कुमारी दिव्यांग छात्र ने सांकेतिक भाषा में भाषण के माध्यम से बेहतर प्रदर्शन किया।दोनों प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्र को बीडीओ



योगेंद्र पासवान एवं प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार ने प्रशस्ति पत्र एवं मैडल देकर सम्मानित किया किया। वक्त-ाओं ने कहा कि प्रत्येक वर्ष अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है ।इसके माध्यम से छात्राओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया जाता है। नवरत्न चक उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्रीनिवास मंडल ने भी महिलाओं एवं छात्रों को जागरूक करने पर बल दिया दिया। वार्डन कुमारी सुनीता, शिक्षिका सरिता कुमारी ,रेणु कुमारी ,भावना कुमारी ,अकाउंटेंट शैलेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

# अमृत महोत्सव के तहत शहिदों के याद में मिट्टी को किया गया संग्रह

**समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद ( बिहार)दाउदनगर औरंगाबाद नेहरू युवा केंद्र एवं सीआरपीएफ 47 में बटालियन के संयुक्त तत्वावधान में आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम के तहत नगर परिषद कार्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उद्घाटन सीआरपीएफ 47वीं वाहिनी के सहायक कमांडेंट प्रदीप कुमार एंव पार्षदो ने दीप प्रज्वलित कर किया। बताया गया कि सीआरपीएफ 47वीं वाहिनी के कमांडेंट जिआऊ सिंह के दिशा निर्देश के अनुसार यह कार्यक्रम आयोजित किया गया ।इस कार्यक्रम में नगर परिषद के विभिन्न वार्डों से संग्रहित की गई मिट्टी को एक साथ मिलाया गया। सहायक कमांडेंट ने कहा कि मिट्टी को मिश्रित कर एक कलश में भरकर दिल्ली में बनाई गई अमृत वाटिका के लिए भेजा जाएगा। वहां लगाए जा रहे पौधे के जड़ों में इस मिट्टी को डाला जाएगा ।जब हम अमृत वाटिका में जाएंगे तो वहां अपनी मिट्टी की खुशबू महसूस करेंगे। मौके पर सीआरपीएफ के इंस्पेक्टर बी आर सारण, एनवाईसी नीतू कुमारी , मंगल कुमार के अलावे मुख्य पार्षद प्रतिनिधि गणेश तांती,केदार नाथ सिंह, प्रशांत कुमार,दिनेश कुमार, बसंत कुमार, सत्येंद्र कुमार, अमित कुमार,राधा रमण पुरी , सियाराम सिंह आदि उपस्थित थे।

# ई-रिक्शा की टक्कर से विजयनगर मोहल्ले का एक बच्चा जख्मी, सदर अस्पताल में हुआ उपचार

**समाज जागरण सुमित कुमार**

बांका (बिहार) ई-रिक्शा की टक्कर से विजयनगर मोहल्ला का एक बच्चा गंभीर रूप से जख्मी हो गया, जख्मी बच्चे को परिजनों के द्वारा बांका सदर अस्पताल में भर्ती किया, जहां प्राथमिक उपचार किया गया, मिली जानकारी के अनुसार



विजयनगर मोहल्ला निवासी बाल किशोर शाह का पुत्र आदित्य कुमार सदर अस्पताल से ई-रिक्शा से घर आ रहा था, घर के पास वह ई रिक्शा उतर ही रहा था की, इस दौरान दूसरे ई रिक्शा ने आदित्य को टक्कर मार दिया, जिसमें वह गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गया!

# अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 11 अक्टूबर 2023 :- प्रबंधन निदेशक महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार पटना के निदेर्शानुसार कन्या उच्च विद्यालय अम्बा में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। इस अवसर पर साइकल रैली, नगर भ्रमण, कॉफी पर संवाद, क्विज प्रतियोगिता और मिनी मैराथन का आयोजन किया गया। बालिकाओं में अधिकार के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें



विद्यालय की छात्राएं एक विशेष यूनिफॉर्म में अम्बा बाजार परिसर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए प्रखण्ड मुख्यालय पहुंची।

मिनी मैराथन, प्रभात फेरी और साइकिल रैली का आयोजन शारीरिक शिक्षक रंजय कुमार के नेतृत्व में किया गया। उक्त कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक कुंदन कुमार ने हरी झंडी दिखाकर किया। शिक्षक संजय कुमार और नंदु कुमार के नेतृत्व में क्विज प्रतियोगिता और कॉफी पर संवाद का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। क्विज प्रतियोगिता में वर्ग दशम् की छात्रा चंचला कुमारी प्रथम, वर्ग नवम् की छात्रा सोनम कुमारी द्वितीय और दशम् की छात्रा नेहा कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मिनी मैराथन में छात्रा शिवानी, विनीता और अंजली क्रमशः प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी चयनित प्रतिभागियों को विद्यालय प्रबंधन के द्वारा मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इधर विद्यालय में सभी छात्राओं ने स्मार्ट टीवी पर प्रेरणाप्रद फिल्म चक दे इन्डिया और दंगल का भरपूर लुफ्त उठाया। प्रभारी प्रधानाध्यापक ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया। विद्यालय की शिक्षिका अमृता सिंह, विमला कुमारी एवं सुनीता कुमारी,अतिरिक्त संगीत शिक्षक वेद प्रकाश तिवारी, कार्यालय सहायक वेद प्रकाश कुमार, अरुण कुमार,लाइब्रेरियन संगीता कुमारी, शिक्षिका कुमारी वर्षा,सहदेव कुमार आदि ने पूरे कार्यक्रम में भरपूर सहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# दुर्गा पूजा के अवसर पर जनप्रतिनिधियों के साथ थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित कि गई

**दैनिक समाज जागरण कुमारी जिज्ञासा प्रखंड संवाददाता गोह**

औरंगाबाद (बिहार)दशहरा पर्व को लेकर गोह प्रखंड के उपहारा व देवकुंड थाना परिसर में बुधवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपहारा थानाध्यक्ष किरण कुमारी व देवकुंड थानाध्यक्ष शिशुपाल कुमार ने अपने-अपने थाना परिसर में किया। इस मौके पर पूजा समिति



के सदस्यों को तथा शांति समिति के बैठक में आए जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोगों को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष ने कहा कि दशहरा पूजा में डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। शरारती तत्वों को किसी हाल में बक्सा नहीं जाएगा। साथ ही लोगों से शांतिपूर्वक दुर्गा पूजा मनाने की अपील की। इस मौके पर एस आई महेन्द्र तिवारी ,एस आई अजय कुमार सिंह,एस आई प्रभु शंकर सिंह, मुखिया चंद्रभूषण कुमार उर्फ गुड्डू शर्मा, बबन उपाध्याय, मुन्ना सिंह, विनय कुमार सिंह,लखन पासवान, पैक्स अध्यक्ष रौतम कुमार , अजीत चंद्र-वंशी,एकराम अहमद, श्रवण कुमार,अजय नारायण शर्मा सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# बुनियाद केंद्र हसपुरा में मेधावी बच्चे हुए सम्मानित

**दैनिक समाज जागरण**
**प्रेम कुमार, प्रखंड संवाददाता, हसपुरा**

औरंगाबाद(बिहार)

प्रखंड में वृद्धजन दिवस के उपलक्ष में मिडिल स्कूल जलपुरा में बुनियाद केंद्र हसपुरा की ओर से प्रतियोगिता का किया गया था। जिसमें मेधावी विद्यार्थियों को बुनियाद केंद्र हसपुरा में बुधवार को सम्मानित किया गया। दिवस का आयोजन किया गया जिसमें बुनियादी केंद्र हसपुरा में सम्मानित किया गया। लेखन



प्रतियोगिता में प्रथम संतोष कुमार राजकीय कन्या मध्य विद्यालय हसपुरा , स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्वाति कुमारी मध्य विद्यालय जलपुरा पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम मोजमिल अंसारी राजकीय उर्दू मध्य विद्यालय अमझर शरीफ के बेहतर करने पर प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इन सभी बच्चों को वरिष्ठ नागरिक संघ के द्वारा सम्मानित किया गया । सम्मानित करते हुए वरिष्ठ नागरिक विद्यानंद सिंह, हृदयानंद सिंह ने कहा प्रतिभागियों में उत्साह देखा गया। उन्होंने कहा आज सभी परीक्षाएं प्रतियोगी हो गया है। इसके लिए बच्चों को मेहनत करना होगा। बुनियाद केंद्र की ओर से वरिष्ठ नागरिकों को प्रबंधक नवीन कुमार ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। प्रभा शंकर त्रिपाठी ,ज्ञानेंद्र कुमार ज्ञानू, शिक्षक सत्यजीत प्रसाद, सत्येंद्र कुमार, धर्मवीर कुमार ने ऐसे आयोजन के लिए प्रबंधक के प्रति आभार जताया।

# ओबरा पुलिस ने हत्या के आरोपित को किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)ओबरा थाना की पुलिस ने रतवार टोले के भुंईया बिगहा गांव से हत्या के एक मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है ।गिरफ्तार आरोपित अखिलेश पास-ावान रतवार टोले भुंईया बिगहा का निवासी है। दाउदनगर अनुमंडल एस-ाडीपीओ कुमार ऋषिराज ने बताया कि मारपीट की घटना में सोनू कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गया था,जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई




थी ।इस संबंध में मृतक के भाई रतवार निवासी शंभू मेहता द्वारा एक प्राथमिकी संख्या 05/22 ओबरा थाना में दर्ज कराई गई थी, जिसमें रतवार टोले भुंईया बिगहा निवासी व्यास पासवान, अखिलेश पासवान व औरंगाबाद नगर थाना क्षेत्र के धर्मपुर निवासी छोटू कुमार को नामजद आरोपित बनाया गया था ।अनुसंधान के क्रम में कांड के प्राथमिकी आरोपित अखिलेश पासवान को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

# चुनौती : गलगलिया-भद्रपुर इंडो-नेपाल सीमा से हो रही मादक पदार्थों की तस्करी

- साइकिल के आयरन सीट स्टैंड के अंदर छिपाकर रखी गई 14.150 ग्राम संदिग्ध ब्राउन सुगर बरामद
- झापा जिला पुलिस लगातार कर रही कारवाई





**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

गलगलिया(किशनगंज) । जिला पुलिस झापा(नेपाल) इंडो-नेपाल सीमावर्ती इलाके में नशे के सौदागरों के खिलाफ लगातार कार्रवाई करती नजर आ रही है। ड्रग्स कारोबारियों के चंगुल में फंसे सीमावर्ती युवाओं को बाहर निकालकर झापा पुलिस नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु कटिबद्ध है ।

इसी क्रम में झापा जिला पुलिस ने इंडो-नेपाल सीमा के गलगलिया-भद्रपुर नाका पर संदिग्ध ब्राउन सुगर के साथ चार लोगों को हिरासत में लिया है । हिरासत में लिए गए अभियुक्तों के नाम 19 वर्षीय निसान लिम्बु, 24 वर्षीय रिवज रनपहेली, 21 वर्षीय विवेक फियाक लिम्बु उर्फ रुसबीन लिम्बु एवं बिक्रम लिम्बु उर्फ निश्चल बताया गया है । उक्त चारो अभियुक्त झापा जिला के निवासी बताये गए हैं ।

झापा जिला डी एस पी खगेन्द्र प्रसाद रिजाल ने बताया कि उक्त कारवाई नियमित जांच के दौरान नेपाल की झापा जिला की मेची पार प्रहरी चौकी पुलिस व सशस्त्र प्रहर बल द्वारा संयुक्त रूप से की गई । भद्रपुर-गलगलिया सीमा पर स्थित मेची झुलंगा पुल होकर भारत से भद्रपुर(नेपाल) आ रहे दो साईकल सवार को रोककर पूछताछ करने के क्रम में ऐसा प्रतीत हुआ कि उक्त दोनों युवक नशीली दवाओं का सेवन किया हुआ है ।इसी दौरान 21 वर्षीय एक युवक विवेक फियाक लिम्बु उर्फ रुसबीन लिम्बु भी वहाँ पहुँचा । शक होने पर तलाशी ली गई । तलाशी के दौरान साइकिल के आयरन सीट स्टैंड के अंदर छिपाकर रखी गई 14 ग्राम 150 मिलीग्राम संदिग्ध ब्राउन सुगर बरामद की गई । मद्देनजर उक्त साईकल को जब्त करते हुए उक्त तीनों को हिरासत में ले लिया गया । आगे पूछताछ के दौरान इस योजना में शामिल एक अन्य युवक बिक्रम लिम्बु उर्फ निश्चल को भी हिरासत में लिया गया । हिरासत में लिए गए चारो युवकों को फिलहाल जिला पुलिस कार्यालय झापा में रखा गया एवं झापा जिला पुलिस अग्रिम कारवाई में व्यस्त है । वहीं झापा जिला डी एस पी खगेन्द्र प्रसाद रिजाल ने कहा कि किसी भी कीमत पर इस सीमावर्ती इलाके को नशामुक्त बनाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं ।इसमें स्थानीय लोगों का सहयोग भी अपेक्षित है । बिना स्थानियों के सहयोग नशा मुक्त समाज की कल्पना संभव नहीं है।

# स्कूली छात्राओं ने साईकल रैली के मार्फत समाज को किया जागरूक।

- *अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर रैली और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित।*

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता, ठाकुरगंज (किशनगंज)**

"हम बेटियां भी बेटों से कम नहीं" और "बगैर भेदभाव के बेटियों को भी मिले शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार" आदि नारों से गांव-समाज गुंजायमान रहा। अंतरर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोथरा के छात्राओं ने साईकल रैली निकाली। इस आयोजन के द्वारा विद्यालय के पोषक क्षेत्रों के अभिभावकों को बेटियों के प्रति अपनी नयी सोच विकसित करने हेतु प्रेरित करने का प्रयास किया गया।



साईकल रैली के बाद विद्यालय परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम में छात्राओं ने बेटियों से सम्बंधित लोकप्रिय गायन आधारित नृत्य प्रस्तुत किया। साईकल रैली में शामिल बालिकाओं को एक-एक कलम भेंट कर उन्हें अपने-अपने अधिकारों के रक्षा हेतु प्रोत्साहित किया गया । इस मौके पर विद्यालय की शिक्षिका द्वय रिजवी साजेदा बेगम और मोनिका कुमारी को एक-एक डायरी और कलम भेंट कर सम्मानित किया गया।

क्यों मनाया जाता है यह दिवस :- यह दिन विश्व में बालिकाओं की हिस्सेदारी बढ़ाने, लड़कियों की शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य, करियर के लिए मार्ग उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हर साल 11 अक्तूबर को मनाया जाता है। बालिका दिवस के मौके पर दुनियाभर की महिलाओं को उनके अधिकार और महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूक किया जाता है।

क्या है वर्ष 2023 का थीम :- लड़कियों के अधिकारों में निवेश करें झ हमारा नेतृत्व, हमारा कल्याण ।

क्या है इस दिवस की पृष्ठभूमि :- अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने की शुरूआत एक एनजीओ यानी गैर सरकारी संगठन ह्यप्लान इंटरनेशनलह्ण के प्रोजेक्ट के रूप में की गई थी। इस संगठन ने ह्यक्योंकि मैं एक लड़की हूंह्ण नाम से एक अभियान की भी शुरूआत की थी। इस अभियान के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विस्तार के लिए कनाडा सरकार से संपर्क किया गया। कनाडा सरकार ने 55वें आम सभा में इस प्रस्ताव को रखा और 19 दिसंबर, 2011 को संयुक्त राष्ट्र ने इस प्रस्ताव को पारित किया। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के लिए 11 अक्टूबर की तारीख तय की गई और 2012 से हर साल यह मनाया जाने लगा।

छात्राओं के साईकल रैली में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकायें भी शामिल रहे। रैली के क्रम में शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा पोषक क्षेत्रों के अभिभावकों को इस दिवस के महत्ता से अवगत कराया गया तथा उनसभी से अपने-अपने बेटियों को बेहतर शिक्षा दिलाने का अनुरोध किया गया।

# बालिका दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट बालिकाओं को सम्मानित “अभिनन्दन समारोह” का किया गया आयोजन



**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक मे जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, किशनगंज मदन किशोर कौशिक की अध्यक्षता में 11 अक्टूबर को बालिका दिवस के अवसर पर खेल , शिक्षा एवं चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली बालिकाओं को सम्मानित करने हेतु ह्लअभिनन्दन समारोहह्व का आयोजन किया गया।उक्त समारोह में खेल के क्षेत्र से दिव्यांशा रंजन, मेघना कश्यप, क्रिशिता कुमारी, श्वेता कुमारी एवं धान्वी कर्मकार, चिकित्सा के क्षेत्र से सोनम कुमारी, वर्षा रानी एवं ज्योति कुमारी तथा शिक्षा के क्षेत्र में तराना परवीन एवं नाजिश बेगम अर्थात उपरोक्त कुल 10 बालिकाओं को मदन किशोर कौशिक, जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष महोदय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, किशनगंज एवं ओम शंकर, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, किशनगंज द्वारा संयुक्त रूप से प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# बदलते मौसम में नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य पर रखें विशेष ध्यान

*-मौसम में बदलाव के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है असर*

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

किशनगंज, 11 अक्टूबर। बदलते मौसम में विशेषकर नवजात शिशुओं पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। क्योंकि नवजात शिशु शरीर का तापमान अच्छे ढंग से नियंत्रित नहीं कर पाते और उन्हें बहुत जल्दी सर्दी या गर्मी लग सकती है। इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर ने बताया कि बदलते मौसम में शिशुओं की ज्यादा देखभाल की जरूरत होती है। ध्यान रखें कि चाहे कोई भी मौसम हो जरूरी है कि आप सोते समय शिशु के शरीर का तापमान न बढ़ने दें। दिन में तेज धूप और रात को पड़ रही ठंड लोगों की सेहत पर बुरा असर डाल रही है। मौसम को लेकर लापरवाही बरतने वाले लोग बीमार पड़ रहे हैं। सबसे ज्यादा दिक्कत बच्चों को हो रही है। इससे खांसी- जुकाम और बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। अक्टूबर माह खत्म होने को है और ठंड दस्तक देने लगी है। दिन के समय थोड़ी गर्मी रहती तो रात को मौसम ठंडा हो जाता है। ऐसे में खानपान और रहन-सहन में जरा सी लापरवाही लोगों को बीमार कर रही है। इन दिनों सर्दी, जुकाम, बुखार, बदन दर्द, सिर दर्द, आंखों में जलन, पेट दर्द जैसी बीमारियां लोगों को अपनी चपेट में ले रही हैं। सदर अस्पताल में आने वाले अधिकांश मरीज खांसी, जुकाम और बुखार से पीड़ित हैं। उन्होंने लोगों को सतर्कता



बरतने की सलाह दी है।

जिन लोगों को सर्दी, जुकाम, बुखार जैसी बीमारियां जल्दी होती उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता होती है कमजोर-

सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर कहते हैं कि जिन लोगों को सर्दी, जुकाम, बुखार जैसी बीमारियां जल्दी होती हैं, उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती। रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने के लिए दिन में एक या दो बार ग्रीन या ब्लैक टी का सेवन किया जा सकता है। इसके अलावा विटामिन डी और सी युक्त पदार्थ जैसे नींबू और आंवले का सेवन करें। मौसम में परिवर्तन का सबसे ज्यादा प्रभाव छोटे बच्चों पर पड़ता है। बदलते मौसम में उचित देखभाल में कमी होने से वे जल्दी खांसी- जुकाम की चपेट में आ जाते हैं। इसलिए बच्चों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

### क्या करें

*-शिशुओं को ज्यादा से ज्यादा स्तनपान कराएं*
*-बच्चों को पानी उबालकर या फिल्टर कर देना चाहिए।*
*-छोटे बच्चों के गीले कपड़े समय पर बदलते रहने चाहिए*
*-बच्चों को पंखे या कूलर के नीचे न सुलाएं।*
*-अभी बच्चों को पतला चादर जरूर ओढ़ाएं।*

### क्या न करें

*-बच्चों के साथ बड़े भी ठंडे पेय पदार्थों का सेवन न करें।*
*-ज्यादा तैलीय चीजों को खाने से परहेज करें।*
*-धूप से आने के बाद तुरंत पंखे के नीचे न बैठें।*
*-रात में पंखे या एसी का भी प्रयोग न करें।*

# शिव मंदिर के प्रांगण में आवश्यक गोष्ठी का किया गया आयोजन

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



अखिल विश्व गायत्री परिवार केंद्र शांतिकुंज हरिद्वार से शक्ति कलश लेकर आदरणीय भाई धर्मनाथ धर्मनाथ झा शक्ति पीठ सोहंदर हाट अररिया पहुंचने के बाद परिजनों सहित 11 अक्टूबर बुधवार को किशनगंज जिला अंतर्गत कोचाधामन प्रखंड के आदर्श ग्राम मोहन मारी शिव मंदिर के पावन प्रांगण में आवश्यक गोष्ठी का आयोजन किया गया। सोहंदर अररिया से आए आदरणीय परिजन धर्मनाथ झा सहित सबों का रौली मौली एवं मंत्र चादर प्रदान कर स्वागत किया गया।सभी उपस्थित परिजनों ने सहयोग का पूर्ण आश्वासन दिया।कोचाधामन समन्वय समिति के संयोजक पंचानन्द सिंह ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कार्यक्रम शांतिकुंज का है।इसलिए हम सबों का दायित्व है कि तन मन और अंशदान लगाकर महान कार्य को संपन्न करने में सहयोग करेंगे।वरिष्ठ प्रज्ञा पत्र श्यामानंद झा राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित ने उपस्थित सभी परिजनों को धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा आज तक शांतिकुंज से लेकर क्षेत्रीय सभी कार्यक्रमों में यहां का योगदान बढ़-चढ़कर होता आया है और आगे भी होता रहेगा ऐसा हमें पूर्ण विश्वास है। उपस्थित सभी परिजन भाई बहनों ने जोरदार ताली से स्वागत किया। अपेक्षित सहयोगी के रूप में पंचानंद सिंह, विष्णु प्रसाद सिंह, हेमचरण सिंह, अधिवक्ता कमलेश कुमार, रेनू, निकिता, गौरी देवी, रघुनाथ, ब्रह्मदेव यादव, चंद्र मोहन सिंह, वहेला देवी आदि का सहयोग अपेक्षित रहा।शांति पाठ के साथ गोष्टी समाप्त की गई।

# ठाकुरगंज विधायक सऊद आलम ने 3 सड़क व कलभर्ट निर्माण कार्य का किया शिलायान्स

**समाज जागरण विशेष संवाददाता पूर्णियां प्रमंडल**

किशनगंज जिले के ठाकुरगंज प्रखंड अंतर्गत अलग अलग पंचायतों में विशेष मरम्मत योजना से ठाकुरगंज के राजद विधायक सऊद आलम नदवी ने कई सड़को के मरम्मत कार्य का शिलान्यास समारोहपूर्वक किया,जिसमे भोलामारा मुख्य सड़क से काजी टोला भोलमारा और हरिजन टोला तक जाने वाली सड़क, जिसकी लंबाई 2.100 किलोमीटर है और प्राक्कलित राशि 2 करोड़ 80 लाख 73 हजार है। दूसरी आरईओ सड़क से निचीतपुर जाने वाली सड़क है,जिसकी लंबाई 684 मीटर है और प्राक्कलित राशि 44 लाख से अधिक है वहीं,तीसरी सड़क मैनागच्छ से ठिकाबस्ती तक जाने वाली सड़क है,जिसकी लंबाई 1 किलोमीटर है और लागत की प्राक्कलित राशि करीब 61लाख है। शिलान्यास कार्यक्रम के अंतिम पड़ाव में मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना(विधायक निधि) से प्राथमिक विद्यालय भयंकरद्वारी जाने वाली सड़क में कलभर्ट निर्माण का शिलान्यास किया गया।इस मौके पर विधायक सऊद आलम नदवी ने कहा कि विकास कार्य का सिलसिला लगातार जारी है,हम लगातार विधानसभा का क्षेत्रभ्रमण कर आमजनों की समस्याओं का आकलन कर, उनपर मंथन कर समस्याओं के समाधान के लिए पटना में



सम्बन्धित विभागों का चक्कर लगाकर योजनाओ को स्वीकृत कराते है,जिसका नतीजा ये है कि आज पूरे विधानसभा क्षेत्र में लगभग 50 से अधिक पुल स्वीकृत होकर टेंडर प्रक्रिया में है एवं 100 से अधिक पक्की सड़कों के निर्माण के लिए सर्वे हो चुका है। इसी तरह इस इलाके को जिला मुख्यालय से जोड़ने वाली प्रमुख घाट खरखड़ी झभेरभरी घाट पर बहुत जल्द हाई लेवल 625 मीटर लंबे पुल का शिलान्यास करने जा रहे हैं। कड़ी मेहनत के बाद हम लोग योजनाओ को स्वीकृत कराकर धरातल पर लाते है,अब ग्रामीणों की भी जिम्मेदारी है कि वो निर्माण कार्य पर कड़ी निगरानी रखे ताकि,संवेदक किसी प्रकार की अनियमितता न बरते।

# अपर समाहर्त्ता - सह - नोडल पदाधिकारी,जिला नीलाम पत्र की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

अपर समाहर्त्ता - सह - नोडल पदाधिकारी,जिला नीलाम पत्र अनुज कुमार की अध्यक्षता में सभी नीलाम पत्र कार्यालय के पेशकार और डाटा ऑपरेटर के साथ समीक्षा बैठक - सह- प्रशिक्षण सत्र का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी, किशनगंज रंजीत कुमार के द्वारा सभी नीलाम पत्र कार्यालय के पेशकार और डाटा ऑपरेटर को राजस्व पर्षद के ऑनलाइन पोर्टल पर प्रविष्टि करने समेत नीलाम पत्र वाद निष्पादन से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया।

बता दें कि राजस्व पर्षद, बिहार, पटना के द्वारा लोक मांग वसूली अधिनियम (ढऊफअू३) के तहत समावेशन हेतु तैयार कराये गये सॉफ्टवेयर के संचालन हेतु राज्य मुख्यालय स्तर पर जिला नीलाम पत्र के अनुरंजन कुमार, पेशकार (लिपिक) एवं उमेश कुमार सिंह, डाटा इंट्री ऑपरेटर को प्रशिक्षित किया गया था। तत्पश्चात मास्टर ट्रेनर के रूप में जिलांतर्गत अन्य सभी नीलाम-पत्र कार्यालय के पेशकार एवम् कम्प्यूटर ऑपरेटर को प्रशिक्षण देने का निदेश दिया गया। यह प्रशिक्षण राजस्व बोर्ड, बिहार, पटना के पत्रांक - 1091, दिनांक - 26.09.2023 के तर्ज पर नीलाम पत्र वादों से संबंधित की गई। उक्त प्रशिक्षण में जिला से संबंधित सभी नीलाम पत्र पदाधिकारी के पेशकार एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर उपस्थित हुए।



प्रशिक्षण में नीलाम- पत्र वादों के ऑनलाइन क्रियान्वयन से संबंधित जानकारी एवं संबंधित सॉफ्टवेयर के क्रियान्वयन के प्रक्रिया से अवगत कराया गया ।

सभी पेशकार एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर को इस पोर्टल/ सॉफ्टवेयर में जल्द से जल्द अपना-अपना नीलाम पत्र पदाधिकारी के अभिलेखों/ वादों को इंट्री करने का निर्देश दिया गया।

# छात्रा के यौन उत्पीड़न का आरोप! प्रोफेसर को विभागीय पद से हटाया गया

**उत्तम सिंहः संवाददाताः दैनिक समाज जागरणःब्यूरो चीफ (दार्जिलिंग):**

उत्तरबंग विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग में एक छात्रा के साथ यौन उत्पीड़न का आरोप विभागा के प्रधान पर लगे है। घटना के विरोध में



बुधवार सुबह से छात्र-छात्राओं ने विश्वविद्यालय में मौन विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। घटना के बाद आरोपी प्रोफेसर को वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागीय पद से हटा दिया गया। मालूम हो कि पूरे घटनाक्रम पर यूनिवर्सिटी ने आपात बैठक की। जिसके बाद प्रोफेसर को विभागीय पद से हटा दिया गया। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. स्वपन रक्षित ने कहा कि आरोपी प्रोफेसर को विभागीय पद से फिलहाल हटा दिया गया। वहीं, उन्होंने आंतरिक शिकायत समिति की रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई करने का आश्वासन भी दिया है। हालांकि छात्र-छात्राएं यूनिवर्सिटी के फैसले से खुश नहीं है। नाराज छात्र-छात्राओं ने कहा कि वे आने वाले दिनों में भी आंदोलन जारी रखेंगे।

# अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस का अवसर पर साइकिल रैली का आयोजन

**राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास निगम,किशनगंज के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम बालिकाओं के साइकिल रैली को प्रभारी डीएम - सह - उप विकास आयुक्त,स्पर्श गुप्ता के द्वारा समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत अंतराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन किशनगंज के द्वारा आयोजित साइकिल रैली में प्रभारी डीएम - सह - उप विकास आयुक्त किशनगंज के साथ जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी /आईसीडीएस - सह- नोडल पदाधिकारी, महिला एवं बाल विकास निगम, अनुमंडल पदाधिकारी - सह- जिला परियोजना प्रबंधक, महिला एवं बाल विकास निगम,जिला मिशन समन्वयक, लैंगिक विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर साइकिल रैली में बालिका उच्च विद्यालय, किशनगंज की छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। साइकिल रैली के बाद छात्राओं के साथ संवाद आयोजित किया गया, जिसमे महिलाओं के सुरक्षा, संरक्षा एवं सशक्तिकरण पर चर्चा की गई। बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ, कम उम्र में शादी



न करने, दहेज प्रथा खत्म करने,महिला सशक्तिकरण, आदि हेतु बालिकाओं /महिलाओं को प्रेरित किया गया। इस अवसर पर आईसीडीएस, पोषण अभियान के जिला समन्वयक, आईएससी/कैलाश सत्यार्थी फाउंडेशन, पीरामल फाउंडेशन एवं यूनिसेफ के जिला प्रतिनिधि, प्रयास संस्था के सभी कर्मी सम्मिलित हुए।

# क्षेत्रीय भाषा कुड़माली एवं संथाली भाषा को विस्तार करने के लिए विद्यार्थियों से मिले समाजकर्मी

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : पटमदा प्रखण्ड के +2 आदिवासी उच्च विद्यालय बांगुड़दा, राज्य सम्पोषित +2 उच्च विद्यालय पटमदा एंव बोडाम प्रखण्ड दिघी भुला +2 उच्च विद्यालय में कक्षा 9 वीं एंव 11 वीं के लिए रजिस्ट्रेशन चल रहा हैं। जिसमें जनजाति एवं क्षेत्रीय भाषा के कुड़माली एवं संथाली भाषा में रजिस्ट्रेशन और पठन-पाठन के सदर्भ में सभी विद्यार्थियों के साथ वातार्लाप कर क्षेत्रीय भाषा मे पढ़ने तथा झाड़खंड सरकार के विभिन्न रिक्तियों की परीक्षा में जनजाति एवं क्षेत्रीय भाषा को अनिवार्य रूप को देखते हुए संक्षेप में बातचीत किया गया और अपना संस्कृति, लोक कथा, लोक गीत, लोक साहित्य एवं



भाषा की रक्षा हेतु पटमदा कुड़माली भाषा सिखानत कुंबा की ओर से प्रयास किया जा रहा हैं।

जिसमें विद्यार्थियों को निःशुल्क कक्षा और किताब उपलब्ध कराया जाएगा। सिकनात कुंबा की ओर से विश्वनाथ महतो, जयदेव महतो, सुधांशु बानुआर, असित महतो, रजनीकांत सिंह साधुपद महतो एंव विद्यालय के संथाली शिक्षक कृष्ण पद हांसदा, निवारण महतो आदि अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

# महज डेढ़ साल के सिलीगुड़ी के नन्हे मृगांक ने ‘इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स’ में बनाई जगह

**उत्तम सिंहः संवाददाताः दैनिक समाज जागरणःब्यूरो चीफ (दार्जिलिंग):**

उम्र महज 1 साल 6 महीना। स्पष्ट बोल भी नहीं पाता, लेकिन फूल, फल, जानवरों, पक्षियों और विभिन्न रंगों के नाम फरार्टे से बोल सकता है। वह भी बंगाली और अंग्रेजी में। तभी तो सिलीगुड़ी के नन्हें मृगांक का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हो गया है।

मृगांक सेठ सिलीगुड़ी के दक्षिण देशबंधु पाड़ा निवासी मृणाल सेठ और मालबिका हाउलदार के इकलौता संतान है। नन्हा मृगांक अभी तक ठीक से चल भी नहीं पाया है, बोलचाल भी स्पष्ट नहीं है, लेकिन क्या? फूल, फल, पशु, पक्षी समेत कई रंगों के नाम फरार्टे से बोल सकता है। बेटे के इस उपलब्धि को देखकर पहले तो माता-पिता हैरान रह गए। इसके बाद नन्हें मृगांक की प्रतिभा का वीडियो उसके पिता ने इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भेजा। जहां नन्हें मृगांक की प्रतिभा को




पहचान मिली। सिलीगुड़ी के इस प्रतिभाशाली नन्हे का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हो गया। मृगांक के पिता मृणाल सेठ ने कहा कि ह्यबेटा 6-7 महीने में बोलना सीख गया। अचानक मैंने नोटिस किया कि जो भी उसके सामने कहा जा रहा है, वह उसी का जवाब दे रहा है। फिर एक दिन मुझे इंटरनेट पर इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के बारे में पता चला तो मैंने अपने बेटे की सारी जानकारी वहां भेज दी। इसके बाद संस्था ने बेटे की प्रतिभा को पहचाना और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज कर लिया। बेटे की उपलब्धि से माता-पिता सहित परिवार के सभी लोग खुश है।

# सतर्कता : आगामी त्योहारों के मद्देनजर इंडो-नेपाल सीमा पर शुरू हुआ डॉग स्नीफिंग

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

गलगलिया(किशनगंज) । सुरक्षा सुनिश्चितता अभियान 2080 के तहत आगामी त्योहारों को देखते हुए झापा जिला पुलिस काफी मुस्तैद है ।
झापा जिला डी एस पी प्रवक्ता खगेन्द्र प्रसाद रिजाल ने बताया कि इंडो-नेपाल



सीमा से बढ़ती मादक पदार्थों की तस्करी के अलावे विस्फोटकों और अन्य आपराधिक गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए प्रशिक्षित कुत्तों के साथ इंडो-नेपाल सीमा क्षेत्र में डॉग स्नीफिंग किया जा रहा है । ताकि आपराधिक गतिविधियों पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाया जा सके एवं आगामी त्योहारों का शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराया जा सके ।

# बभनौल व जमसोना पंचायत में डब्लूपीयु का डीडीसी ने किया उद्घाटन

**दैनिक समाज जागरण साहिल राज दावथ रोहतास**

रोहतास जिले के दावथ प्रखंड के बभनौल व जमसोना में नव निर्मित अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई (कचरा निस्तारण केंद्र )का बुधवार डीडीसी ने उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद उप विकास आयुक्त शेखर आनंद ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि लोहिया स्वच्छता अभियान फेज 2 में सभी पंचायतों में कचरा प्रबंधन की योजना सरकार द्वारा संचालित की गयी है। इसमें पंचायत के सभी घरों के लिए कचरा एकत्र करने हेतु दो डब्बे दिये जा रहे हैं। जिसमें एक हरा में गिला कचरा और दूसरा निला में सुखा कचरा रखना है। प्रतिदिन स्वच्छताकर्मी कचरे को एकत्रित कर कचरा निस्तारण केंद्र तक पहुंचाएगें। जहां कचरा से कंचन यानि कचरे को अलग अलग कर के उसका निस्तारण किया जाएगा तथा कुछ वैसा कचरा होगा जिसकी पंचायतें बीक्री करेगीं। वहीं सरकार की मंशा है कि शहरों की तरह गांव भी स्वच्छ रहें। जहां तहां कचरा फेंकने से गंदगी फैलेगी, जिससे विभिन्न प्रकार की बिमारियां फैलती है। इसके पहले फेज में सभी के लिए शौचालय बनाने व खुले में शौच नहीं करने के लिए जागरुकता अभियान चलाया गया था। जिसमें शौचालय निर्माण



करने पर 12 हजार रुपये अनुदान भी दिया गया था। इस योजना की सफलता आप लोगों पर निर्भर है। कोई भी अभियान बगैर जन सहभागिता के सफल नहीं होती है। अभी भी कई गांवों में कुछ लोग खुले में शौच कर रहे हैं। इसको रोकने की जरुरत है। तभी स्वच्छता अभियान सफल होगा। इसके लिए प्रबुद्ध लोग, पंचायत प्रतिनिधि व स्वच्छताकर्मी लोगों के बीच जागरुकता अभियान चलाकर स्वच्छता के प्रति जन सहभागिता सुनिश्चित करें। इससे पहले बभनौल मुखिया राधा मोहन सिंह ने डीडीसी सहित सभी अतिथि व अधिकारियों को बूके व फुल माला से स्वागत किया। दूसरी तरफ जमसोना मुखिया प्रियंका कुमारी ने भी सभी को फुल माला व बूके देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में जिला स्वच्छता समन्वयक अखिलेश्वर पांडेय, बीपीआरओ काशीनाथ सिंह,जिलापार्षद रिंकी कुमारी, दावथ मुखिया चंदन कुमार उर्फ संतोष यादव,उसरी संजय कुमार,ईटवां धनजी कुमार,विकास पटेल पीएस कुंजनारायण सिंह,अशोक तिवारी,रघुनाथ सिंह,पीओ मनरेगा शशिभूषण ओझा,मुना सिंह, बीडीसी सलमा खातून, सरपंच,पंच,पंचायत सदस्य व स्वच्छताकर्मी सहित ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

# बिहार सरकार के खनन मंत्री रामानंद यादव पहुंचे इंद्रपुरी , सोन बराज समेत कई बालू घाटों का लिया जायजा

**दैनिक समाज जागरण लाल बिहारी गुप्ता तिलौथू रोहतास**

बिहार सरकार के खनन एवं भूतत्व मंत्री रामानंद यादव बुधवार को इंद्रपुरी पहुंचे इंद्रपुरी सोन बराज व सोन नदी के कई बालू घाटों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि 1965 में बराज के निर्माण के बाद अभी तक बराज की सफाई नहीं हो पाई है। जिसके कारण जिस्के स्क्वायर फीट मिट्टी एवं गाद जमा हो गया है। जिससे बराज में पानी का ठहराव नहीं हो पता है तथा आसपास के क्षेत्र में भूगर्भ जल की कमी भी हो गई है। मंत्रालय एवं पदाधिकारियों से बात कर सफाई एवं अन्य समस्या का समाधान कराया जाएगा। जायजा लेने के बाद उन्होंने कैमूर पहाड़ी के गोद में अवस्थित मां तुतला भवानी के दर्शन भी किया। बता दे की 15 अक्टूबर से बालू खनन फिर से शुरू हो जाएगी। जिसको लेकर खनन विभाग ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। इन्हीं तैयारी का जायजा लेने मंत्री रामानंद यादव रोहतास पहुंचे। जहाँ कार्यकताओं ने उनका भव्य स्वागत



किया। बाद में उन्होंने विभिन्न बालू घाटों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने कहा कि 15 अक्टूबर से शुरू होने वाले बालू घाटों से बालू की निकासी के संबंध में हुए पहले ही कुछ बंदोबस्तधारी के साथ बैठक किए हैं। पहले से जो बालू घाट निर्धारित किए गए हैं, उस घाट पर बालू की क्या स्थिति है? इसका वे खुद जायजा लेंगे। इसके उपरांत ही कुछ निर्णय लिया जाएगा। जहां कहीं से भी अवैध खनन एवं ट्रांसपोर्टिंग की सूचना मिलती है उसे पर तुरंत कार्रवाई की जाती है। मौके पर राजद नेता सुनील यादव, गया स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी गोरख यादव, अभय यादव, जिला खनन विकास पदाधिकारी अनिल कुमार, तिलौथू अंचलाधिकारी कुमार भारतेंदु, विधायक प्रतिनिधि प्रभु यादव ,यदुवंशी सेवा के जिला अध्यक्ष सम्राट यादव, डीएसएस के प्रखंड अध्यक्ष गोलू यादव आदि मौजूद थे।

# भूमि विवाद को लेकर मारपीट में प्राइवेट पार्ट को काट डाला

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास**

रोहतास जिले के करगहर थाना के सहायक थाना बड़हरी ओपी के अंतर्गत बुधवार को चतरा गांव में सरकारी भूमि के कब्जे को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में दो महिलाओं सहित तीन लोग बुरी तरह घायल हो गए। इस घटना में एक व्यक्ति का प्राइवेट पार्ट काट डाला। घायलों को पीएचसी में भर्ती किया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल ससाराम रेफर कर दिया। घटना के बारे में ओपी प्रभारी जितेंद्र कुमार पंडित बताया कि चतरा निवासी चतुरी राम और उसी गांव के ही शिव मुनी राम सरकारी जमीन कब्जा को लेकर आपस में तू -तू मैं- मैं के बाद दोनों में गाली गलौज शुरू हो गई। जिसे देख दोनों पक्षों के लोग एक दूसरे के विरोध में यहां खड़े हुए। दोनों पक्षों की ओर से लाठी डंडे चलने लगे। मारपीट की इस घटना में एक पक्ष के चतुरी राम और उनकी पत्नी दुर्गावती देवी तथा दूसरे पक्ष के किरण देवी बुरी तरह जख्मी हो गई। इस बीच इस गांव के शिव मुनि राम सहित कई लोगों ने चतुरी राम को जमीन पर पटक दिया और धारदार हथियार से उसका प्राइवेट पार्ट काट डाला। ओपी प्रभारी ने बताया खून से लथपथ चतुरी राम को थाना लाया गया। जहां उसे तत्काल इलाज के लिए पीएचसी में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया की घायलों के अस्पताल में भर्ती होने के कारण आवेदन पत्र नहीं दिया गया।

# भीम संसद चौपाल को लेकर नटवार पहुंचे भवन निर्माण मंत्री

**के०के०दूबे,वरीय संवाददाता दैनिक समाज जागरण, दिनारा प्रखंड**

बिहार सरकार के भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी रोहतास जिले के दिनारा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नटवार खुर्द में पहुंचे जहां उन्होंने भीम संसद चौपाल को संबोधित किया। भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी के आते ही उन्हें अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी के अलावे अल्पसंख्यक मंत्री जमा खान व जदयू नेता आलोक सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान मंत्री चौधरी ने कहा कि बिहार देश का पहला राज्य है जहां पंचायत चुनाव में अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ा वर्ग तथा महिलाओं का विशेष आरक्षण दिया गया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर पूरे प्रदेश में प्रखंड स्तर पर भीम संसद चौपाल कार्यक्रम कराया जा रहा है। इस कार्यक्रम के दौरान पूरे दलित समाज को जागने का काम किया जा रहा है। अनुसूचित जाति जनजाति के लोग लंबे समय से समानता की लड़ाई लड़ते आ रहे हैं। हमारी पीढ़ी की यह स्थिति थी कि हमारी परछाई से लोग डरते थे छुआछूत के कुरीतियों के कारण हम लोग समाज से पूर्णता कटे हुए थे।महामानव के रूप में महात्मा गांधी द्वारा छुआछूत के विरोध में व्यापक आंदोलन प्रारंभ किया गया



जब देश आजाद हुआ तो भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व में संविधान का निर्माण हुआ उसे संविधान में सभी को समानता का अधिकार दिया गया तथा छुआछूत पर परहेज किया गया। देश आजाद होने के बाद भी बहुत सी राजनीतिक पार्टियां आई और गई लेकिन जो दलितों का सरकार में भागीदारी होनी चाहिए थी नहीं मिली जबकि दलित महादलित तथा महिलाओं की अच्छी आबादी थी लेकिन सामाजिक आर्थिक तथा राजनीतिक रूप से समानता नहीं मिल पाया 2005 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा सरकार का बागडोर संभालने के बाद अनुसूचित जाति जनजाति विभाग का निर्माण कराया गया तथा उचित सम्मान देने का प्रयास प्रारंभ किया गया। उन्होंने सभा में उपस्थित सभी जन समूह से आह्वान किया की भारी संख्या में पांच नवंबर को पटना में होने वाले रैली भाग ले। वहीं अल्पसंख्यक मंत्री जमा खान ने कहा कि दलित, महादलित, पिछड़ा, अति पिछड़ा, अल्पसंख्यकों तथा महिलाओं को जदयू सरकार में भरपूर सम्मान मिला है। कार्यक्रम के अध्यक्षता मुखिया प्रतिनिधि अमित राय तथा संचालन अजय चौबे ने किया। मौके पर जिला अध्यक्ष अजय कुशवाहा, पूर्व जिला पार्षद प्रमिला देवी, अरुणा देवी, बद्री भगत, मालती मौर्या सहित भारी जनसमूह उपस्थित था।

# मंत्री आगमन की सूचना नहीं मिलने पर जदयू कार्यकताओं ने जताया विरोध

**के०के०दूबे,वरीय संवाददाता दैनिक समाज जागरण,दिनारा रोहतास**

रोहतास जिले में दिनारा प्रखंड क्षेत्र के नटवार तथा खनिता में बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी एवं जमा खान के आगमन की सूचना प्रखंड अध्यक्ष सहित अन्य कार्यकताओं को नहीं दिए जाने को लेकर मंत्री के समक्ष जदयू कार्यकताओं ने बेलवैयां चौक पर कड़ा विरोध व्यक्त किया। प्रखंड अध्यक्ष हृदय आनंद सिंह कुशवाहा ने आरोप लगाया कि प्रखंड क्षेत्र के नटवार तथा खनिता में भीम संसद चौपाल कार्यक्रम में भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी एवं अल्पसंख्यक मंत्री जमा खान को आगमन के कोई सूचना प्रखंड अध्यक्ष सहित अन्य कार्यकताओं को नहीं दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सभी कार्यक्रम एक भाजपा नेता के इशारे पर आयोजित किया गया है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। विरोध व्यक्त करने वालों में दावथ के प्रखंड अध्यक्ष अशोक पटेल, सुर्यपुरा प्रखंड अध्यक्ष मनु चंद्रवंशी, मुद्रिका सिंह, धनजी यादव, मनोज पटेल, पप्पू राय, बेलालु खान सहित कई अन्य लोग शामिल हैं।

# साइबर फ्रॉड से बचने के लिए पुलिस ने की छात्रों को जागरुक

**दैनिक समाज जागरण लाल बिहारी गुप्ता तिलौथू रोहतास**

रोहतास जिले के तिलौथू थाने की पुलिस अधिकारियों द्वारा दो स्कूलों में साइबर फ्रॉड से बचने के लिए छात्रों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके तहत प्रखंड के पतलूका मध्य विद्यालय एवं महाराजगंज मध्य विद्यालय के छात्रों को जागरूक किया गया। थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह ने छात्रों को विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारी दिया गया। साथ ही बताया कि किसी भी व्यक्ति को ओटीपी शेयर ना करें तथा एप्लीकेशन डाउनलोड करते समय डिस्क्रिप्शन का सही ढंग से पढ़ लेना जरूरी होता है। वहीं एस्आई अंकुश कुमार मण्डल ने छात्रों को बताते हुए कहा कि सोशल साइट का उपयोग ठीक ढंग से करें।



कोई भी पासवर्ड या गुप्त कोड किसी को किसी भी सूरत में नहीं बताई जाए। एटीएम तथा नेट के माध्यम से खरीदारी करते वक्त सावधानी बरतना आवश्यक है। इस संदर्भ में कोई भी साइबर फ्रॉड होने पर 1930 पर कॉल कर तुरंत पुलिस को सूचित किया जाए। साथ ही छात्रों से आग्रह किया है कि अभी थोड़ा मोबाइल को इग्नोर कीजिए। आप लोगों के लिए मोबाइल नहीं है। आप लोगों का मनोरंजन का साधन अभी खेलने होना चाहिए। फिजिकल होना चाहिए। क्रिकेट , फुटबॉल, हॉकी जैसे बहुत सारे गेम है। फिजिकली खेल से हेल्थ सही रहता है। मोबाइल देखने से बहुत मेंटली हेल्थ इफेक्ट आता है। फिजिकल बहुत ज्यादा इफेक्ट आता है।

# मध्य विद्यालय दहियाड़ी में नए प्रधानाध्यापक ने दिया अपना योगदान

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास**

रोहतास जिले के काराकाट प्रखंड के मध्य विद्यालय दहियाड़ी के नवपदस्थापित प्रधानाध्यापक मो॰ सलामुद्दीन ने अपना पदभार संभाले। विद्यालय के बच्चे ने उनका स्वागत रंगोली बनाकर एंव फुल बरसाकर भव्य स्वागत किया। इसके उपरांत मध्य विद्यालय दहियारी के पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापक राजेश कुमार के द्वारा बूके देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिका द्वारा फूल माला से स्वागत किया गया। नवपदस्थापित प्रधानाध्यापक ने कहे की मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी विद्यालय में शिक्षा गुणवत्तापूर्ण हो आर्थिक प्रयास रहेगा कि विद्यालय शिक्षा जगत में नाम



आगे ले जाकर नामांकित बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान किया जा सके।साथ ही वर्ग कक्ष में जाकर छात्र-छात्राओं से परिचय प्राप्त किये। नवपदस्थापित प्रधानाध्यापक लगभग पाँच बर्षों से उत्क्रमित ऊर्दू मध्य विद्यालय जोरावरपुर में सहायक पद पर ईमानदारी एंव निष्ठा पुर्वक शिक्षा दिए है। मौके पर पूर्व प्रभारी राजेश कुमार, धीरज कुमार, कुमार प्रभाकर, चंदेश्वर नारायण सिंह, जय मंगल पासवान, टोला सेवक हरेंद्र राम, शम्भू राम एंव सभी छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

# डीएम ने जनसंवाद कार्यक्रम के तहत आम पब्लिक से किया जनसंवाद

## सरकार के विभिन्न योजनाओं की दी जानकारी

**दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास**

रोहतास जिले के बिक्रमगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत मोरौना के निज ग्राम कस्तर महादेव के उच्च माध्यमिक बिद्यालय खेल के मैदान में बुधवार को जंनसवाद कार्यक्रम में आला आलाधिकारी की टीम पहुचीं। डीएम नवीन कुमार के नेतृत्व में पहुंचे अधिकारियों ने लोगों से मुलाकात की। उनकी समस्याओं को सुना और निदान का भरोसा दिलाया। जनसंवाद कार्यक्रम में उपस्थित जिलास्तरीय पदाधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं के संबंध में जन सामान्य को अवगत कराया गया तथा उनके क्रियान्वयन मे हो रही कठिनाईओं के बारे मे जानकारी प्राप्त की एवं सुझाव लिए गए। डीएम ने कहा कि जनसंवाद कार्यक्रम का उद्देश्य जनता के सुझावों को सुनना और उस पर अमल करना है। कहा कि कार्यक्रम राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों, आधारभूत संरचनाओं के निर्माण तथा उनकी जन सामान्य तक पहुंच के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना है। सरकार द्वारा संचालित




विभिन्न योजनाओं का लाभ उन व्यक्तियों तक पहुंचे, जिनके लिए योजनाओं संचालित की जा रही है, यह निर्धारित करने के लिए सुझाव प्राप्त करना इस कार्यक्रम का उद्देश्य है। कहा कि आज शिक्षा व स्वास्थ्य में काफी विकास हुआ है, जो कमी है। उसे दूर करने के लिए शिक्षकों, चिकित्सकों और नर्सों की व्यापक पैमाने पर बहाली हो रही है। छात्र-छात्राओं की पढ़ाई के लिए सरकार कम ब्याज दर पर ऋण मुहैया करा रही है। रोजगार के लिए ऋण की व्यवस्था की गई है। लड़कियों के जन्म से लेकर शादी तक राशि दी जा रही है।वृद्धजनों को पेंशन देने की व्यवस्था है। सफाई के लिए बेहतर व्यवस्था की गई है। जनता की शिकायतों को सुनने के लिए जनशिकायत निवारण की व्यवस्था की गई है। अब हर खेत को पानी उपलब्ध कराने की व्यवस्था के लिए सरकार तत्पर है।

# निक्षय मित्र पोषण योजना के तहत टीबी मरीजों को दिया गया फूट पैकेट

**दैनिक समाज जागरण लाल बिहारी गुप्ता तिलौथू रोहतास**

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिलौथू के सभागार भवन में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत निक्षय मित्र पोषण योजना की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर दयानंद प्रसाद ने किया। अक्टूबर महीना में संजय कुमार पूजा मॉल तिलौथू ने एक टीबी मरीज का गोद लेकर फूड पैकेट का वितरण किया। साथ में उन्होंने 6 माह तक फूड पैकेट टीबी मरीज को देने की बात कही। 23 निक्षय मित्र ने भी जो टीबी मरीजों को खाने की सामग्री प्रत्येक महीना देते आ रहे है, उनलोगो के द्वारा 53 टीबी मरीजों को फूड पैकेट का भी वितरण किया गया। इस तरह कुल 24 निक्षय मित्र बनकर 54 टीबी मरीजों को खाने का पैकेट दे रहे है। निक्षय मित्र प्रभारी दयानंद प्रसाद एक मरीज, डॉक्टर प्रभात कुमार एक मरीज, डॉक्टर कादरी एक मरीज, लालबिहारी गुप्ता एक मरीज, शशिरंजन दो मरीज, नीतू सिंह दो मरीज, मुकुंद कुमार गुप्ता एक मरीज, पंकज कुमार एक मरीज, मनीष कुमार एक मरीज, विजय कुमार एक मरीज, उदय कुमार एक मरीज, संजय चौधरी मुखिया एक मरीज, ओम प्रकाश जी एक मरीज, उमेश कुमार मुखिया एक मरीज, महेंद्र ओझा एक मरीज, धर्मेंद्र दुबे मुखिया एक मरीज, अशोक लाल एक मरीज, राकेश लाल एक मरीज, सांवली सिन्हा एक मरीज, रंजना



सिन्हा एक मरीज , रंजित सिन्हा एक मरीज, कुमार प्रेमचंद्र 25 मरीज, संजय अग्रवाल डेहरी 5 मरीज को गोद लेकर फूड पैकेट वितरण किए। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर दयानंद प्रसाद ने तिलौथू प्रखंड के समाजसेवी, जनप्रतिनिधि , व्यवसाई, एनजीओ, सरकारी सेवक आदि को आगे आकर निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों को सेवा करने की अपील किया। एसटीएस दिलीप कुमार पाठक ने बताया कि टीबी बीमारी कलंक नहीं है, इसलिए इससे मन में कुंठा की भावना न रखें। समाज को टीबी मरीज से भेदभाव नहीं, हमदर्दी रखनी होगी। टीबी को लेकर हमारे समाज में गलत अवधारणाएं प्रचलित हैं, जिन्हें दूर किया जाना अत्यंत आवश्यक है। बीएचएम अमरेंद्र कुमार ने बताया कि टीबी बीमारी की जांच एवम डॉट्स की दवा की सुविधा मुफ्त है। टीबी मरीजों को डिबिटी के द्वारा सरकार पोषण के लिए रुपए 500 प्रति माह मरीज के खाते में सहायता राशि देती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में दंत चिकित्सक डॉक्टर प्रभात कुमार, एमओ डॉक्टर सुमित कुमार, एचई श्रवण चौधरी , बीसीएम निक्की कुमारी, लिपिक रंजित सिन्हा, लेखापाल गौरव कुमार, लैब टेक्नीशियन प्रकाश उपाध्याय का सहारनीय योगदान रहा है।

# परमडिह गांव में बहू हत्या को लेकर दो के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज

**दैनिक समाज जागरण साहिल राज दावथ रोहतास**

रोहतास जिले के दावथ थाना क्षेत्र अंतर्गत बुधवार को परमडिह गांव में बहू हत्या को लेकर दो लोगो के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इस आशय की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष कृपाल जी ने बताया कि मृतका के भाई भोजपुर जिले के धनगाई थाना क्षेत्र के दीघा निवासी हरेंद्र सिंह के पुत्र ऋषिकेश सिंह के द्वारा दर्ज कराए गए प्राथमिकी में लिखा गया है कि वर्ष 2007 में मेरी बहन मीना कुमारी की शादी दावथ थाना क्षेत्र के परमडिह निवासी शशि भूषण सिंह के साथ हुआ था। उसी समय से ससुराल वालों द्वारा मेरी बहन को दहेज के लिए उसके पति और देवर द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा था। बीच बीच मे हम लोगों के द्वारा पंचायती करने पर वे लोग शांत रहते थे। परंतु कुछ दिनों बाद पुनः मांग शुरू कर दिया जाता था। जबकि सोमवार को मेरी बहन मीना कुमारी को दहेज लेभियों ने जलाकर मार डाला और शव को भी जला कर सबुत को नष्ट कर दिया गया। ग्रामीणों के सूचना पर जब मैं अपने रिश्तेदार के घर पहुंचा तो उनके घर के सभी परिवार फरार थे। मामले को लेकर मृतिका के पति शशि भूषण सिंह और देवर राजेश सिंह के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया हैं, मामले को लेकर जांच शुरू कर दिया गया है।

# सरकार से अपनी मांगों को लेकर तीसरे दिन भी अड़ी रही आंगनबाड़ी सेविका

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**

तीसरे दिन भी अपनी मांगों के समर्थन मे सेविका एवं सहायिकाओं का बुधवार को भी प्रखंड मुख्यालय परिसर में धरना के साथ प्रदर्शन जारी रहा। आंदोलनकारियों ने कार्यालय परिसर में सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी भी किया। आंदोलन का नेतृत्व कर रही प्रखंड अध्यक्ष रेनु देवी ने कहा कि



पूरे बिहार के आंगनबाड़ी सेविका सहायिका अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है क्योंकि पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान महागठबंधन के नेताओं द्वारा अपने घोषणा पत्र में सरकार बनने पर आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका का वेतनमान दुगना करने का वादा किया गया था। जिसमें सरकार के वर्तमान उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के द्वारा हमारे वेतन को दुगना करने की दिलासा मिली थी ।लेकिन सरकार बनने के बाद भी आज तक उनके द्वारा वादा पूरा नहीं किया गया। सरकार हमारी पांच सूत्रीय मांगो मांगों पर गंभीरता पूर्वक विचार करे,नहीं तो संघर्ष को और धारदार बनाया जाएगा।मौके पर कोषाध्यक्ष पूनम देवी, संतोषी कुमारी, शीला देवी, अनूप कुमारी, नैना राय, ममता देवी, सहित अन्य सेविका एवं सहायिका मौजूद थी।

# साइबर ठगी से बचाव हेतु पुलिस ने छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**

रोहतास जिले के संझौली थाने की पुलिस के द्वारा बुधवार को सैडबॉक्स विद्यालय में साइबर सुरक्षा अभियान के तहत साइबर ठगी का शिकार हो रहे लोगों को जागरूक करने के लिए विद्यालय में अभियान चलाया गया। ठगी का शिकार हो रहे बच्चों को साइबर क्राइम के बारे में बताया। स्थानीय पुलिस



के द्वारा साइबर क्राइम को रोकने के लिए उपाय बच्चों को बताया गया। विद्यालय में पुलिस ने छात्र एवं छात्राओ का क्लास लेकर उन्हें साइबर ठगी के संबंध मे जागरुक किया। जैसे अपरिचित नंबर से लिंक को क्लिक न करें, किसी अपरिचित को फोन पर अपनी निजी जानकारी न दे, एटीएम पीन संबंधित ओटीपी नंबर न दे तथा आधार कार्ड पैन कार्ड नंबर साझा ना करे। अगर आप ठगी का शिकार अथवा साइबर अपराध का शिकार होने की स्थिति में हो तो तुरंत इसकी जानकारी कोचस थाने की इस नंबर. 9431822821 पर संपर्क कर जानकारी दे। चलाई जा रही इस अभियान को आप लोग अपने घर व आसपास के लोगों में जाकर साझा जरूर करें ताकि ठगी का शिकार हो रहे लोगों लोगों को ठगी का शिकार होने से बचाया जा सके। इस कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधक रविकांत रंजन, कोचस थानाध्यक्ष अमोद कुमार, उप थाना अध्यक्ष भागीरथी कुमार, शिक्षक, छात्र ,छात्राएं सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री का जदयू कार्यकताओं ने किया भव्य स्वागत

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**

रोहतास जिले के कोचस नगर पंचायत के गांधी चौक पर वुधवार बिहार सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खां व भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी समेत भीम संसद रथ का जद यू कार्यकताओं ने भब्य स्वागत किया। कार्यकताओं ने दोनों नेताओं को फूल मालाओं से लादकर पार्टी के समर्थन में नारेबाजी की।इस दौरान नेताओं ने चौक स्थित



राष्ट्र पिता महात्मा गांधी व बाबासाहेब आंबेडकर के प्रतिमाओं पर माल्यार्पण की। उक्त नेता आरक्षण बचाओ व संविधान बचाओ के तहत भीम संसद रथ के साथ कैमुर जिले के भभुआ जा रहे थे। द्वय मंत्रियों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने व पटना में आहूत भीम संसद में 5 नवंबर को भेटनरी कालेज में कार्यकताओं को भारी संख्या में भाग लेने का आह्वान किया। मौके पर पूर्व प्रत्याशी आलोक सिंह, चांद मुखिया प्रतिनिधि कुंवर राजन सिंह, सुरेंद्र बहादुर सिंह, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि वीरवंशी सेंपू सिंह, रामगढ़ कैमुर समाजसेवी शहः छात्र नेता आशीष पांडे ,मदन सिंह कुशवाहा, हरिहर सिंह, सूर्य बंश पटेल, रजनीश पटेल, प्रमोद पटेल, राम प्रवेश राम,केशों सिंह,उमेश सिंह समेत दर्जनों कार्यकर्ता थे।

# हुड़दंगियों व असामाजिक तत्वों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर

**के०के०दूबे,वरीय संवाददाता दैनिक समाज जागरण दिनारा रोहतास**

रोहतास जिले के दिनारा थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर दिनारा थाना एवं ओपी का संयुक्त शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप कुमार ने किया। उन्होंने पूजा पंडाल में सीसीटीवी कैमरा, आग बुझाने की वैकल्पिक व्यवस्था, लाउडस्पीकर के लिए लाइसेंस, तथा वालंटियर के लिए आई कार्ड जारी करने सहित अन्य गाइड लाइन्स के बारे में जानकारी दी। वहीं दिनारा थानाध्यक्ष रौशन कुमार तथा भानस ओपी प्रभारी गुड़िया कुमारी ने पूजा के समय शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए आम लोगों से सहयोग की अपील की। बैठक में मुखिया रंजय सिंह पूजा के दौरान पोंगाढी. धाम में पुलिस बल की तैनाती करने की मांग की। नगर पंचायत उपाध्यक्ष विवेकानंद पांडेय ,नगर पंचायत अध्यक्ष पति रूपेश सिंह, पैक्स अध्यक्ष मनोज पटेल तथा समाजसेवी ई अनिल कुमार ने आरोप लगाया कि दिनारा में इस समय नशेड़ियों का आतंक बहुत बढ़ गया है। अतः प्रशासन इस पर लगाम लगाने के लिए कार्रवाई करें। उन्होंने बताया कि उच्च विद्यालय, हरिजन छात्रावास, धनसोई रोड एवं एवं मध्य विद्यालय तथा डाकघर गली में नशेड़ियों का प्रमुख अड्डा है। दशहरा पूजा को देखते हुए प्रशासन तत्काल कार्रवाई करें। संयुक्त रूप में दोनों पुलिस पदाधिकारी ने कहा कि पर्व के माहौल में खलल डालने वाले व आपसी सौहार्द को बिगाड़ने वाले ऐसे हुड़दंगियों पर पुलिस द्वारा पैनी नजर रखी जाएगी। दशहरा पर्व मेला के दौरान रात में कुछ नवयुवकों के द्वारा बाइक स्टंट करते हुए नजर आते हैं जिससे कि दुर्घटना घटने की आशंका बनी रहती है। ऐसे स्टंट बाजों पर पुलिस अपनी कड़ी नजर रखेगी। ऐसे प्रवृत्ति वाले नवयुवकों को बख्शा नहीं जाएगा। बैठक में अंचलाधिकारी आदित्य कुमार सिंह एवं कार्यपालक पदाधिकारी प्रियंका गुप्ता उपस्थित थे।

# जेल से छूटकर आए आरोपि की पीट- पीटकर कर हत्या कर फेंका गया शव हुआ बरामद

**दैनिक समाज जागरण विकास सिंह आरा भोजपुर**

भोजपुर जिले के आरा शहर के टाउन थाना क्षेत्र में पांच दिन पूर्व जेल से छूटकर आए एक आरोपित की पीट-पीटकर हत्या कर फेंका गया शव बरामद हुआ है। उसका शव स्थानीय थाना क्षेत्र के नजीरगंज स्थित साधु के मठिया के समीप बुधवार की दोपहर बरामद हुआ है। शव के मिलने से आसपास की इलाके में सनसनी मच गई है। इधर घटना की सूचना मिलते ही टाउन थानाध्यक्ष संजीव कुमार अपने पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। इसके पश्चात पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। जानकारी के अनुसार मृतक टाउन थाना क्षेत्र के अहीरपुरवा मोहल्ला निवासी स्व.मोती लाल चौधरी का 27 वर्षीय पुत्र राजू चौधरी है एवं पेशे से मजदूर था। इधर मृतक के बड़े भाई मुन्ना चौधरी ने बताया कि साढ़े तीन माह पूर्व बाइक चोरी के मामले में टाउन थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर उसे जेल भेजा गया था। इसी माह के 6 अक्टूबर को वह जेल से छूटकर वापस घर लौटा था। मंगलवार की सुबह वह दस बजे घर से निकला था। उससे पहले ही मैं अपने काम पर चला गया था। रात में जब वह



वह घर वापस नहीं लौटा तो हमलोगों ने सोचा कि वह बराबर इसी तरह कभी-कभी घर पर नहीं आता था। इसके बाद बुधवार की सुबह भी मैं अपने काम पर चल गया। तभी बुधवार की दोपहर उसके पत्नी ने फोन कर सूचना दी के आपके छोटे भाई राजू चौधरी का शव नजीरगंज स्थित साधु के मठिया के पास पड़ा है। सूचना पाकर परिजन तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। इसके पश्चात उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। वहीं दूसरी ओर मृतक के बड़े भाई मुन्ना चौधरी ने अपने भाई की अज्ञात लोगों द्वारा ईट से उसके सिर को कुच कर उसकी हत्या कर शव को फेंकने की आशंका जताई है। साथ ही उसने अपने भाई के मोहल्ले में किसी भी व्यक्ति से किसी भी प्रकार की विवाद एवं दुश्मनी की बातों से साफ इनकार किया है। लेकिन उसने किसी भी व्यक्ति पर किसी प्रकार का कोई आरोप या आशंका नहीं जताई है। हालांकि पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। बताया जाता है कि मृतक अपने तीन भाई व दो बहन में छोटा था। मृतक के परिवार में पत्नी आशा देवी व एक पुत्री सुहानी कुमारी एवं एक पुत्र अनिल कुमार उर्फ रजत कुमार है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद मृतक की पत्नी आशा देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# दुगार्पूजा को ले शांति समिति की बैठक सम्पन्न।

**दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि गड़हनी**

भोजपुर जिला अंतर्गत गड़हनी थाना परिसर में बुधवार को दुर्गा पूजा के दौरान शांति व्यवस्था को ले अगिआंव इंस्पेक्टर संजय कुमार यादव के अध्यक्षता में एक शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक का संचालन गड़हनी थानाध्यक्ष प्रियंका गुप्ता ने की।बैठक के शुरूआती दौर में थानाध्यक्ष ने उपस्थित सभी पूजा कमिटी के सदस्यों से कहा कि प्रत्येक पंडाल वाले को शांति पूर्ण तरीके से आपसी भाईचारा के साथ त्योहारों को सम्पन्न करना होगा,प्रत्येक पंडाल में सीसीटीवी कैमरा लगाना अनिवार्य हैं।वही अगिआंव इंस्पेक्टर ने कहा कि डीजे साउंड नही बजाना होगा,लाउडस्पीकर का परमिशन लेना होगा।बिजली विभाग से सर्टिफिकेट लेना होगा।एवं सभी पंडाल में अग्निशमन यंत्र रखना होगा,पूजा को शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने



की अपील सभी कमिटी से की गई।वही शराबियों पर पैनी नजर रखना होगा।शराबी जिस पंडाल में दिखेंगे तो शराबी सहित कमिटी पर भी एफआईआर होगी।इस लिए कमिटी को अगर उसके पंडाल में शराबी दिखे तो तुरंत सूचना दे।बैठक में इस मौके दुगार्पूजा समिति अगिआंव अध्यक्ष राकेश कुमार,रतनाढ अध्यक्ष अरुण सिंह,पहरपुर अध्यक्ष राम कुमार मिश्र,बनकट अध्यक्ष मनोज साह, सहँगी यूथ क्लब अध्यक्ष रामू तिवारी,बँगवा नवयुवक संघ अध्यक्ष सूरज कुमार मो०असलम,अमजद अली,सोनू,मुखिया प्रतिनिधि कमोद बैठा,सजंय चौधरी सहित दर्जनों जनप्रतिनिधियों व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# संजीत बने स्वच्छता पर्यवेक्षक संघ के अध्यक्ष

**दैनिक समाज जागरण सतीश कुमार पीरो भोजपुर**

भोजपुर जीला अन्तर्गत पीरो प्रखण्ड के बहरी महादेव धाम में लोहिया स्वच्छता अभियान से जुड़े स्वच्छता पर्यवेक्षकों की आयोजित बैठक के दौरान सर्वसम्मति से संजीत कुमार को स्वच्छता पर्यवेक्षक संघ का अध्यक्ष चुना गया।संजीत कुमार पीरो प्रखंड के नोनार पंचायत में स्वच्छता पर्यवेक्षक के रूप में कार्यरत हैं। नवगठित स्वच्छता पर्यवेक्षक संघ के लिए शिव कुमार उपाध्यक्ष, ओमप्रकाश राम कोषाध्यक्ष, सतीश कुमार पांडेय सचिव, संजय कुमार सिंह उपसचिव तथा रविश कुमार सिंह मीडिया प्रभारी बनाए गए। मौके पर मौजूद स्वच्छता पर्यवेक्षकों ने कहा कि नव गठित संगठन उनके हक



अधिकार के लिए काम करेगा। सभी स्वच्छता पर्यवेक्षकों ने एकजुटता प्रदर्शित करते हुए कहा कि नये संगठन के संगठन के अस्तित्व में आने से हमारी ताकत और मजबूत हुई है। अब हम अपनी बातों को और मजबूती से सरकार के सामने रख सकेंगे। बैठक में मनोज कुमार सिंह, मनीष कुमार सिंह, राजीव कुमार सिंह, साहिल कुमार, परविंद कुमार, अनिल कुमार, रजनीश कुमार, अजीत कुमार तिवारी सहित कई अन्य स्वच्छता पर्यवेक्षक मौजूद थे।

# डायरिया प्रभावित गांव में पहुंचे विधायक, चिकित्सा सुविधा का लिया जायजा

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता**

ईचागढ़-- सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के डुमरा गांव के हरिजन बस्ती में बुधवार को डायरिया पीड़ितों का हालचाल लेने विधायक सविता महतो पहुंचे व चिकित्सा कैम्प का जायजा लिया। विधायक ने डायरिया पीड़ितों से मिले व चिकित्सा सुविधा का जानकारी लिया। उन्होंने डायरिया पीड़ितों के बीच ओआर एस पाउडर, ड्राय फूड आदि का भी वितरण किया। वहीं 6 महिने से खराब पड़े सोलर चालित जल मिनार को भी मरम्मती कराकर चालु कराया। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को लगातार गांव में कैम्प कर बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। विधायक सविता महतो ने कहा कि डायरिया का सुचना मिलते ही तत्काल सिविल सर्जन से बात कर मंगलवार रात से ही चिकित्सा शिविर लगाया गया। उन्होंने कहा कि खराब पड़े जल मिनार को चालु कराया गया। उन्होंने कहा कि दो चार दिनों के अंदर हरिजन बस्ती में नया चापाकल लगाया जाएगा। मालूम हो कि डायरिया का चपेट में आने से मंगलवार को दो वर्षीय एक बच्ची की मौत हो गई । हरिजन बस्ती में करीब एक दर्जन ग्रामीण डायरिया से पीड़ित हैं। डायरिया से अधिकांश बच्चे पीड़ित हैं। डायरिया पीड़ितों में 12 वर्षीय अर्जुन मछुआ, 6 वर्षीय रोशनी कुमारी,4 वर्षीय सपना कुमारी,32 वर्षीय रिता मछुआ,20 वर्षीय बृन्दे देवी, 25 वर्षीय किरण मछुआ,13 वर्षीय कल्पना,2 वर्षीय मनसा मछुआ आदि सामिल है। वहीं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर दीपक कुमार मांझी , चिकित्सा पदाधिकारी अनुपम घोषाल के उपस्थिति में डायरिया कैम्प लगाकर चिकित्सा किया जा रहा है। बीडीओ किकु महतो ने भी बस्ती पहुंचकर चिकित्सा कैम्प का जायजा लिया व कई दिशा निर्देश भी दिए। कैम्प लगने के बावजूद भी बेहतर चिकित्सा के लिए ग्रामीण स्थानीय नर्सिंग होम व निजी चिकित्सालयों में भी इलाज करवा रहे हैं। डायरिया फैलने का कारण कुंआ का गंदा पानी पीने से फैलने का बात बताई जा रही है। मौके पर झामुमो केन्द्रीय सदस्य काबलु महतो, पूर्व मुखिया पंचानन पातर, अमित सिन्हा,दीपक लायेक, हरेन्द्र नाथ महतो आदि उपस्थित थे।

# यदुवंशी गोप समाज युवा मंच ने फिर एक बार एक असहाय परिवार की मदद कर, दिया समाज की एकता का परिचय।

**रविकांत गोप,दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता राजनगर(सरायकेला)**

राजनगर (झारखंड): यदुवंशी गोप समाज युवा मंच के केंद्रीय अध्यक्ष विनोद कुमार गोप के आदेशानुसार बुधवार को राजनगर प्रखंड के तुमुंग पंचायत अंतर्गत नागा तुमुंग गाँव मे स्व. अनिल गोप के परिजनों को उनके श्राद्धकर्म के लिए राशन सामग्री पंहुचा कर एक असहाय परिवार की आर्थिक मदद की।

बता दें कि युवा मंच का समाज हित मे निरंतर कार्य चल रहा है।इस क्रम में दो दिन पहले नागातुमुंग गाँव से 54 वार्षिय अनिल गोप की अकस्मात देहांत होने,और उनके परिवार की माली हालात से अवगत कराया था।जिसके बाद व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से यदुवंशी गोप समाज से जुड़े सभी सदस्यों को इसकी जानकारी मिली।वहीं सभी सदस्यों ने आपसी सहयोग से सहायता राशि एकत्रित कर बुधवार को यदुवंशी गोप समाज के युवा सदस्य स्व. अनिल गोप के आवास पहुँच कर राशन सामग्री प्रदान की एवं उनके परिजनों को ढांढस बांधते हुए, उनके आश्रितों को सामाजिक मदद के साथ साथ सरकारी योजनाओं से जोड़ने में मदद करने की बात कही।

बीते 2 अक्टूबर को अनिल गोप की आकस्मिक देहांत हो गया था।उनकी तीन बेटियां व पत्नी है।तीन बेटियां में दो बेटियां का मानसिक सन्तुलन ठीक नही है।उनके परिवार का पालन पोषण करने वाला एकमात्र अनिल गोप था।अनिल गोप अत्यंत गरीबी रेखा से गुजर रहा था।किसी प्रकार मजदूरी कर अपने परिवार को पोषण करता था।

# जिलाधिकारी के जन संवाद कार्यक्रम की तैयारी हुई तेज

**दैनिक समाज जागरण सतीश कुमार पीरो भोजपुर**

भोजपुर जिला प्रशासन द्वारा पीरो प्रखंड के जितौरा जंगल महाल पंचायत में 14 अक्तूबर को प्रस्तावित जनसंवाद कार्यक्रम को लेकर तैयारी जोरों पर है। उक्त कार्यक्रम में जिलाधिकारी सहित जिला व प्रखंड के अधिकारी आम लोगों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं से अवगत होगें तथा पंचायत में चल रही सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित फीड बैक व सुझाव लेंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम जितौरा बाजार स्थित रामदिहल सिंह यादव प्लस टू विद्यालय परिसर में आयोजित होगा। इसके लिए परिसर की साफ-सफाई, मंच निर्माण, टेंट व कुर्सी की व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक इंतजाम किए जा रहे हैं। व्यवस्था संबंधी कार्य को पंचायत की मुखिया कुमारी अर्पणा व पंचायत सचिव की देखरेख में पूरा कराया जा रहा है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजकुमार



सिंह सहित अन्य शिक्षक भी तैयारी में अपेक्षित सहयोग कर रहे हैं। इधर बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी श्रेया कश्यप ने प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का दौरा कर वहां चल रही तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने कार्यक्रम की तैयारी में लगे कर्मियों व संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। एसडीएम के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार गौतम, शिक्षा विभाग के प्रखंड परियोजना प्रबंधक विप्रेन्द्र कुमार, पंचायत सचिव, मुखिया कुमारी अर्पणा सिन्हा, रामदिहल सिंह यादव प्लस टू विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजकुमार सिंह, राकेश कुमार सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

# सहार थाना में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न।

**दैनिक समाज जागरण ओमजी तिवारी सहार भोजपुर।**

भोजपुर जिला के सहार थाना पुलिस ने बुधवार को दुर्गा पूजा को लेकर सहार थानाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार के अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया।जिसमें थानाध्यक्ष ने कहा कि प्रत्येक पंडाल वाले को शांति पूर्ण तरीके से आपसी भाईचारा के साथ त्योहारों को मनाने एव पूजा समिति को लाइसेंस लेना अनिवार्य है। लाइसेंस धारी के लिए आवश्यक शर्तें मूर्ति विसर्जन के निर्धारित तिथि को विसर्जन कर देना है। DJ पूर्णतः प्रतिबंधित है। सीसीटीवी कैमरा लगाना अनिवार्य है। अशलील या भड़काऊ गाना बजाना पूर्णतः प्रतिबंधित है। पूजा समिति के सभी कार्यकताओं को अपना आधार जमा करना होगा। किसी भी प्रकार की विधि व्यवस्था में चूक होने पर पूजा समिति के अध्यक्ष और उसके कार्यकर्ता जिम्मेवार होंगे। वही शराबियों पर पैनी नजर रखने तथा शराबी जिस पंडाल में दिखेंगे तो शराबी सहित कमिटी पर भी



एफआईआर होगी इस लिए कमिटी को अगर उसके पंडाल के आस पास शराबी दिखे तो तुरंत सूचना प्रशासन को दें सूचना देने पर शराबी के ऊपर ही करवाई की जाएगी।बैठक में सहार प्रखंड के सभी दुगार्पूजा समिति के अध्यक्ष सचिव सदस्य सहित सहार सरपंच चंदन कुमार,गुलजारपुर सरपंच शकूर मियां,सहार मुखिया बसंत कुमार, पेरहाप मुखिया महेंद्र प्रसाद, खड़ाव चतुर्भुज के मुखिया समरेश सिंह, जदयू नेता सह गुलजारपुर मुखिया प्रतिनिधि गुड्डू प्रसाद,सहार पैक्स अध्यक्ष गोविंद प्रसाद,विमल मौआर,बैद्यनाथ साह,वकील साह, रविंद्र राय अक्षय कुमार समिति सुनील चौधरी,दुलारचंद राम सहित दर्जनों जनप्रतिनिधियों व सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अंतराष्ट्रीय बालिका दिवस पर बेटी जन्मोत्सव का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण सतीश कुमार पीरो भोजपुर**

भोजपुर जिले के पीरु अनुमंडल स्थित कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के मौके पर महिला व बाल विकास निगम भोजपुर के तत्वावधान में बेटी जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान अनुमंडल मुख्यालय स्थित कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय में वार्डेन पूर्णिमा कुमारी की देखरेख में रैली सहित कई अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। मौके पर प्रधानाध्यापक मिथिलेश कुमार मिश्र, वार्डेन पूर्णिमा कुमारी, पर्यवेक्षिका पूनम कुमारी, गीता कुमारी, लेखा सहायक अर्चना कुमारी, बीआरपी शशिभूषण कुमार, सहित अन्य लोगों ने समाज में बालिकाओं के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। वार्डेन पूर्णिमा कुमारी ने आधी आबादी के महत्व की चर्चा करते हुए कहा कि महिलाओं के बिना मानव के अस्तित्व की



कल्पना भी नहीं की जा सकती है। एक समय था जब बालिकाओं को कम आंका जाता था पर आज लोगों को इनके महत्व का पता चल गया है। आज बालिकाओं ने समाज के हर क्षेत्र में अपनी सफलता का झंडा गाडकर यह साबित किया है कि वे किसी भी मायने में कम नहीं है। खासकर शिक्षा के क्षेत्र में तो बालिकाओं की सफलता दर बालकों की तुलना में अधिक है। चाहे मैट्रिक परीक्षा का परिणाम हो या इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम सब में बालिकाएं आगे रही हैं। इसी तरह विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में भी बालिकाओं का परचम लहरा रहा है।

# नदी में डूबने से खेत में जा रहे किसान की मौत

**दैनिक समाज जागरण विकास सिंह आरा भोजपुर**

भोजपुर जिले के आयर थाना क्षेत्र के आयर गांव स्थित नदी में डूबने से खेत में जा रहे एक किसान की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतक आयर थाना क्षेत्र के भगवान टोला गांव निवासी स्व.गेना सिंह के 60 वर्षीय पुत्र पारस सिंह है एवं वह पेशे से किसान थे। इधर मृतक के चाचा राम प्रवेश सिंह ने बताया कि बुधवार की सुबह वह अपने खेत में जा रहे थे और खेत में जाने के लिए गांव में स्थित नदी में प्रवेश कर एक ओर से दूसरी ओर जाना होता है। जाने के क्रम में जब वह नदी में प्रवेश कर एक ओर से दूसरी और जा रहे थे। उसी दौरान वह डूबने लगे। तभी वहां घास गढ़ रही एक महिला ने उन्हें डूबता देख शोर मचाना शुरू किया। उसके शोर मचाने की आवाज सुनकर उनके परिजन एवं स्थानीय ग्रामीण जब तक घटनास्थल पर पहुंचे तब तक वह डूब चुके थे। इसके बाद ग्रामीणों के सहयोग से उनके शव को पानी से बाहर निकला गया। इसके पश्चात परिजनों ने इसकी सूचना स्थानीय थाना को



दी। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। वहीं दूसरी तरफ घटना की सूचना पाकर बलिगांव पंचायत के सरपंच मोहित कुमार आरा सदर अस्पताल पहुंचे और मृतक के परिजनों से मिल घटना की पूरी जानकारी ली एवं उन्हें ढांढस बंधवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने दो भाई व एक बहन में छोटे थे। मृतक के परिवार में पत्नी तिलिया देवी,तीन पुत्री सरिता देवी,सविता देवी,अनीता देवी व चार पुत्र उपेंद्र सिंह,सुनील सिंह एवं जंगी सिंह है। मृतक के मझले बेटे संजय सिंह की मृत्यु कुछ वर्ष पूर्व हो गई थी। हादसे के बाद मृतक के घर में हाहाकार मच गया है। वहीं इस हादसे के बाद मृतक की पत्नी तिलिया देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल था।

# अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से जख्मी।

**दैनिक समाज जागरण:विकास कुमार चरपोखरी भोजपुर**

भोजपुर जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र के के आरा-ससाराम स्टेट हाईवे पर ध्यानी टोला के समीप अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बाइक सवार युवक बुरी तरह जख्मी हो गया। आनन-फानन में स्थानीय लोगों द्वारा उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गड़हनी में भर्ती कराया गया जहां से चिकित्सकों ने जख्मी का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए आर रेफर कर दिया।जख्मी युवक की पहचान पटना जिले के बिहटा थानाक्षेत्र के घोड़टाप गांव निवासी वाराणसी सिंह का 32 वर्षीय पुत्र रुदल कृष्ण बताया जा रहा है।

जख़्मी युवक अपनी बहन के घर बहुआरा से पुनः अपने गांव लौट रहा था की अचानक ध्यानीटोला के समीप अज्ञात वाहन के चपेट में आने से जख्मी हो गया।जख्मी युवक का आरा सदर अस्पताल में उपचार के बाद चिंताजनक स्थिति में पटना रेफर कर दिया गया।

# गाली-गलौज करने के विवाद को लेकर तीन दोस्तों की पिटाई

**दैनिक समाज जागरण विकास सिंह आरा भोजपुर**

भोजपुर जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के मखदुमपुर गांव स्थित बगीचे में गाली-गलौज करने के विवाद को लेकर तीन दोस्तों की जमकर पिटाई कर दी गई। जिससे तीनों जख्मी हो गए। इसके बाद उनका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया गया। जानकारी के अनुसार जख्मियों में शाहपुर थाना क्षेत्र के गरैया गांव निवासी गोविंद राम का 24 वर्षीय पुत्र मुकेश राम,उसी गांव के निवासी बिरेंद्र राम का 21 वर्षीय पुत्र अरुण कुमार राम एवं पवन राम का 18 वर्षीय पुत्र कल्याण कुमार शामिल है एवं तीनों दोस्त है। इधर मुकेश राम ने बताया कि बुधवार की दोपहर वह तीनों अपने गांव से मखदुमपुर गांव स्थित बगीचे में घूमने गए थे। जहां मखदूमपुर गांव के कुछ युवक क्रिकेट खेलने के लिए आगे और उन्हें वहां से जाने के लिए कहा। जब उसने कहा कि ठीक है मैं जा रहा हूं। तभी उन लोगों द्वारा गाली-गलौज किया जाने लगा। जब उसने कहा कि गाली क्यों दे रहे हो मैं तो जा रहा हूं। इसी बात को लेकर उक्त युवकों ने उसे पीटना शुरू कर दिया। अपने दोस्त को पिटता देखा जब अरुण कुमार राम एवं कल्याण कुमार उसे बचाने गए तो उक्त युवकों द्वारा उसकी भी पिटाई कर दी गई। जिससे तीनों जख्मी हो गए। इसके बाद उनका इलाज आरा सदर अस्पताल लाया गया।

# विधिक जागरूकता शिविर का आयोजत

**दैनिक समाज जागरण सतीश कुमार पीरो भोजपुर**

भोजपुर जीला अन्तर्गत पीरो प्रखण्ड मुख्यालय में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के मौके पर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में यहां विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। पीरो अनुमंडल मुख्यालय स्थित प्लस टू विद्यालय में आयोजित



शिविर के दौरान विद्यालय की छात्राओं को भारतीय संविधान में प्रदत अधिकारों, कर्तव्यों व अन्य अनुच्छेद व अनुसूचियों के साथ-साथ आईपीसी की विभिन्न धाराओ व कानूनी पहलुओं की जानकारी दी गई। इसके पूर्व छात्र छात्राओं के बीच चित्रांकन, नृत्य, दौड सहित कई अन्य प्रतियोगिताएं करायी गई। विभिन्न प्रतियोगिताओं में अव्वल प्रतिभागियों को पीरो बार एसोसिएशन के महासचिव सह अनुमंडल विधिक सेवा समिति के पैनल अधिवक्ता श्यामानंद पांडेय व कोषाध्यक्ष अरूण कुमार राय द्वारा पुरस्कृत किया गया। मौके पर पीएलवी शिवम कुमार तिवारी, निर्भय कुमार,शशिभूषण शर्मा, हृषिकेश राय, प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनिल कुमार सिंह के अलावे कई शिक्षक व छात्राएं मौजूद थी।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर संवाद कार्यक्रम आयोजित

**दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि गडहनी**

भोजपुर जिला अंतर्गत गड़हनी बाल विकास परियोजना कार्यालय गडहनी के द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (आवासीय) के प्रांगण से ब्लॉक मोड तक सीडीपीओ श्वेता कुमारी के



नेतृत्व में प्रभात फेरी निकाली गई।इस अवसर पर बालिका विद्यालय के 40 छात्रों के बीच टीशर्ट एवं टोपी का वितरण किया गया।वहीं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के प्रांगण में छात्राओं के बीच संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।संवाद कार्यक्रम के तहत बालिकाओं को उनके अधिकार के बारे में बताया गया। मौके पर प्रवेशिका शकुंतला कुमारी, ललिता देवी, मीरा कुमारी वार्डन चंचला कुमारी सहित विद्यालय के सभी छात्राएं उपस्थित थी।

# आरा एकवना पावर ग्रिड मेंटेनेंस के कारण 6 घंटे बिजली रहेगी बाधित

**दैनिक समाज जागरण ओमजी तिवारी सहार भोजपुर**

भोजपुर जिला के सभी प्रखंड क्षेत्रों में बिजली की सप्लाई गुरुवार को छः घंटे बिजली बाधित रहेगी। सहार बिजली जेई जितेन्द्र कुमार ने बताया कि गुरुवार को एकावना पावर ग्रिड में अधिस्थापित 100 MVA ke पॉवर ट्रांसफार्मर का दोष पूर्ण 132 केवी मेन बुश इंसुलेटर को बदलने के कार्य हेतु सुबह 09 बजे से 03 बजे तक बिजली बाधित रहेगी। इसलिए बिजली विभाग के कनीय अभियंता जितेंद्र कुमार ने कहा कि सहार क्षेत्रों के बिजली उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि अपने बिजली संबधित काम समय से पहले निपटा लें।

# आंगन संस्था द्वारा गड़हनी थाना परिसर में महिला व लड़कियों को अधिकारों की सुरक्षा को ले दी गई प्रशिक्षण

**दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि गड़हनी**

भोजपुर जिला अंतर्गत गड़हनी एस पी के पहल पर बुधवार को गड़हनी थाना प्रांगण में आंगन संस्था के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता थानाध्यक्ष प्रियंका गुप्ता ने की। इस दौरान आंगन संस्था से जुड़ी ट्रेनर शकुन्तला श्रीवास्तव द्वारा कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं व युवतियों



को महिला और बाल सुरक्षा पैनल के गठन का उद्देश्य व उनकी भूमिकाओ और उससे बचाव के समाधान के बारे में बताया गया। साथ ही महिलाओं व युवतियों से उनकी व इच्छा सुन उसके निदान को लेकर आवश्यक सलाह व सुझाव भी दिए गए। वहीं थानाध्यक्ष प्रियंका गुप्ता ने महिलाओं को जागरूक करते हुये महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक रहने को लेकर कई उपाय व सुझाव दिए और बच्चीयों को हौशला भी बढ़ाया ।लड़कियों की कब शादी करना चाहिए व शादी के बाद कैसे परिवार के साथ रहना चाहिये उस संबंध में भी बिस्तार से बताई।साथ ही कहा कि किसी भी तरह के समस्या को ले आपलोग बेहिचक हमारे पास फोन कर सकती है जिसपर तुरंत अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष ने कहा कि आप लोगो के सामने कोई भी कठिनाई आये तुरंत मुझे अवगत कराएं मैं उसका समाधान निकलूंगा।

# नबीनगर कान्यकुब्ज हलवाई द्वारा समाज की संगठन के लिए किया गाया बैठक

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 11अक्टूबर 2023 औरंगाबाद जिले के नबीनगर प्रखण्ड के राजा गोपाल इंग्लिश अकादमी परिसर मे कान्यकुब्ज हलवाई समाज द्वारा एक बैठक अयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता गोवर्धन प्रसाद उर्फ गामा ने किया जबकि संचालन प्राचार्य डॉ अशोक कुमार द्वारा किया गया। देर रात तक चली बैठक मे समाज की महता और संगठन की ताकत पर प्रकाश डालते हुए संगठन बनाने के लिए सभी उपस्थित लोगों द्वारा एकमुस्त सुझाव स्वीकार करते हुए संगठन बनाने को सहमत हुए।बैठक मे विस्तृत रूप से संगठन की रूप रेखा तय करने एवम कमिटी बनाने का सुझाव अनील कुमार द्वारा दिया गया जिसे सभी लोगो ने स्वीकार किया। बैठक मे प्रखंड के कई क्षेत्रों जैसे टंडवा, सुरार,बड़ेम एवम



मझियांव स्थित स्वजातीय बंधुओं को भी संगठन मे शामिल करने एवम अगली बार से बैठक मे बुलाने का प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित किया गया ।साथ ही इस कार्य को करने की जिम्मेवारी गोवर्धन प्रसाद उर्फ गामा को सौंपा गया।अगली बैठक त्योहार के बाद करने का निर्णय लिया गया ।

बैठक मे मुरारी गुप्ता,अरुण कुमार, अन्नु गुप्ता, संजय गुप्ता,प्रमोद गुप्ता ,संतोष कुमार,लड्डू गुप्ता,मनोज कुमार गुप्ता,मुन्ना गुप्ता,राजेश कुमार,रंजीत कुमार गुप्ता,छेदी प्रसाद गुप्ता, गोलू गुप्ता, टंडवा से अनूप गुप्ता और मनोज गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे।

# पेंशनर एसोसिएशन नबीनगर की मासिक बैठक मे लिए गए कई निर्णय

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 11 अक्टूबर 2023 आज नबीनगर के सोखा बाबा मंदिर प्रांगण मे पेंशनर एसोसिएशन प्रखंड इकाई नबीनगर की बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता रामचंद्र उपाध्याय ने किया जबकि संचालन एसोसिएशन के सचिव शंकर प्रसाद द्वारा किया गया। पेंशनर एसोसिएशन की बैठक मे कई निर्णय लिया गया। सचिव शंकर प्रसाद ने बताया कि बैठक मे निर्णय लिया गया कि बैंक मैनेजर से मिलकर पेंशनर एवम वरिष्ठ नागरिकों के लिए भुगतान की एक अलग काउंटर खोलने की मांग की जाएगी जिससे पेंशनरों एवं वरिष्ठ नागरिकों को पेंशन लेने में सुविधा हो सके ।एक अन्य निर्णय में बताया



गया कि नबीनगर को अनुमंडल बनाने की मांग प्रबुद्ध वर्ग द्वारा किया जा रहा है जिसका पेंशनर एसोसिएशन तन मन धन से समर्थन करता है।बैठक मे निर्णय लिया गया कि चुकी यह संगठन रजिस्टर्ड है अतयव कोई भी लिखित प्रतिवेदन सरकार को या संबंधित पदाधिकारी को लेटर पैड पर अध्यक्ष या सचिव के हस्ताक्षर से ही दिया जाएगा। बैठक मे बताया गया कि वर्तमान मे अध्यक्ष का पद रिक्त हैं जिसे अगली बैठक मे चयन कर लिया जाएगा। मौके पर सुदीप राम, रामजन्म राम, सुनैना देवी, शिव शंकर तिवारी,कृष्ण कुमार सिन्हा,सरस्वती देवी उपस्थित थी।

# औरंगाबाद जिला पदाधिकारी ने किया सर्किट हाउस का निरीक्षण, दिया आवश्यक दिशा-निर्देश

दैनिक समाज जागरण अविनाश कुमार जिला संवाददाता औरंगाबाद बिहार

औरंगाबाद जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में सर्किट हाउस का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में सर्किट हाउस एजेंसी को हाउसकीपिंग खराब रहने के कारण स्पष्टीकरण किया गया। निरीक्षण के क्रम में दो कमरों का एसी खराब थे जिसे शीघ्र ठीक करने अथवा चेंज करने का निर्देश दिया गया। साथ ही साफझसफाई बेहद खराब था (जैसे धूल मकड़ जाल आदि) थे।



अतिथि के गार्ड के लिए बने भवन मे एसपी (अभियान) मुकेश कुमार के गार्ड को विस्थापित करने का निर्देश दिया गया। सभी कमरों को सोफा एवं बेड पर वाइट कलर का कभर लगाने का निर्देश दिया गया। भवन के प्रत्येक फ्लोर को दो-तीन घंटे के अंतराल पर साफ सफाई करने का निर्देश दिया।

# तेतरिया सोन नदी के समीप से 140 लीटर देसी महुआ शराब बरामद

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवादाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर ( बिहार) 11 अक्टूबर 2023 औरंगाबाद जिले के नबीनगर थाना क्षेत्र के तेतरिया सोन नदी के समीप से देसी महुआ चुलाई शराब बरामद किया गया है इस क्षेत्र मे अवैध शराब का धंधा काफी फलफूल रहा है साथ ही शराब तस्कर काफी सक्रिय रहते हैं और तस्करों के लिए




यह इलाका सेफ जोन माना जाता है ।आए दिन इस क्षेत्र से शराबी,शराब और तस्कर पकड़े जाते है।इसी क्रम मे ए एस आई तारकेश्वर तिवारी ने सशस्त्र बलों के साथ इस क्षेत्र मे सर्च अभियान चलाया सर्च अभियान मे छुपा कर रखा गया 140 लीटर चुलाई महुआ शराब बरामद किया गया।

मामले मे थानाध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय द्वारा बताया गया कि शराब को जब्त कर थाना लाया गया है इसमें कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जारही है।

# औरंगाबाद जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सुकुल राम द्वारा मण्डल कारा औरंगाबाद का निरीक्षण किया गया।

**दैनिक समाज जागरण अविनाश कुमार जिला संवाददाता औरंगाबाद बिहार**

सचिव सुकुल राम द्वारा जेल के प्रत्येक वार्ड का निरीक्षण किया गया तथा बंदियों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त किया गया। मण्डल कारा में निरीक्षण के दौरान पुरे समय तक जेल अधीक्षक उपस्थित रहें एवं सचिव ने कैदियों को कारा में उत्पन्न हो रही समस्याओं से अवगत होने के उपरान्त कैदियों के समक्ष ही तत्काल निदान करने का निर्देश जेल अधीक्षक को दिया। साथ ही सचिव द्वारा जेल के निरीक्षण के दौरान यह निर्देश दिया गया कि जो कैदी प्रथम दृष्टया देखने में नाबालिग प्रतीत होते हैं और उनकी उम्र 18 वर्ष वर्ष से कम है इसपर सचिव ने तत्काल कारा अधीक्षक को यह निदेशित किया कि इनकी सूची सम्बन्धित न्यायालयों में उनकी आयु के सत्यापन हेतु प्रेषित करें, ताकि विधि अनुसार उनके मामलों पर कार्रवाई हो सके तथा वैसे कैदियों की सूची तत्काल जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करें। सचिव ने अपने निरीक्षण के दौरान बंदियों से उनके जमानत एवं अधिवक्ता के सम्बन्ध में पूछताछ किया।

इसके उपरान्त सचिव ने जेल में स्थापित लिगल एड क्लिनिक में प्रतिनियुक्त कैदी पारा विधिक स्वयं



सेवकों को प्रशिक्षण एवं उनके कार्यो का मूल्यांकन के दौरान उनके द्वारा पूर्व में बनाये गये पंजी का निरीक्षण किया. जेल भ्रमण में निरीक्षण के दौरान सचिव द्वारा मच्छर और डेंगु से बचाव के लिए जेल के पुरे परिसर की निरंतर साफ-सफाई हेतु आवश्यक निर्देश भी दिया गया । सचिव द्वारा सभी कैदियों से उनके अधिवक्ता के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त किया गया तथा कहा गया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा विधिक सहायता की आवश्यकता रखने वालो के लिए उन्हें मुफ्त पैनल अधिवक्ता की सेवा मुहैया करायी जाती है। कुछ ऐसे कैदी मिलें जिन्हें विधिक सहायता के अन्तर्गत पैनल अधिवक्ता की सेवा चाहिए उन्हें सचिव द्वारा पैनल अधिवक्ता की सेवा तत्काल देने की बात कही तथा तत्काल कारा में स्थापित लिगल एड ििक्लनक में अधिवक्ता उपलब्ध कराने हेतु अग्रेत्तर कार्रवाई का निर्देश दिया। सचिव द्वारा यह भी निर्देश दिया गया कि जो भी नये कैदी जेल में आते हैं तो बंदी के दौरान उनके अधिकार एवं कर्तव्य के बारे में बतायें साथ ही साथ अगर उन्हें विधिक सहायता की आवश्यकता है तो किस प्रकार उन्हें विधिक सहायता मिल सकती है के बारे में भी बताया। मण्डल कारा औरंगाबाद में लिगल एड क्लिनिक अपना कार्य सुचारू रूप से कर रहा है जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से उन्हें विधिक सहायता मुहैया कराने में भरपुर मदद की जा रही ।

# अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर साईकिल रैली का किया गया आयोजन।

## डीएम एवं एसपी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया रवाना।

**दैनिक समाज जागरण अविनाश कुमार जिला संवाददाता औरंगाबाद**

औरंगाबाद।महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार के तहत जिला प्रशासन औरंगाबाद के तत्वावधान में बेटी बचाओ,बेटी पढाओ योजनान्तर्गत अंन्तरर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं! इस अवसर पर समाहरणालय परिसर से बालिका साईकिल रैली का आयोजन किया गया! रैली को जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक महोदया ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किये! रैली समाहरणालय से प्रखंड परिसर होकर पुनः समाहरणालय परिसर में आकर समाप्त हुआ! इसी तरह प्रत्येक प्रखंड में इस तरह के साईकिल रैली का आयोजन किया गया! आयोजित कार्यक्रम की कडी में सभी कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय में कॉफी पर संवाद का आयोजन किया गया! कुटुम्बा कस्तूरबा विद्यालय में जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस,जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा एवं जिला परियोजना प्रबंधक,महिला



एवं बाल विकास निगम,औरंगाबाद द्वारा आवासित बच्चियों के साथ कॉफी पर संवाद किया गया इस दौरान बच्चियों ने अपने-अपने अनुभव शेयर की साथ ही स्वास्थ्य,शिक्षा,एवं अन्य विन्दुओं पर संवाद किया साथ ही उपस्थित पदाधिकारियों ने अपने- अपने अनुभव शेयर किए तथा बच्चियों के सबालों का जबाव देते हुए उनके संशय दूर करते हुए आवश्यक सुझाव दिए! अंतरर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर आयोजित कार्यक्रम की कडी में सभी परियोजना द्वारा बेटी जन्मोत्सव का आयोजन किया गया इसके तहत नवजात कन्या शिशु के अभिभावक को बधाई संदेश कार्ड एवं बेबी किट देकर सम्मानित किया गया! इसी क्रम चिन्हित बालिका विद्यालय में दंगल,चकदे इंडिया,मैरीकॉम एवं गुंजन सक्सेना जैसे फिल्म का प्रदर्शन किया गया! बेटी बचाओ, बेटी पढाओ योजना के तहत यह कार्यक्रम दो दिन तक चलेगा जिसमें 12 अक्टूबर को भाषण/पेंटिंग प्रतियोगिता , नुक्कड नाटक, एवं वृक्षारोपण जैसे कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

# नबीनगर छठ घाट के समीप से टनाका शराब बरामद बाइक जब्त

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवादाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 11 अक्टूबर 2023 नबीनगर के टंडवा नबीनगर मुख्य पथ मे छठ घाट के समीप से झारखंड निर्मित देसी टनाका शराब बरामद किया गया है। पी एस आई अनीत कुमार की टीम द्वारा छठ घाट के समीप खड़ी लाल रंग की पैशन प्रो बाइक जिसका नंबर खल 03 ए6248 को जांच करने पर उसमे 180 एम एल का 75 पीस झारखंड निर्मित टनाका शराब बरामद किया।



थानाध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय ने बताया कि शराब और बाइक को जब्त कर थाना लाया गया है किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है मामले मे प्राथमिकी दर्ज.कर आगे की कार्रवाई की जारही है।

# शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के के पाठक एक तरफ शिक्षा व्यवस्था सुधारने का हरसंभव प्रयत्न कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर विद्यालय का हाल खस्ता

**समाज जागरण**
**जिला संवादाता विवेक कुमार**

भागलपुर(बिहार)पुरैनी में उत्क्रमित विद्यालय हैं जहां बच्चों को बैठने तक के लिए बेंच डेस्क तक नहीं है। तीन साल पहले ये मध्य विद्यालय से उच्च विद्यालय बना। साल भर पहले इसे प्लस टू का भी दर्जा मिल गया। शिक्षकों की कमी के कारण पढ़ाई प्रभावित हो रही है। सूबे में डेंगू के कहर से लोग कराह रहे है और भागलपुर डेंजर जोन में है। सभी जगह साफ सफाई रखने की हिदायत दी गई है। लेकिन स्कूल प्रबंधन इससे बेखबर है। विद्यालय परिसर में गंदगी फैली हुई है पानी का जल जमाव है। इस पानी में मच्छर का



लार्वा पनप रहा है। शिक्षक या बच्चे कोई भी डेंगू का शिकार हो सकते हैं। इस संबंध में स्कूल के प्रधानाचार्य महेश कुमार और अध्यक्ष ने पल्ला झाड़ते हुए कहा कि मुखिया को सूचित कर दिया मगर ब्लीचिंग नहीं मिला। स्कूल में एमडीएम भोजन खाने के बाद बच्चों से प्लेट धुलवाया जा रहा है। इतना ही नहीं प्रधानाचार्य को पानी पिलाने के लिए बच्चे बाल्टी में पानी भरकर ले जा रहे हैं। स्कूल के प्रधानाचार्य कहते हैं कि प्लस टू बनने के बाद एक भी शिक्षक की नियुक्ति नहीं की गई है।

# जब जेपी ने किया था सिंहनाद, तो हिल उठी थी तानाशाह सरकार की नींव:संतोष कुमार

**समाज जागरण**

भागलपुर( बिहार )दिनाक 11/10/2023 को सदर अस्पताल परिसर में जयप्रकाश नारायण के प्रतिमा के पास जेपी जयंती के अवसर पर सेनानियों का अंगवस्त्र से सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संतोष कुमार ने किया भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा की जेपी के जीवन के विभिन्न पहलुओं की चर्चा करते हुए कहा कि जेपी जैसे महापुरुष युगों-युगों में पैदा होते हैं। उन्होंने देश को परिवर्तन की राह दिखाई ही नहीं, उसको हकीकत में बदलने का काम भी किया। देश को उन पर नाज है।जयप्रकाश नारायण की प्रेरणा को लेकर ही हमारी पार्टी काम करती है.लोकतंत्र सेनानियों और आपातकाल के पीड़ितों को सम्मनित कर प्रणाम किया गया।वरिष्ठ नेता निरंजन साह ने कहा की वे जीवनपर्यंत भारतीय लोकतंत्र को सशक्त करने की दिशा में प्रयासरत रहे। उनका निस्वार्थ सेवा भाव देशवासियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा।जयप्रकाश का जन्म पद के



भोग के लिए नहीं, बल्कि आदर्श स्थापित करने के लिए पद के त्याग का था।जिला प्रवक्ता विनोद सिन्हा ने कहा की नौजवानों के आंदोलन और उसमें उनके नेतृत्व की परिणिति 1977 में जनता पार्टी के गठन और जनता सरकार के अस्तित्व में आने की जीती जागती मिसाल है जिसने यह साबित किया कि जनता जब जाग जाती है तब तानाशाही ताकतों को ध्वस्त होते देर नहीं लगती। उससे पूर्व उन्होंने अपना समय सर्वोदय के क्षेत्र में रचनात्मक कार्यों में समर्पित किया।उन्होने कहा कि आज बिहार सरकार के हर विभाग में भ्रष्टाचार व्याप्त है, आज आवश्यकता है कि आम जनता इसके खिलाफ आवाज बुलंद करे तभी इनके आत्मा को शांति मिलेगी।इस अवसर पर योगेश पांडेय,प्रदेश प्रवक्ता आलोक सिंह बंटू,जिला मीडिया प्रभारी प्राणिक वाजपेयी,चंदन ठाकुर,रितेश घोष,विजयमित्रा मंडल अध्यक्ष निरंजन चंद्रवंशी, धर्मेन्द्र बब्लू,सरस्वती दास, प्रकाश साह उपस्थित रहे।

# सुभाष राय बने आर जे डी के पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष

**समाज जागरण दीपनारायण यादव**

मेहसी बिहार प्रखंड क्षेत्र के कटह। पंचायत के समाजसेवी सुभाष राय को आर जे डी का पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया है।वही सुभाष राय ने बताया कि आर जे डी के मोतिहारी में हुई बैठक में संगठन का विस्तार हुआ जिसमें उन्हें पचायती राज प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया है।साथ ही उन्हें बताया कि पार्टी के द्वारा मिले जिमवारी का पालन सही से करेंगे ।वह पार्टी को सिद्धांत को लोगों तक पहुंचाएंगे।



# अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा की जिला कार्यकारिणी समिति की हुई बैठक

**समाज जागरण**
**जिला ब्यूरो प्रभात कुमार मिश्रा**

भागलपुर (बिहार)अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा भागलपुर इकाई द्वारा जिला कार्यकारिणी समिति की बैठक रखी गई जिसमें यादव समुदाय के विकास को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा हुई शिक्षा विभाग स्वास्थ्य विभाग से लेकर कई विभागों पर विशेष वार्ता की गई साथ ही एक साल में क्या कार्य हुआ उसे पर समीक्षात्मक बैठक भी की गई कार्यक्रम के दौरानई सुभाष कुमार यादव,उपाध्यक्ष रंजन यादव,युवा अध्यक्ष अंकित कुमार यादव,महिला



जिला अध्यक्ष राजुरंजना,अभिषेक यादव, प्रपुण प्रताप ,डॉक्टर पंकज कुमार यादव,अधिवक्ता मनोज कुमार यादव,बालकृष्ण यादव,महादेव यादव सहित भागलपुर जिला के कहलगांव प्रखंड अध्यक्ष विजय यादव,गोराडीह से अवनिनाश कुमार यादव सनहोल से सुदाम यादव, सित्तू यादव, अंजली कुमारी,नेहा यादव, पिंकियादव ,ललिता देवी सहित अखिल भारतीय यादव महासभा के कई गन्यमान लोग उपस्थित थे ।

# जी बी कॉलेज के छात्र घनश्याम का हुआ भव्य स्वागत प्राचार्य व अध्यापकों ने अंग वस्त्र देकर किया सम्मानित।

**दैनिक समाज जागरण**
**श्याम कुमार ठाकुर**

बिहपुर- (बिहार) बुधवार को जीबी कॉलेज में घनश्याम का भव्य स्वागत किया गया बता दें कि दिल्ली के रोहिणी शहर स्थित सेवेन सीज होटल में घनश्याम को 8 अक्टूबर को ग्रीन एजुकेशन एक्सीलेंस अवार्ड 2023 के लिए यंग अचीवर अवार्ड से सम्मानित किया गया यह अवार्ड घनश्याम के शिक्षा क्षेत्र में निरंतर बदलाव को देखते हुए साथ ही लेखनी में उत्तरोत्तर विकास को देखते हुए दिया गया।दिल्ली से लौटने पर घनश्याम को कॉलेज परिवार ने बड़े ही जोर शोर से स्वागत के साथ उनका सम्मान किया साथ ही कॉलेज के प्राचार्य डॉ शिव शंकर मंडल ने घनश्याम को ढेर सारी बधाइयां दी इस मौके पर डॉ ममता कुमारी, डॉ ए जमान, डॉ दिव्या प्रियदर्शी डॉ मनोज सिंह डॉ राजकुमार प्रसाद ,डॉ उषा शर्मा , प्रो मोहम्मद हुसैन, प्रो आलोक अमित ,ने भी घनश्याम को बुके व अंग वस्त्र देकर सम्मानित



किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही । बिहपुर के रेलवे इंजीनियरिंग मैदान में नौगछिया पुलिस जिला बैडमिंटन संघ के सभी खिलाड़ियों ने भी घनश्याम का सम्मान किया इस सम्मान समारोह का नेतृत्व व संयोजन संघ के जिला सचिव ज्ञानदेव कुमार ने किया इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी राहुल कुमार ,अंकित कुमार शर्मा समेत खिलाड़ी अविनाश कुमार शर्मा रवि राहुल, आदित्य राज, मुकुल, मो सैफ ,अजीत कुमार, बिट्टू, गुलशन ,पुष्कर ,अभिषेक ,सनी व सूरज आदि शामिल हुए बाल बैडमिंटन के राष्ट्रीय खिलाड़ी घनश्याम ने कई किताबें को लिखा है वही घनश्याम का चयन साथ ही 2024 में नेपाल के काठमांडू में होने वाले निबुल टैलेंट इंटरनेशनल प्रोग्राम के लिए घनश्याम का चयन कर लिया गया।

# भाजपा में काफी संख्या में लोग सदस्यता ग्रहण किया

**समाज जागरण अनुमंडल संवादाता मनोज कुमार साह**

महगामा/गोड्डा झारखंड बुधवार को को भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक सिंह के आवास पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव मेहता एवं जिला महासचिव कृष्ण मुरारी चौबे की उपस्थिति में झारखंड मुक्ति मोर्चा के दर्जनों कार्यकताओं ने भाजपा में शामिल हुआ। जिसमें झारखंड म मुक्ति मोर्चा के



महागामा नगर अध्यक्ष कृष्ण मोहन चौबे एवं नगर सचिव चंदन कुमार भगत के विवेक कुमार पांडे, अमित कुमार भगत प्रीतम कुमार, केसरी शंकर शाह ,पवन कुमार ठाकुर, चंदन कुमार शाह, जितेंद्र कुमार शाह आनंद कुमार शाह, तुषार ठाकुर, अभिषेक कुमार ठाकुर, गुडन कुमार भगत ,निरंजन दास, सदानंद यादव आदि ने भाजपा का सदस्यता ग्रहण किया। वही मौके पर जिला अध्यक्ष ने कहा की महागामा इससे भाजपा की मजबूती होगी।

# विश्व किशोरी दिवस विषय पर रामजानीपुर मध्य विद्यालय और महिला प्रशिक्षण केंद्र मे हुआ जागरूकता शिवीर का आयोजन

**अनुमूडल संवाददाता कन्हैया खंडेलवाल**

कहलगांव बिहार अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष अवर न्यायाधीश श्री अमित कुमार शर्मा और सचिव मुंसिफ श्रीमती शिल्पा प्रशांत मिश्रा के निर्देशन में हुआ कार्यक्रम ।प्राधिकार के पैनल अधिवक्ता श्री अनुज कुमार झा और पारा लीगल वॉलंटियर उत्तम कुमार ने दी संबंधित जानकरी प्रदान की साथ में वार्ड सदस्य, स्कूल के शिक्षकों सहित बड़ी संख्या मे छात्राओं ने लिया भाग। अनुमंडल विधिक सेवा समिति, व्यवहार न्यायालय , कहलगांव के तत्वाधान मे अनुमंडल के रामजानीपुर मध्य विद्यालय परिसर मे विश्व बालिका दिवस विषय पर जागरूकता शिवीर का आयोजन करते हुए पैनल अधिवक्ता श्री अनुज कुमार झा ने बताया की हर साल 11अक्टूबर को दुनिया भर के लोग अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाते हैं। यह दिन लड़कियों के सामने आने वाली अनोखी चुनौतियों और अवसरों के बारे में जागरूकता बढ़ाने, लैंगिक समानता को बढ़ावा देने और लड़कियों को उनकी पूरी क्षमता तक पहुंचने के लिए सशक्त बनाने के लिए समर्पित है। प्राधिकार के मनीष पांडेय ने बताया की विश्व बालिका दिवस अभियान मनाने को लेकर आज सुबह दस बजे से ही इस जागरूकता कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। दुनियाभर में हर साल 11 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है. इस दिन के मनाने की शुरूआत युनाइटेड नेशन (UN) ने सन 2011में की थी. इंटरनेशनल डे ऑफ गर्ल चाइल्ड को मनाने के पीछे का उद्देश्य लड़कियों को विकास के अवसर प्रदान कर समाज में लड़कियों को सम्मान और अधिकार दिलाना है. राष्ट्रीय स्तर पर प्रत्येक वर्ष 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस के रूप में मनाया जाता है इस अवसर विद्यालय परिसर में मौलिक अधिकार और कर्तव्य का भी वाचन किया गया । विदित हो की अनुमंडल विधिक सेवा समिति, कहलगांव के सचिव मुन्सिफ शिल्पा प्रशांत मिश्रा और अध्यक्ष अवर न्यायाधीश श्री अमित कुमार शर्मा के द्वारा द्वारा लोगों मे जागरूकता फैलाने के उद्देश से इस प्रकार के कार्यक्रम लगातार आयोजित किये जाते रहें है। साथ ही कहलगांव शहर में स्थित महिला प्रशिक्षण केंद्र में भी इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे महिलाओं एवं यूवतियों को आत्मनिर्भर बनाने से संबंधित एवं सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कार्यों की जानकारी संचालक कन्हैया खंडेलवाल के द्वारा विस्तार से दी गई।

# बांका: पांच सूत्री मांगों को लेकर बांका प्रखंड की सेविकाओं व सहायिकाओं ने बाल विकास परियोजना कार्यालय के बाहर दिया धरना सरकार के खिलाफ किया गया प्रदर्शन

**समाज जागरण सुमित कुमार**

बांका (बिहार) सेविकाओं व सहायिकाओं ने बाल विकास परियोजना के कार्यालय के बाहर सरकार के खिलाफ की जमकर नारेबाजी, पांच सूत्री मांगों को लेकर बांका प्रखंड की सेविकाओं व सहायिकाओं के अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है, इस दौरान बाल विकास परियोजना के बाहर आंगनबाड़ी सेविकाओं व सहायिकाओं ने जमकर सरकार के विरोध प्रदर्शन किया, इस दौरान भूख हड़ताल सेविकाओं व सहायिकाओं ने किया, एवं केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की, वही संघ की प्रखंड अध्यक्ष प्रतिभा कुमारी ने बताया की, केंद्र सरकार व बिहार सरकार हम सेविका व सहायिका के साथ सौतेला पान वाला व्यवहार कर रही है, व सेविकाओं ने 6000 हजार में दम नहीं 25 000 हजार से कम नहीं नारा बुलंद करते हुए, कहा कि जब तक हमारी मांगों पर विचार नहीं किया जाता तब तक हड़ताल जारी रहेगा!

# प्रलोभन दे बनाया जन सुनवाई का अध्यक्ष

**समाज जागरण**

भागलपुर( बिहार) जिले के पीरपैंती ग्रामीण विकास विभाग बिहार सरकार के अंतर्गत सामाजिक अंकेक्षण समिति द्वारा सामाजिक अंकेक्षण एवं प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन बंधुजयराम पंचायत में मगंलवार को किया गया, जिसमें पीडीएस,मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन को लेकर जिले से आए पांच सदस्यीय टीम ने पांच रोज पूर्व से अंकेक्षन कार्य किया एवं अंतिम दिन जन सुनवाई का आयोजन किया, वहीं जन सुनवाई में




टीम के सदस्यों के द्वारा पंचायत के लोगों को जन सुनवाई में उपास्थित होने एवं अपनी समस्याओं को रखने को लेकर सूचना दिया जाता है, परन्तु पंचायत के लोगों ने बताया की टीम द्वारा कोई सूचना नहीं मिली है, साथ ही जन सुनवाई में अध्यक्ष पद हेतु चयनित रामवतार यादव ने बताया की मुझे प्रलोभन दिया गया की आपको पशु शेड दिया जाएगा आप जन सुनवाई का अध्यक्ष बनिए एवं मेरा साइन लिया गया, जब इन बातों को लेकर अंकेक्षण टीम की लीडर से जब उपस्थित लोगों द्वारा पुछा गया तो वह कुछ भी बताने से इंकार कर तेजी से निकल भागते हुए नजर आए ,

# पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 का द्वितीय एवं तृतीय चरण 13 अक्टूबर से जिला स्कूल एकलव्य सेंटर खेल मैदान परिसर में

***खिलाड़ियों को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए,यथाशीघ्र मैदान की साफ – सफाई बारिश का पानी निकालने का प्रयास किजिए: संजीव मिश्रा***

**दैनिक समाज जागरण, पूर्णियां।** पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 के द्वितीय एवं तृतीय चरण दिनांक 13 अक्टूबर से जिला स्कूल एकलव्य सेंटर खेल मैदान परिसर पूर्णिया में आयोजित होने जा रही है। पनोरमा ग्रुप द्वारा निर्मित पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया में प्रथम चरण में बैडमिंटन,बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, शतरंज,टेबल टेनिस प्रतियोगिता की समाप्ति के उपरांत द्वितीय एवं तृतीय चरण की समीक्षा स्वयं पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा "सर" जिला स्कूल एकलव्य सेंटर खेल मैदान परिसर पहुंचे कर समीक्षा की और उन्होंने कहा कि यथाशीघ्र मैदान की साफ-सफाई एवं बारिश की पानी को निकालने का प्रयास की जाए। ताकि खिलाड़ियों को कोई परेशानी ना हो। खेल मैदान परिसर में कोई गंदगी ना रहें।

ईस्ट जोन पूर्व चेयरमैन व क्रिकेट प्रशिक्षक हरिओम झा ने कहा कि पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 के प्रथम चरण के समाप्ति के उपरांत द्वितीय एवं तृतीय चरण दिनांक 13 अक्टूबर से फुटबॉल, क्रिकेट एवं आमंत्रित क्रिकेट प्रतियोगिता जिला स्कूल एकलव्य सेंटर खेल मैदान परिसर में शुरू होने जा रही है। दिनांक 13/10/2023 को उद्घाटन समारोह समय अपराह्न 2:00 बजे दिन उद्घाटनकर्ता सिनियर डिप्टी कलेक्टर व जिला खेल पदाधिकारी महोदया सुश्री डेजी रानी एवं पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा "सर" होंगे।

**उद्घाटन मैच :-**

==========

**फुटबॉल प्रतियोगिता**

**अंडर 16 आयु वर्ग में:-**

1. सेंट थॉमस बनाम सेंट पीटर्स हिंदी मीडियम स्कूल के बीच।
2. विद्या विहार आवासीय विद्यालय परोड़ा बनाम एकलव्य सेंटर जिला स्कूल पूणिया के बीच मुकाबला खेला जाएगा।

क्रिकेट प्रतियोगिता :-

अंडर 16 आयु वर्ग में

सेंट मोसेस बनाम विद्या विहार आवासीय विद्यालय परोड़ा के बीच मुकाबला खेला जाएगा।

=================



**प्रथम चरण में खेलें गए मैच परिणाम:-**

================

**बैडमिंटन**

**अंडर 11 बालक वर्ग में:-**

विजेता:- अक्षत सिन्हा:- सेंट पीटर्स इंग्लिश मीडियम स्कूल।

उपविजेता:- अथर्व :- सेंट पीटर्स इंग्लिश मीडियम स्कूल।

**बैडमिंटन**

**अंडर 11 बालिका वर्ग में :-**

विजेता :- दक्षिता शिवानी:- जी डी गोयनका।

उपविजेता :- सीमा कुमारी :- सेंट मोसेस स्कूल।

=================

**बैडमिंटन**

**अंडर 16 बालक वर्ग में:-**

विजेता:- रितिक कुमार:- एकलव्य सेंटर जिला स्कूल पूणिया।

उपविजेता:- विनीत कुमार :- डॉन बॉस्को स्कूल।

**बैडमिंटन**

**अंडर 16 बालिका वर्ग में:-**

विजेता:- सुनिधि भारती:- सेंट पीटर्स इंग्लिश मीडियम स्कूल।

उपविजेता:- रुपा कुमारी:- एकलव्य सेंटर जिला स्कूल पूणिया।

=================

**वॉलीबॉल**

**अंडर 16 बालक वर्ग में:-**

विजेता:- डी ए पी एस स्कूल सुदीन चौक।

उपविजेता:- जवाहरलाल नेहरू हाई स्कूल गुलाब बाग।

**वॉलीबॉल**

**अंडर 16 बालिका वर्ग में:-**

विजेता:- डी ए भी स्कूल पूणिया।

उपविजेता:- विद्या विहार आवासीय विद्यालय परोड़ा।

=================

**बास्केटबॉल**

**अंडर 16 बालक वर्ग में:-**

विजेता:- विद्या विहार आवासीय विद्यालय परोड़ा।

उपविजेता:- सेंट पीटर्स हिंदी मीडियम स्कूल।

**बास्केटबॉल**

**अंडर 16 बालिका वर्ग में:-**

विजेता:- पूणिया एथलेटिक्स एकादमी

उपविजेता:- विद्या विहार आवासीय विद्यालय परोड़ा।

=================

**टेबल टेनिस**

**अंडर 16 बालक वर्ग में:-**

विजेता:- विद्या विहार आवासीय विद्यालय परोड़ा।

उपविजेता:- विद्या विहार आवासीय विद्यालय परोड़ा।

**टेबल टेनिस :-**

अंडर 16 बालिका वर्ग में:-

विजेता:- डी ए भी स्कूल

उपविजेता:- डी ए भी स्कूल

# राजद के प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू का फारबिसगंज में भव्य स्वागत

***संगठन के काम से और अन्य संवैधानिक कार्यों के लिए उनका चल रहा है दौरा***

**दैनिक समाज जागरण, फारबिसगंज ।** राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू के कटिहार जाने के क्रम में राष्ट्रीय जनता दल व्यवसायिक प्रकोष्ठ अररिया के ज़िलाध्यक्ष मनोज साह के नेतृत्व में एनएच पर भव्य स्वागत किया गया व लालू यादव ज़िंदाबाद- तेजस्वी यादव ज़िंदाबाद- रणविजय साहू ज़िंदाबाद- सामाजिक एकता ज़िंदाबाद का जयघोष किया गया।मौके पर व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रधान महासचिव ई आयुष अग्रवाल के द्वारा नेता रणविजय साहू को माला पहनाकर ज़िला में स्वागत किया गया। मौके पर ई आयुष अग्रवाल ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल एक ऐसी पार्टी है जो संगठन के लोगों को शीर्ष पर पहुँचाने का काम करते आयी है। उन्होंने कहा कि रणविजय साहू जमीन पर मेहनत करने वालों के लिए मिशाल है और यही कारण है कि पार्टी ने उन्हें प्रदेश में प्रधान महासचिव बनाया है। मौके पर ज़िला प्रधान महासचिव मनोज विश्वास ने रणविजय साहू का स्वागत करते हुए कहा कि पार्टी माँ समान है और माँ की रक्षा करना हमारा दायित्व है। मौके पर



रणविजय साहू ने कहा कि संगठन के काम से और अन्य संवैधानिक कार्यों के लिए दौरा चल रहा है। उन्होंने कहा कि राजद कार्यकताओं की पार्टी है और अररिया ज़िला से ई आयुष अग्रवाल को व्यवसायिक प्रकोष्ठ में प्रदेश प्रधान महासचिव बनाकर यह बात साबित भी होती है। उन्होंने कहा कि जो भी कार्यकर्ता जमीन पर मेहनत कर रहे हैं, उन सभी पर शीर्ष की नजर है और शीर्ष के आँखों से कोई भी चीजें छुपती नहीं है। समाजवाद की बात करते हुए श्री साहू ने कहा कि सामाजिक न्याय के लिए हमेशा संघर्ष करना और मजबूती से हक और अधिकार लोगों को दिलाना यह पार्टी प्रार्थमिकता है और यह रहेगा। मौके पर प्रकाश चौधरी, विपिन गुप्ता, अभिषेक भगत, सौरव चौधरी, कुमार शुभम व अन्य दर्जनों की संख्या में पार्टी के लोग उपस्थित रहें।

# अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस स्कूली छात्राओं द्वारा निकाली गई साइकिल रैली

**दैनिक समाज जागरण, अररिया।** महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार के दिशा निर्देश में बुधवार को जिला प्रोग्राम कार्यालय अररिया के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय में स्कूली छात्राओं द्वारा साइकिल रैली निकाली गई। जिला स्तर पर आयोजित साइकिल रैली समाहरणालय परिसर अररिया से प्रारंभ होकर चाँदनी चौक होते हुए शहर के विभिन्न मार्गों से प्लस टू कन्या उच्च विद्यालय अररिया पहुंच कर समाप्त हुई। साइकिल रैली को जिला प्रोग्राम पदाधिकारी अररिया एवं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अररिया, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा अररिया एवं उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर जिला मिशन समन्वयक, लैंगिक विशेषज्ञ, जिला समन्वयक पोषण अभियान, वन स्टॉप सेंटर के सभी कर्मी, यूनिसेफ के जिला समन्वयक, महिला पर्यवेक्षिका, विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं



उपस्थित थे। ज्ञातव्य हो कि अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर दो दिवसीय (11.10. 2023 एवं 12.10.2023) कार्यक्रमों का आयोजन जिला, प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर किया जा रहा है। इसके तहत साइकिल रैली, छात्राओं के साथ विभिन्न मुद्दों पर वार्ता, पंचायत स्तर पर आंगनबाड़ी केंद्रों में बेटी जन्मोंत्सव, जिला स्तर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर नुक्कड़ नाटक, जिला/प्रखंड/ विद्यालय प्रांगण/स्वास्थ्य केंद्रों/ पंचायत भवन/आंगनबाड़ी केंद्रों में पौधारोपण तथा माध्यमिक एवं प्राथमिक विद्यालयों में भाषण/पेंटिंग प्रतियोगिता आदि का आयोजन निर्धारित है।

# मत्स्य पालन को बढ़ावा देने हेतु चार प्रखंड 40 मत्स्य सखियों का प्रशिक्षण दूसरे दिन भी जारी रहा

**दैनिक समाज जागरण, अररिया।** अररिया समाहरणालय परिसर स्थित डीआरडीए सभा भवन में वैज्ञानिक विधि से मत्स्य पालन को बढ़ावा देने हेतु जोकिहाट, फारबिसगंज, रानीगंज प्रखंड एवं अररिया सदर के 40 मत्स्य सखियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण की शुरूआत हुई। प्रशिक्षण का उद्धेश्य इन सभी समुदाय संसाधन सेवियों को वैज्ञानिक विधि से मछली पालन, प्रशंस्करण, अन्य किसानों के प्रशिक्षण, बाजार प्रणाली से जुड़ने जैसे विषयों पर इन्हें प्रशिक्षित करना है। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा, ने कहा कि मत्स्य उत्पादकता बढ़ाने के लिए यह प्रशिक्षण आवश्यक है। जिले में कई तालाबों का निर्माण मनरेगा से हुआ है। इस प्रशिक्षण से मत्स्य पालकों को काफी सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि अररिया में मछली पालान की असीम संभावनाएं हैं और ग्रामीण दीदियों को प्रशिक्षण मिलने से निश्चित उनकी उत्पादकता में वृद्धि होगी। तत्पश्चात असम से आये दो मुख्य प्रशिक्षकों ने मछली की परम्परागत प्रजातियों, चारा के प्र-



कारों, तालाब के रख रखाव, तालाब के मेढ़ पर लगने वाले पौधों, मछली पालन से जुड़े विभिन्न जोखिमों एवं उत्पाद तकनीको को विस्तार पूर्वक बताया। कार्यक्रम के समापन सत्र में इरादा परियोजना के कार्यक्रम समन्वयक ने बतया कि प्रशिक्षित समुदाय संसाधन सेवियों को इसके बाद भी दो चरणों का प्रशिक्षण दिया जायेगा। साथ ही इन्हें अपने समुदाय में वैज्ञानिक विधि से मछली पालन करने के लिए अन्य किसानों को प्रेरित, संगठित एवं प्रशिक्षित करने हेतु सहयोग किया जायेगा। कार्यक्रम में रीना देवी, मनीषा देवी, मोहिनी कुमारी, सजदा खातून, नजमा खातून और पिंकी देवी सहित चयनित सभी संसाधन सेवियों ने भाग लिया।

# कुसार्कांटा पंचायत में जिला प्रशासन ने आयोजित किया जन संवाद कार्यक्रम

***डीएम ने विभिन्न विभागों से संबंधित प्राप्त शिकायतों के निष्पादन हेतु अधिकारियों को दिए कई आवश्यक दिशा निर्देश***

**दैनिक समाज जागरण, कुसर्कांटा /अखिलेश झा/प्रदीप कुमार झा।** सरकार द्वारा संचालित विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी आम जनों को अवगत कराने तथा उनसे सुझाव एवं प्रतिक्रिया प्राप्त करने के उद्देश से जिला प्रशासन द्वारा पंचायतों में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज कुसर्कांटा पंचायत में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी श्रीमती इनायत खान ने कहा कि सरकार के लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाने में जन संवाद एक सेतु का काम कर रही है। उन्होंने उपस्थित जन-समूह से जन संवाद के क्रम में कहा कि यदि योजनाओं की जानकारी नहीं होगी तो फिर लाभ कैसे लेंगे, इसलिए योजनाओं की जानकारी होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ लेने में किसी भी तरह की शिकायत हो तो इसका भी निराकरण संबंधित अनुमंडल लोक शिकायत निवारण कार्यालय एवं जिला लोक शिकायत निवारण कार्यालय द्वारा किया जाता है। जिलाधिकारी द्वारा जन संवाद के क्रम में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस की शुभकामनाएं देते उपस्थित जन-समूह को बाल विवाह मुक्त समाज बनाने की शपथ भी दिलाई गई। उन्होंने बालिकाओं शिक्षित बनाने पर बल देते हुए कहा कि सरकार द्वारा बालिकाओं को आगे बढ़ाने के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही है। जनसंवाद के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, नल जल, राजस्व आदि विभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न विभागों से संबंधित प्राप्त शिकायतों के



निष्पादन हेतु भी जिलाधिकारी द्वारा संबंधित विभागों के अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक श्री अशोक कुमार सिंह ने कहा योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। आवेदन करे और उसका ससमय लाभ भी उवावें। जनप्रतिनिधि इसमें सहयोग करें। उन्होंने महिला हेल्प लाईन, साइबर क्राइम से बचने के उपाय तथा प्रत्येक शनिवार को जनता दरबार की जानकारी से जन समूह को अवगत कराया। वहीं अपर समाहर्ता श्री राजमोहन झा द्वारा भूमि विवाद का निपटारा, जमाबंदी सुधार, आधार सीडिंग का कार्य, भूमिहीनों को चिन्हित करने एवं अभियान बसेरा से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रशासक द्वारा महिला सरक्षा को लेकर विस्तार पूर्वक अवगत कराया गया। जन संवाद कार्यक्रम को जिला कृषि पदाधिकारी, सिविल सर्जन, डीपीएम जीविका, श्रम अधीक्षक, आपदा प्रभारी डीपीएम आईसीडीएस, प्रबंधक डीआरसीसी सहित जिले के सभी विभागों के पदाधिकारियों के द्वारा उपस्थित जनझसमूह को जिले में संचालित सरकार की महत्वपूर्ण विकासात्मक एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं की जी जानकारी दी गई साथ ही लोगों से फीडबैक भी प्राप्त किये गये। जन संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आम जन सहित स्थानीय माननीय जनप्रतिनिधियों ने भी अपनी उपस्थिति सुनिश्चित की। कार्यक्रम में एडीएम पीजोआरओ, अनुमंडल पदाधिकारी अररिया, भूमि सुधार उप समाहर्ता अररिया, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी अररिया, प्रखंड विकास पदाधिकारी कुसार्कांटा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# समीक्षात्मक बैठक में स्वास्थ्य योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की बनी रणनीति

***नुक्कड़ नाटक के जरिये नियमित टीकाकरण के आच्छादन में सुधार का होगा प्रयास***

***डेंगू पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर विभाग गंभीर, अब तक मिले कुल 51 मरीज***

**दैनिक समाज जागरण, अररिया /डा. रूद्र किंकर वर्मा ।** जिले में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं की मासिक समीक्षात्मक बैठक बुधवार को आयोजित की गयी। समाहरणालय स्थित परमान सभागार में वरीय स्वास्थ्य अधिकारियों की अगुआई में आयोजित समीक्षात्मक बैठक में विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की प्रखंडवार उपलब्धियों की गहन समीक्षा की गयी। इसमें मातृ-शिशु स्वास्थ्य संबंधी मामलों के साथ मिशन इंद्रधनुष, वेक्टर बॉर्न डिजीज के नियंत्रण को लेकर जिले में किये जा रहे प्रयासों के साथ लक्ष्य प्रमाणीकरण, टेलीकंस्लटेशन सहित स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं पर चर्चा करते इसके सुदृढ़ीकरण संबंधी रणनीति पर विचार किया गया।

**नियमित टीकाकरण का आच्छादन 95 फीसदी करने का लक्ष्य**

जिले में नियमित टीकाकरण के आच्छादन में सुधार को लेकर संचालित मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम पर चर्चा करते हुए जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ मोईज ने बताया कि जिले में नियमित टीकाकरण का आच्छादन 95 फीसदी करने का लक्ष्य निर्धारित है। टीकाकरण को बढ़ावा देने के लिये लोगों को जागरूक करने को लेकर विशेष पहल किये जाने की जानकारी उन्होंने दी। उन्होंने बताया कि इसके तहत कम आच्छादन व रिफ्यूजल वाले इलाकों में जन जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से राज्यस्तर से नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इसे लेकर जिले में कुल 101 स्थान चिह्नित किये गये हैं।

**फाइलेरिया उन्मूलन को प्रभावी बनाने की होगी पहल**

वेक्टर जनित रोग नियंत्रण को लेकर किये जा रहे प्रयासों पर चर्चा करते हुए जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ अजय कुमार सिंह ने



कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन की दिशा में एक कदम आगे बढ़ते हुए अररिया इलेमिनेशन फेज में जा पहुंचा है। अक्टूबर माह से ही जिले में फ्री टास्क का आयोजन प्रस्तावित है। इसमें सभी प्रखंडों में फाइलेरिया मरीजों की खोज को लेकर विशेष अभियान संचालित किया जायेगा। हर प्रखंड में इसके तहत तीन साइट बनाये जायेंगे। प्रति साइट जांच के लिये 300 लोगों के रक्त सैंपल संग्रह किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि जिले में कालाजार के मामलों पर प्रभावी नियंत्रण के लिये आईआरएस का छिड़काव जारी है। फिलहाल तीन प्रखंडों में अभियान जारी है। अगले कुछ दिनों में सभी प्रखंडों में छिड़काव का कार्य संपन्न हो चुका है। वहीं उन्होंने बताया कि जिले में डेंगू मरीजों की संख्या बढ़ कर 51 हो गयी है। अब तक डेंगू से दो मौत होने की जानकारी उन्होंने दी। जिन्हें समय रहते बेहतर इलाज के लिये हायर सेंटर रेफर किया गया था। पीएमसीएच पटना व मधेपुरा मेडिकल कॉलेज में लंबे इलाज के बाद मरीजों के मौत की जानकारी उन्होंने दी। डेंगू पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर सभी पीएचसी को जांच के लिये जरूरी किट, प्रभावित इलाकों में छिड़काव के लिये टेमीफोस की दवा पर्याप्त उपलब्ध कराने की जानकारी उन्होंने दी।

**एचआईएमएस रिपोर्ट को अद्यतन व त्रुटि रहित बनाना जरूरी**

जिला मूल्यांकन व अनुश्रवण पदाधिकारी पंकज कुमार ने एचआईएमएस रिपोर्ट में अद्यतन डेटा की इंट्री व इसमें व्याप्त विसंगतियों में सुधार पर बल दिया। वहीं डीसीक्यूए मधुबाला ने बताया कि चित्तीय वर्ष 2023-24 में सदर अस्पताल अररिया, अनुमंडल अस्पताल फारबिसगंज सहित सीएचसी सिकटी, सीएचसी नरपतगंज, सीएचसी रानीगंज को लक्ष्य प्रमाणीकरण दिलाने का लक्ष्य निर्धारित है। विभागीय स्तर से इसे लेकर जरूरी प्रयास किये जा रहे हैं। बैठक में सभी एमओआईसी, बीएचएम, बीसीएम सहित संबंधित अन्य स्वास्थ्य अधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

# गुप्त सूचना के आधार पर अररिया पुलिस ने 35 किलो 986 ग्राम चांदी व गहने के साथ दो को किया गिरफ्तार

***बरामद गहनों का वैध खरीद रसीद मांगने पर इनके द्वारा नहीं दिया जा सका***

**दैनिक समाज जागरण, अररिया।** अररिया पुलिस को संध्या में गुप्त सूचना मिली कि कुछ लोग बड़ी मात्रा में चांदी के गहने जो नेपाल से तस्करी कर लाया गया है को बैग मे छुपाकर बस से मे पूर्णिया की तरफ ले जा रहे हैं। प्राप्त सूचना पर DIU टीम (अररिया पुलिस) एवम अररिया थाना पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई कर जीरो माइल के पास एनएच-57 के पास उक्त बस को रोककर सूचना के सन्दर्भ में तलाशी लिया गया था। बस में सवार 02 व्यक्ति पप्पू कुमार स्वर्णकार, उम्र करीब 42 वर्ष, पिता - राजेंद्र प्रसाद साह, सा० शिवपुरी, थाना+जिला अररिया एवम राजीव ठाकुर, उम्र करीब 40 वर्ष, पिता- बिंदेश्वर ठाकुर, सा०- चित्रगुप्त नगर, वार्ड नं- 21, थाना+जिला अररिया के पास के बैग से कुल 35 किलो 986 ग्राम



चांदी के गहने बरामद किए गए। उक्त बरामद गहनों का वैध खरीद रसीद मांगने पर इनके द्वारा नहीं दिया जा सका। तत्पश्चात बरामद चांदी के गहने एवम दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर अररिया थाना लाया गया। उपर्युक्त संबंध में अररिया थाना अंतर्गत अग्रिम कार्रवाई की जा रही

# माय बर्थ माय अर्थ

***बच्ची कलश ने दिन में की पौधा रोपण एवं रात में केक काट मनाई बर्थ डे***

***समाजसेवी संजय मिश्रा ने दिया शुभाशीष कहा बचपन से हीं पर्यावरण को बढ़ावा दे रही कलश***

**दैनिक समाज जागरण, अररिया ।** अररिया खरैहिया बस्ती स्थित शिक्षक आदित्य विशाल उर्फ मुन्ना के सुपुत्री कलश का शाही अंदाज में जन्मदिन मनाया गया।जिसमे समाजसेवी संजय मिश्रा सहित कई बुद्धिजीवी वर्ग उपस्थित होकर कलश के पांचवीं जन्मदिन को खास बनाया,साथ ही सभी ने कलश को लंबी उम्र का आशीष दिया। जहां माय बर्थ माय अर्थ को ध्यान में रखते हुए दिन में नन्ही बच्ची कलश ने पौधारोपण किया, व



रात्रि में केक काटकर अपने पिता आदित्य विशाल (मुन्ना),दादा चन्द्र कांत मिश्र, इन्दु कांत मिश्र ,दादी किरण मिश्रा, कामिनी देवी चाचा -कन्हैया झा, हिमांशु प्रभात,नाना ललन झा,फुआ भूमाला झा भाई , अमृत, बांसुरी के साथ खुशियां साझा किया।

# 480 बोतल नेपाली उमंगा देशी शराब के साथ तस्करों की 2 मोटर साईकिल जप्त

**दैनिक समाज जागरण, बथनाहा ।** बथनाहा ओ० पी० पुलिस एवम एस० एस० बी० टीम द्वारा मद्य निषेध अभियान के तहत संयुक्त कार्रवाई कर बथनाहा ओ पी क्षेत्र अंतर्गत 480 बोतल नेपाली उमंगा देशी शराब के साथ तस्करों की 2 मोटर साईकिल को किया गया जप्त।

# पुलिस के हत्थे चढ़ा टॉप टेन श्रेणी के वांछित अभियुक्त प्रियांशु मिश्रा

**दैनिक समाज जागरण, बथनाहा ।** बथनाहा ओ० पी० पुलिस द्वारा टॉप टेन श्रेणी के वांछित अभियुक्त- प्रियांशु मिश्रा उर्फ आशुतोष मिश्र, पिता पंकज कुमार, सा० - भादेश्वर, थाना- जोगबनी (बथनाहा), जिला - जोगबनी(बथनाहा), अररिया को किया गया गिरफ्तार। इनके विरुद्ध जोगबनी (बथनाहा थाना अंतर्गत कई गंभीर कांड दर्ज हैं।

# टी पी कॉलेज में डॉ. राममनोहर लोहिया प्रतिभा संवर्धन एवं उत्प्रेरण कार्यक्रम आज

**दैनिक समाज जागरण, मधेपुरा।** बिहार सरकार के उप सचिव, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के पत्र के आलोक में ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा में गुरुवार को पूर्वाह्न 11 बजे से डॉ. राममनोहर लोहिया प्रतिभा संवर्धन एवं उत्प्रेरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। बीएनएमयू के उपकुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश प्रसाद यादव करेंगे। मुख्य अतिथि जिला कल्याण पदाधिकारी रामकृपाल प्रसाद होंगे। उन्होंने




बताया कि इस कार्यक्रम के अन्तर्गत विभागीय योजनाओं की जानकारी का प्रचार-प्रसार किया जाना हैं। 13 अक्टूबर (शुक्रवार) को विश्वविद्यालय मुख्यालय में भी यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# अस्पताल में हुए बवाल, तोड़फोड़ व चक्का जाम मामले में डाक्टर समेत कई के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण (जौनपुर)**

जौनपुर। मंगलवार की रात लाइनबाजार थाना क्षेत्र के मुरादगंज तिराहे के पास स्थित एक नर्सिगं होम में इलाज के दरम्यान महिला मरीज के मौत के बाद हुई मारपीट तोड़फोड़ और चक्का जाम मामले में पुलिस ने दोनो पक्षो पर गम्भीर धाराओ में मुकदमा दर्ज करके जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को सिकरारा थाना क्षेत्र के सिकन्दरा गांव के निवासी रमाकांत यादव की पत्नी उषा देवी की तबियत खराब हो गयी। परिजन उसे लेकर नगर के मुरादगंज तिराहे के पास स्थित मधुरम अस्पताल ले गये। जहां पर डाक्टरो ने इलाज शुरू किया इसी बीच मरीज की मौत हो गयी। परिजन डाक्टर व स्टाफ लापरवाही मानते हुए जमकर हंगामा करते हुए मारपीट किया तथा अस्पताल में तोड़फोड़ कर दिया। डाक्टर के साथ मारपीट होने की खबर मिलते ही अन्य डाक्टरो में आक्रोश व्याप्त हो गया। मौके पर पहुंचे अन्य डाक्टरो व उनके साथ आये लोगो ने घटना के विरोध में जौनपुर-प्रयागराज मार्ग को जाम कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस के आला अफसर मौके पर पहुंचकर आक्रोशित लोगो को समझा बुझाकर किसी तरह से चक्का जाम को समाप्त कराया।

लाइनबाजार पुलिस ने नर्सिगं होम के डाक्टर राहुल श्रीवास्तव की तहरीर पर मृतक मरीज के पति रमाकांत यादव समेत कई अज्ञात लोगो के खिलाफ गम्भीर धाराओ में मुकदमा दर्ज किया है।

इस बवाल के विरोध में जौनपुर-प्रयागराज मार्ग को जाम करके उग्र प्रर्दशन के मामले को खुद पुलिस ने संज्ञान में लेते हुए नर्सिगं होम के डाक्टर समेत करीब 40 अज्ञात लोगो के खिलाफ एफआईआर दर्ज करके जांच पड़ताल शुरू कर दिया है।

पुलिस के अनुसार प्रधान लेखक थाना लाइनबाजार अवगत कराना है कि आज दिनांक 10.10.2023 को समय करीब 9.00 बजे रात्रि सूचना मिली की मुरादगंज तिराहे के पास स्थित मधुरम अस्पताल में ग्राम सिकन्दरा थाना सिकरारा जौनपुर निवासी महिला ऊषा देवी w/o रमाकान्त यादव जो इलाज के लिए मधुरम अस्पताल में भर्ती हुयी थी ऊषा देवी की मृत्यु के बाद अस्पताल की फीस आदि को लेकर मृतका के परिजनों द्वारा चिकित्सक व अस्पताल कर्मचारी के साथ कहासुनी हाथापाई की गयी मौके पर पुलिस बल द्वारा पहुंचकर दोनों पक्षों को समझाया बुझाया गया मृतका के परिजन शव को लेकर चले गये जिसके बाद मधुरम अस्पताल के डाक्टर व अन्य कर्मचारियों द्वारा फोन कर आस पास के डाक्टर व अन्य 30-40 लोगों को बुलाकर जौनपुर से इलाहाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग को मधुरम अस्पताल के सामने दोनों तरफ भीड़ लगाकर जाम कर दिये वाहन निकालने का प्रयास करने वाले लोगों से हाथापाई की गयी जाम लगाये जाने से दोनों ओर सड़क पर वाहनों की लम्बी कतार लग गयी बिमार लोगों को ले जा रही एम्बुलेंस गाड़ियां व सवारी गाड़ी में बैठे बच्चे महिलायें भयभीत हो गये लोक व्यवस्था भंग कर दी गयी मौके पर जाम लगा रहे लोगों को काफी समझाया बुझाया गया लेकिन उन लोगों द्वारा जाम नहीं खोला गया जाम की सूचना मिलने पर कन्ट्रोल रुम के माध्यम से आस-पास के थानों से पुलिस बल मौके पर बुलाया गया उच्चाधिकारीगण के मौके पर आने के बाद काफी प्रयास करने के बाद करीब डेढ घण्टे बाद जाम खुलवाया जा सका मौके पर शांति व्यवस्था हेतु पुलिस बल नियुक्त किया गया है।

# जौनपुर: डीआईओएस समेत 15 पर मुकदमे का आदेश हिन्दू इंटर कॉलेज के प्रबंध समिति के चुनाव में धांधली का आरोप

**समाज जागरण (जौनपुर)**

जौनपुर जिले के मुंगराबादशाहपुर नगर में स्थित हिन्दू इंटर कालेज के प्रबंध समिति के चुनाव में धांधली व कूटरचित प्रपत्रों का प्रयोग किए जाने के मामले में डीआईओएस समेत 15 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी के मुकदमें का आदेश हुआ है। ग्राम धौरहरा निवासी हिंदू हाईस्कूल सोसायटी के आजीवन सदस्य दयाराम सरोज ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जौनपुर के यहां प्रार्थना पत्र दिया था।

संस्थापक यमुना प्रसाद गुप्त व हिंदू हाई स्कूल सोसायटी के आजीवन सदस्य बृजेश कुमार गुप्त ने इसकी शिकायत लोकायुक्त में किया था। लोकायुक्त के आदेश से जिलाधिकारी ने तीन सदस्यीय जांच कमेटी बनायी थी। जिसमें मुख्य विकास अधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट, जिला विद्यालय निरीक्षक व दूसरी कमेटी में अपर पुलिस अधीक्षक,अपर जिलाधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक शामिल थे। जांच कमेटियों ने जांच में सारी चुनाव कार्यवाही को दूषित होना पाया था। मृतक की उपस्थिति पंजिका पर हस्ताक्षर होने की पुष्टि की गई है। न्यायालय द्वारा अलग से जांच कराने पर भी चुनाव में अपराधिक कृत्यों की पुष्टि हुई है। अधिवक्ता मंजू शास्त्री ने साक्ष्य सहित चुनाव में हुए कूट रचित प्रपत्रों के प्रयोग को प्रस्तुत किया।

### न्यायालय ने इनके खिलाफ की सुनवाई

सात अक्टूबर को न्यायालय ने तत्कालीन इंचार्ज डीआईओएस ( बीएसए) प्रवीण तिवारी, चुनावधिकारी मंजू लता वर्मा, पर्यवेक्षक ऊषा देवी, अध्यक्ष कैलाश नरायन पाण्डेय,, प्रबंधक विजय शंकर त्रिपाठी, उपप्रबंधक हरिश्चंद्र पाण्डेय, उपाध्यक्ष बबई राम विंद, कोषाध्यक्ष लालाजी पाण्डेय तथा सदस्यों में राधेश्याम शुक्ल, रामचंद्र मिश्र, कृष्ण कांत तिवारी, गंगा शंकर तिवारी, दिनेश कुमार तिवारी, दयाराम गुप्त व विक्रमाजीत उपाध्याय कुल पन्द्रह लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज करके विवेचना करने का प्रभारी निरीक्षक थाना मुंगराबादशाहपुर को आदेशित किया है।साथ में तीन दिन के भीतर प्रथम सूचना रिपोर्ट की एक प्रति न्यायालय में भेजने के लिए थाना प्रभारी को निर्देशित किया है।


### न्यायालय में दिए गए आरोप पत्र

वैध व प्रमाणित सूची सोसायटी कार्यालय वाराणसी से न लेकर चुनाव कराना, आपस में मिल जुल कर कूट रचित मतदाता सूची तैयार करना, साधारण सभा की सूची की तारीख में ओवर राइटिंग करना, बिना किसी सक्षम अधिकारी के आदेश लिए हुए चुनाव स्थल का परिवर्तन करना, प्रबंध समिति निरस्त हो जाने के बाद भी प्रबंधक द्वारा यूनियन बैंक से पैसा निकालना।

# ट्रांसपोर्ट नगर योजना के संबंध में हाई कोर्ट ने जिलाधिकारी कमिश्नर व उपाध्यक्ष वाराणसी विकास प्राधिकरण सहित संबंधित अधिकारियों को न्यायालय में किया तलब

**समाज जागरण वाराणसी**

माननीय उच्च न्यायालय द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर योजना की अवमानना रिट याचिका संख्या 7369/2023 वीरेंद्र उपाध्याय व अन्य बनाम एस0 राजलिंगम कलेक्टर वाराणसी , श्रीमती आंकाक्षा सिंह भूमि अवाप्ति अधिकारी, कौशलराज शर्मा कमिश्नर/ चैयरमेन वाराणसी डेवेलपमेन्ट अथार्रिटी, अभिषेक गोयल उपाध्यक्ष वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी,सुधीर वर्मा सचिव वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी में आज मा0 उच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति श्री रोहित रंजन अग्रवाल के समक्ष वादी वीरेंद्र उपाध्याय व अन्य के सीनियर अधिवक्ता अजय कुमार सिंह व आशीष कुमार सिंह व तेजश सिंह द्वारा न्यायालय के समक्ष किसानों को पक्ष रखते हुए न्यायालय को अवगत कराया की माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा दिनांक 31- 5 - 2023 को रिट याचिका संख्या 61219/2011 ठाकुर प्रसाद व अन्य के मुकदमे का निस्तारण जिला प्रशासन को यह निर्देश दिया था कि जिन किसानों ने अभी तक मुआवजा नहीं लिया है उनकी भूमि को 6 सप्ताह के अंदर अवार्ड या अन्य विधिक कार्यवाही की जाए तब तक इन किसानों के मालिकाना हक में कोई हस्तक्षेप न किया जाये ।परंतु प्रशासन व वाराणसी विकास प्राधिकरण ने का आदेश का अनुपालन न करते हुए मौके पर वादी



Court No. - 9

Case :- CONTEMPT APPLICATION (CIVIL) No. - 7369 of 2023

Applicant :- Virendra Upadhyay And 9 Others
Opposite Party :- S. Rajlingam Collector And 4 Others
Counsel for Applicant :- Ajay Kumar Singh,Tejas Singh

Hon'ble Rohit Ranjan Agarwal,J.

Learned counsel for the applicants is directed to serve a copy of the contempt application upon Sri Rajeev Trivedi, learned Standing Counsel, within 48 hours.

Sri Trivedi, learned Standing Counsel shall seek instructions in the matter as to whether any acquisition of the land of the applicants has been made or any award has been made, within one month.

List this matter on 04.12.2023.

Order Date :- 10.10.2023
SK Goswami

वीरेंद्र उपाध्याय व अन्य किसानों की भूमि पर सीमेंटेड पीलर लगाकर बिना मुआवजा व अवार्ड किये कब्जा किया जाने लगा इसके संबंध में वादी ने संबंधित जिला प्रशासन को रजिस्टर्ड पत्र के माध्यम से कार्रवाई रोकने व न्यायालय के आदेश का पालन करने का अनुरोध किया गया परंतु जिला प्रशासन ने कोई भी कार्रवाई न करते हुए जबरदस्ती भूमि पर कब्जे की कार्रवाई शुरू कर दिया जिससे बाध्य होकर वादी ने संबंधित जिलाधिकारी व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के विरुद्ध माननीय उच्च न्यायालय के आदेश का अवहेलना करने हेतु न्यायालय में रिट याचिका दाखिल कर न्याय का गुहार किया जिस पर आज सुनवाई की गई न्यायालय ने वादी के अधिवक्ता अजय कुमार सिंह वह अन्य की दलीलों को सुनने के बाद जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी यश राज लिंगम जिलाधिकारी वाराणसी, कौशलराज शर्मा कमिश्नर वाराणसी /चैयरमेन वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी, आशीष गोयल उपाध्यक्ष वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी, सुधीर वर्मा सचिव विकास प्राधिकरण व आकांक्षा सिंह भूमि अवाप्ति अधिकारी, वाराणसी को दिनांक 4 दिसंबर 2023 को समस्त अभिलेख व स्पष्टीकरण के साथ उपस्थित होने नोटिस जारी किया गया , वादी वीरेन्द्र उपाध्याय के अधिवक्ता अजय कुमार सिंह ने बताया कि न्यायालय ने संज्ञान लिया है अब किसानों के भूमि पर प्रशासन के द्वारा की जा रही जबरिया करवाई के विरुद्ध न्यायालय से रोक लगेगी तथा न्यायपालिका से हमें पूर्ण न्याय की उम्मीद है

# आगामी त्योहारें के दृष्टिगत संस्थाओं के साथ अधिकारियों ने की मीटिंग दिए आवश्यक दिशा निर्देश

समाज जागरण वाराणसी

वाराणसी --- पुलिस उपायुक्त काशी जोन आर0एस0 गौतम द्वारा सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज राजकुमार सिंह व प्रभारी निरीक्षक सिगरा की उपस्थिति में सभी कार्यक्रम के आयोजकों व संभ्रांत व्यक्तियों/वरिष्ठ नागरिकों के साथ आगामी त्यौहारों दुर्गा पूजा, रामलीला, दशहरा पर्वों के दृष्टिगत थाना सिगरा परिसर में गोष्ठी/बैठक की गयी । बैठक में मौजूद समस्त आयोजकों व धर्म गुरुओं/पदाधिकारियों एवं क्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्तियों/वरिष्ठ नागरिकों से त्यौहार के दृष्टिगत उनकी समस्याओं को सुना गया तथा शांति/सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाये जाने की अपील की गयी तथा पुलिस उपायुक्त जोन काशी कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा आगामी त्यौहार के दृष्टिगत मीटिंग के दौरान निम्न निर्देश दिये गये

पुलिस उपायुक्त काशी-जोन द्वारा निर्देशित किया गया कि दुर्गा प्रतिमा परम्परागत स्थलों पर ही स्थापित करें । सार्वजनिक स्थलों या मार्गों पर भण्डारा का आयोजन व प्रतिमा स्थापित न करें एवं दुर्गा प्रतिमा स्थापित करने से पहले अनुमति आवश्यक प्राप्त कर ले ।सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस उपायुक्त काशी-जोन महोदय द्वारा आयोजकों को निर्देश दिया गया कि पण्डाल के आस-पास अग्निशमक यंत्रों तथा बालू व पानी की उचित व्यवस्था रखें ।पुलिस उपायुक्त काशी-जोन द्वारा यह भी निर्देशित किया गया की दुर्गा पंण्डालों में सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था अवश्य करें तथा राउंड द क्लॉक में स्वयं सेवकों की ड्यूटियां लगाये ताकि किसी भी प्रकार की घटनाओं/अराजक तत्वों पर नजर रखी जा सके व महिलाओं के साथ

# रामनगर में जाम के संदर्भ में पटरी-ठेला व्यवसायियों के साथ हुई बैठक

**समाज जागरण वाराणसी**

वाराणसी/ रामनगर थाना परिसर में अपराह्न 2:00 से ठेला पटरी व्यवसाईयों के साथ रामनगर थाना प्रभारी भरत उपाध्याय ने बैठक किया बैठक में बड़ी संख्या में ठेला पटरी व्यवसायी उपस्थित थे। बैठक में जाम के कारणों पर चर्चा हुआ।सभी से सुझाव लिया गया और अंत में निर्णय लिया गया की कोई भी पटरी ठेला व्यवसायी निर्धारित पट्टी के बाहर किसी सूरत में व्यवसाय नहीं करेगा। पटरी -ठेला व्यवसाईयों ने एक स्वर में पट्टी के अंदर दुकान लगाने की बात कही और अपनी समस्याओं को भी सामने रखा जिसमें मुख्य रूप से उन लोगों का कहना था कि हमारी पटरी के पीछे जिनकी दुकान है वह लोग पैसा मांगते हैं और न देने पर आगे धकेल देते हैं इसलिए मजबूरन



हम लोगों को रोड पर थोड़ा आगे आना पड़ता है लेकिन सभी ने नगर को जाम मुक्त रखने का संकल्प लिया और सफेद निशान से आगे किसी भी हालत में दुकान नहीं लगाने की बात कही ।बैठक में मुख्य रूप से सर्वश्री नन्दलाल चौहान,संतोष द्विवेदी,सृजन श्रीवास्तव,पार्षद लल्लन सोनकर,मनोज यादव,आयुष सोनकर,हिरन सोनकर,दिलीप , हिमांशु, अंबानी गुप्ता, बृजलाल इत्यादि उपस्थित थे।

# 7 से 9 नवम्बर तक मनाया जायेगा बदलापुर महोत्सव : रमेश मिश्रा

**समाज जागरण (जौनपुर)**

जौनपुर। विधायक बदलापुर रमेश चन्द्र मिश्रा की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में विधानसभा बदलापुर के विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा एवं बदलापुर महोत्सव को सकुशल मनाए जाने के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुई। विधायक ने बताया कि इस वर्ष 7, 8 व 9 नवम्बर को बदलापुर महोत्सव मनाया जाएगा, इस बार बदलापुर महोत्सव में कुल 551 सामूहिक विवाह कराने का लक्ष्य रखा गया है।

बैठक में विधायक ने जल जीवन मिशन के अधिकारियों को निर्देश दिया कि पाइप लाइन के लिए सड़को को बीच में न खोदा जाए। पीएम किसान सम्मान निधि की समीक्षा करते हुए उपनिदेशक कृषि हिमांशु पाण्डेय को निर्देश दिया कि 15 दिन के भीतर शत-प्रतिशत ई-केवाईसी कराना सुनिश्चित करें।

विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि अनावश्यक शट डाउन न दिया जाए। विधायक ने कहा कि विधानसभा बदलापुर में 63 केवीए के ट्रांसफार्मर अधिक खराब होने की शिकायते प्राप्त हुई है जिस पर उन्होंने निर्देश दिया 72 घण्टे में ट्रांसफार्मर बदलवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने ट्रांसफार्मरो के क्षमता वृद्धि के लिए शासन को पत्र प्रेषित किये जाने हेतु निर्देश दिये।

सामूहिक विवाह में लंबित भुगतान की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश



दिया कि सभी का शत-प्रतिशत भुगतान जल्द से जल्द कर दिया जाये।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि सीएचसी बदलापुर में डिजिटल एक्सरे, अल्ट्रासाउंड मशीन जल्द से जल्द लगाए जाए। सीएचसी बदलापुर में पुरानी एक्सरे मशीन खराब है उसे भी ठीक कराने के भी निर्देश दिए। दिव्यांग आवास हेतु पात्र लोगो को सुविधा का लाभ दिलाये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि असरोपुर में बन रहे पशु अस्पताल के निर्माण में खराब गुणवत्ता की सामग्री का प्रयोग हो रही है जिस पर कार्यदायी संस्था के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिया।

विधायक ने कृषि एवं उद्यान विभाग को निर्देशित किया कि उक्त तिथियों में कृषि गोष्ठी का भी आयोजन कराएं। सेवायोजना विभाग को निर्देश दिया कि रोजगार मेला का आयोजन कर युवाओं को रोजगार दिलाएं। श्रम अधिकारी को निर्देश दिया कि कैम्प लगाकर अधिक से अधिक श्रमिकों का पंजीकरण कराएं। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी विभाग स्टाल लगाकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही मौके पर ही आनलाइन आवेदन कराएंगे। उन्होंने कहा कि बदलापुर महोत्सव मनाये जाने का उद्देश्य है सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार हो जिससे लोग जागरूक होकर योजनाओं का लाभ उठा सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, जिला विकास अधिकारी वी.के. यादव, परियोजना निदेशक जयकेश त्रिपाठी, बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. गोरखनाथ पटेल सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# एसओ लाइनबाजार पर वाद दर्ज करने का न्यायालय ने दिया आदेश

## *संजय वर्मा पर कोर्ट ने आदेश की अवहेलना पर की कार्रवाई*

**समाज जागरण (जौनपुर)**

जौनपुर। अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय प्रथम ने थानाध्यक्ष लाइन बाजार संजय वर्मा के विरूद्ध धारा 173,174,175,176 आईपीसी व धारा 349 आईपीसी में प्रकीर्ण वाद दर्ज करने का आदेश पुलिस अधीक्षक को 25 अक्टूबर तक तामीला करने का दिया है। साथ ही आदेश की एक कॉपी डीजीपी लखनऊ को भी भेजने का आदेश पारित किया है। गौरतलब है कि मुकदमा संख्या 292/2022 चंद्रकला व एक अन्य बनाम सुनील कुमार निषाद मामले में कई बार थानाध्यक्ष लाइन बाजार संजय वर्मा को कोर्ट में उपस्थित होने का आदेश न्यायालय ने दिया था साथ ही कारण बताओ नोटिस व स्पष्टीकरण भी मांगा था। बावजूद इसके थानाध्यक्ष संजय वर्मा ने आदेश के अनुपालन में कोई रूचि नहीं दिखाई न ही कोई स्पष्टीकरण न्यायालय को दिया। आखिरकार अपर न्यायधीश परिवार न्यायालय प्रथम जौनपुर ने उच्च न्यायालय द्वारा रिट याचिका धारा 277 दं.प्र.सं. 8162/2023 श्रीमती पारूल त्यागी पति गौरव त्यागी ने ऐसे पुलिस कर्मचारियों के विरूद्ध विधि अनुसार कार्रवाई का निर्देश दिया था जिसका अनुपालन किया गया।

# गुण्डा एक्ट के आरोप से छात्र नेता दोषमुक्त

**समाज जागरण वाराणसी**

वाराणसी। गुण्डा एक्ट के मामले में आरोपित छात्र नेता को कोर्ट से बड़ी राहत मिल गयी। न्यायालय अपर पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट ने काशी जोन अंतर्गत सिगरा थाना क्षेत्र के निराला नगर, महमूरगंज निवासी काशी विद्यापीठ के छात्र नेता उत्कर्ष त्रिपाठी को गुण्डा एक्ट के आरोप से दोषमुक्त कर दिया। अदालत में आरोपित की ओर से अधिवक्ता विकास सिंह व अमनदीप सिंह ने पक्ष रखा। प्रकरण के अनुसार थाना प्रभारी सिगरा ने 25 मई 2023 को पुलिस उपायुक्त काशी जोन को आख्या दी थी। आरोप था कि क्षेत्र में भ्रमण के दौरान जानकारी हुई कि सिगरा थाना क्षेत्र के निराला नगर, महमूरगंज निवासी उत्कर्ष त्रिपाठी एक शातिर अपराधी है। यह लोग स्वयं या अपने गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं को अंजाम देते हैं। साथ ही अपने व अपने गिरोह के आर्थिक व भौतिक लाभ के लिए आएदिन मारपीट कर लोगों में दहशत कायम करते है। इनके भय से इनके खिलाफ कोई गवाही देने का साहस नहीं जुटा पाता है। सिगरा थानाप्रभारी के आख्या के आधार पर अपर पुलिस आयुक्त ने आरोपित को गुण्डा एक्ट में निरुद्ध किया था। अदालत में विचारण के दौरान आरोपित के अधिवक्ताओं विकास सिंह व अमनदीप सिंह ने अपनी दलील दिया कि जिस मुकदमों का आधार बनाकर उसके ऊपर गुंडा एक्ट लगाये जाने की बात कही जा रही है, उस मुकदमे में वह जमानत पर है। साथ ही उक्त मुकदमे के अलावा कोई भी अपराधिक इतिहास नहीं है। वह एक संभ्रांत नागरिक है और महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ का छात्र नेता है। पुलिस मात्र रंजिशवश उसे आरोपित बना दी है। अदालत ने बचाव पक्ष के तर्कों को सुनने व पत्रावली के अवलोकन के बाद आरोपित छात्र नेता उत्कर्ष त्रिपाठी को साक्ष्य के आभाव में दोषमुक्त कर दिया।


# वाराणसी में 100 करोड़ रुपए में बनेगा शंकर नेत्रालय:कांची मठ के शंकराचार्य काशी से अयोध्या रवाना

**समाज जागरण वाराणसी**

वाराणसी में 100 करोड़ रुपए से शंकर नेत्रालय बनाया जाएगा। कांची मठ के शंकराचार्य स्वामी शंकर विजयेंद्र सरस्वती ने आज वाराणसी से अयोध्या रवाना होने से पहले ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 2024 में यह शंकर नेत्रालय शुरू हो जाएगा। वाराणसी में शंकराचार्य स्वामी शंकर विजयेंद्र सरस्वती ने 100 दिन तक चातुर्मास पूरा कर लिया। वे 15 जुलाई को कांची से काशी पहुंचे थे। अयोध्या में नवरात्रि तक अपने भगवान श्री राम के धाम में हाजिरी लगाएंगे।

कांची मठ के शंकराचार्य स्वामी शंकर विजयेंद्र सरस्वती आज 100 वें दिन काशी से अयोध्या के लिए रवाना हो गए।

इस अस्पताल से शहर के साथ ही गांव के इलाकों में गरीबों का इलाज किया जाएगा। उन्हें दूर दराज शहरों में इधर-उधर भटकना नहीं होगा। उन्होंने कहा कि ह्लसर्व इंद्रियांणांम नैनम प्रधानमह्व यानी कि सभी इंद्रियों में आंख प्रमुख हैं। हम संसार को इसके द्वारा ही देखते हैं, इसलिए इसे ठीक रखना जरूरी है। इसी बात को



ध्यान में रखकर श्री कांची मठ की ओर से साल 1974 में नेत्र चिकित्सा सेवा के लिए कोयंबटूर में एक छोटे से कमरे में यह सेवा काम शुरू किया था। नेत्र चिकित्सा सेवा काम का विस्तार इस समय भारत के 13 राज्यों में 16 केंद्रों के द्वारा किया जा रहा है। 17वां केंद्र वाराणसी में होगा।

### इन जगहों पर किया था दौरा

शंकराचार्य ने अपने 100 दिन के निवास में मां गंगा की आरती, बाबा श्रीकाशी विश्वनाथ पूजा, काल भैरव, श्रीसंकट मोचन में हनुमान जी महाराज का गर्भ गृह में पूजन अर्चन किया था। गोपाल मंदिर में मत्था टेक रामनगर किला गए। वहां काले स्वरूप में ही हनुमान जी का दर्शन किया। इसके अलावा, शूल टंकेश्वर गए, शांडग़्वेद विद्यालय, साहू पुरी में वेदव्यास मंदिर वट वृक्ष का पूजन अर्चन किया। इलव में उन्होंने आउटडोर इंडोर स्पोर्ट्स की व्यवस्था आधुनिक अखाड़ा, तीरंदाजी, स्विमिंग पूल, बास्केटबॉल, फुटबाल, बैडमिंटन कोट, वालीबाल, क्रिकेट मैदान का अवलोकन किया था।

# बेखौफ बदमाशों का आतंक बरकरार, सरेराह अनुदेशक को मारी गई गोली

**समाज जागरण (जौनपुर)**

जौनपुर जिले के बदलापुर थाना क्षेत्र के एक गांव में निमंत्रण से लौट रहे कंपोजिट विद्यालय उदपुर गेढ़वा निवासी अनुदेशक को देर रात बेखौफ बदमाशों ने मारी गोली।

अनुदेशक को गोली लगने के बाद स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया,

हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया।

पूरा मामला बदलापुर थाना क्षेत्र के उसरा बाजार स्थित विद्युत केंद्र निकट का बताया जा रहा हैं,

पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी।

# बलिया को बाल श्रम से मुक्त बनाने के लिए हरी झंडा दिखाया

बलिया बाल विवाह बाल मजदूरी बाल तस्करी को रोकने के लिए बलिया को बाल श्रम से मुक्त बनाएँ जागरूकता रथयात्रा को रवाना करते जिलाधिकारी बलिया रविन्द्र कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक रमेश सिंह, जिला विकास अधिकारी द्वारा यात्रा को सफल बनाने के लिए हरी झंडा दिखाकर रवाना किया गया।





## आचार्य सीताराम चतुर्वेदी महिला महाविद्यालय में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस

**समाज जागरण वाराणसी**

वाराणसी : डोमरी, रामनगर स्थित आचार्य सीताराम चतुर्वेदी महिला महाविद्यालय में आज अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजय शंकर मिश्र ने बालिका दिवस को मनाने का उद्देश्य लैंगिक असमानता के बारे में जागरूकता बढ़ाने और लड़कियों के अधिकारों और सशक्तिकरण की वकालत करने के तरीके के रूप में बताया।महाविद्यालय के शिक्षक डॉ. अभिजीत, सुरभि पांडेय, दिव्या सिंह एवं अन्य अध्यापकों एवं छात्राओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम में श्री सोनू सेठ, डॉ. अमित रंजन, डॉ. रचिता सिंह,श्रीमती प्रतिभा गुप्ता, श्रीमती श्रद्धा पांडेय,श्रीमती जया तिवारी,आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित रहें।

## खोजती रही भेलुपुर पुलिस पटेल ने कर दिया समर्पण

**समाज जागरण वाराणसी**

गुजरात की कंपनी के कार्यालय में 1.40 करोड़ की डकैती प्रकरण में जगदीश पटेल ने सिविल जज जूनियर डिविजन/ फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम शक्ति सिंह की अदालत में आत्मसर्पण कर दिया. कोर्ट ने आरोपी को 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया.भेलूपुर पुलिस लंबे समय से गुजरात के गांधी नगर निवासी जगदीश पटेल अपने अधिवक्ता राजा आनंद ज्योति सिंह और सिद्धार्थ श्रीवास्तव के जरिए कोर्ट पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया।

# चौकी प्रभारी ने वाहन चेकिंग अभियान

**समाज जागरण (जौनपुर)**

मुफ्तीगंज जौनपुर केराकत कोतवाली थाना क्षेत्र के सरकी पुलिस ने बुधवार को सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया ' इस दौरान पुलिस ने बिना हेल्मेट, गाड़ी पेपर, ड्राइविंग लाइसेंस के चल रहे वाहनों से जुमार्ना वसूला।




जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक के आदेश और सीओ गौरव शर्मा के दिशा निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक केराकत रामजन्म यादव सरकी पुलिस चौकी प्रभारी धीरेंद्र सोनकर ने अमहित बॉर्डर से गुजर रहे सभी दो पहिया वाहनों को रोक कर वाहनों के कागजात, हेलमेट एवं ड्राइविंग लाइसेंस के साथ-साथ गाड़ियों के डिक्की खोलकर जांच की। हालांकि इस दौरान किसी भी वाहन में कोई आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुआ। वाहन चेकिंग का नेतृत्व कर रहे चौकी सरकी ने बताया कि वाहनों की जांच में पाए जाने चलान।किया उन्होंने बताया कि इस दौरान लोगों को सख्त हिदायत दी गई कि वे हेलमेट, जूते पहन कर ही वाहन चलाएं तथा यातायात के नियमों का पालन करते हुए सावधानी पूर्वक वाहन चलाएं ताकि आए दिन होने वाले सड़क दुर्घटनाओं पर काबू पाया जा सके।

चेकिंग अभियान में हेड कांस्टेबल राम सेवक यादव जयप्रकाश यादव, , कांस्टेबल रोहित सिंह ने सहयोग किया

## आचार्य सीताराम चतुर्वेदी महिला महाविद्यालय में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस

**समाज जागरण वाराणसी**

वाराणसी डोमरी, रामनगर स्थित आचार्य सीताराम चतुर्वेदी महिला महाविद्यालय में आज अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया महाविद्यालय



के प्राचार्य डॉ. विजय शंकर मिश्र ने बालिका दिवस को मनाने का उद्देश्य लैंगिक असमानता के बारे में जागरूकता बढ़ाने और लड़कियों के अधिकारों और सशक्तिकरण की वकालत करने के तरीके के रूप में बताया।महाविद्यालय के शिक्षक डॉ. अभिजीत, सुरभि पांडेय, दिव्या सिंह एवं अन्य अध्यापकों एवं छात्राओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम में श्री सोनू सेठ, डॉ. अमित रंजन, डॉ. रचिता सिंह,श्रीमती प्रतिभा गुप्ता, श्रीमती श्रद्धा पांडेय,श्रीमती जया तिवारी,आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित रहें।

# दुर्गा पूजा समितियां के साथ पुलिस ने की

**समाज जागरण वाराणसी**

वाराणसी पुलिस कमिश्नर के निर्देशन में एसीपी भेलूपुर प्रवीण सिंह द्वारा लंका थाने पर लंका/चितईपुर की दुर्गा पूजा और शांति समिति के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई।



# टुंडी हटिया में वाहनों के कारण यातायात प्रभावित।

**दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र**

जिला संवाददाता धनबाद (झारखंड):- 11 अक्टूबर 2023: जिले की टुंडी राजबाड़ी में एक दशक पूर्व से प्रत्येक बुधवार को हटिया बाजार लगाया जा रहा है। आज से लगभग 50 वर्ष पूर्व राजबाड़ी परिसर में ही बाजार सीमित था ।बिहार सरकार ने उक्त स्थल पर हटिया शेड का भी निर्माण करवाया था, परंतु हटिया शेड जर्जर एवं ध्वस्त हो जाने तथा निरंतर बढ़ रही जनसंख्या के कारण उक्त परिसर में लोगों को खरीद बिक्री करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है ।धीरे-धीरे यह बाजार गोविंदपुर- गिरिडीह मुख्य सड़क की ओर अग्रसर होता जा रहा है । इस दिन हटिया करने टुंडी मुख्यालय से सटे सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से लोग हजारों की संख्या में लोग आवश्यकता की वस्तुएं खरीदने



एवम बिक्री करने आते हैं। यहां गिरिडीह एवं गोविंदपुर से भी कपड़ा दुकानदार एवम अन्य सामने की दुकान लगाते हैं। खासकर इस बाजार में आदिवासी महिला एवम पुरुष की भीड़ रहती है। मुख्य सड़क पर ऑटो रिक्शा की भीड़ सड़क को जाम कर देता है जिसके कारण यातायात तो बाधित होता ही है आम जनों को सड़क पार करना दुभर हो जाता है। यदा - कदा टुंडी थाना के एक दो जवान ड्यूटी में तैनात दिखते हैं परंतु ज्यों ही वे हटते हैं जाम लगना शुरू हो जाता है । आए दिन यहां कभी भी कोई अप्रिय घटना घट सकती है ।ग्रामीणों का कहना है कि या तो हटिया शेड का जीर्णोद्धार कर हटिया को राजवाड़ी परिसर में शिफ्ट किया जाए अथवा हटिया स्थल का अन्यत्र स्थानांतरित किया जाए। आशा है स्थानीय प्रशासन इस पर सख्त कार्रवाई करने का पहल करेगा ।

# मंझगावा भुईयांडीह विद्यालय में बूंद-बूंद पानी को तरस रहे बच्चे

## सरकार सर्व शिक्षा अभियान पर प्रतिवर्ष करोड़ों रुपये खर्च कर रही

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवाददाता चतरा**

चतरा(झारखंड)11अक्टूबर2023: - जिले के मयूरहंड मे एक तरफ सरकार सर्व शिक्षा अभियान के तहत स्कुलों में संसाधन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिवर्ष करोड़ों रुपये खर्च कर रही है ।वहीं दुसरी तरफ चतरा जिले के मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र के मंझगावा भुईयांडीह प्राथमिक विद्यालय में पढने वाले नौनिहाल बच्चे बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं ।विद्यालय में दिखावे के लिए एक चापानल अधिष्ठापित की तो गई है जो केवल शोभा की वस्तु बना हुआ है। इन दिनों बरसात के मौसम में बमुसकिल एकाध बाल्टी पानी निकल रहा पर ठंढ व गर्मी के दिनों में एक बूंद पानी निकलना मुश्किल हो जाता है। मध्याह्न भोजन संचालित करने के लिए लगभग एक किलोमीटर दूर से पानी लाना पडता है ।विद्यालय में अनुसूचित जाति के लगभग तीस बच्चे नामांकित है और लगभग बच्चों की उपस्थिति प्रत्येक दिन रहती है ।परंतु स्कूल में पीने का



पानी मिलना दुर्लभ हो गया है ।जिसके कारण बच्चों को रेलवे लाइन पारकर प्यास बुझाने के लिए दूर तक जाना पड़ता है ।जिसके कारण कभी भी बड़ी घटना होने की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है ।विद्यालय के शिक्षक बालमुकुंद यादव ने बताया की पानी की समस्या की जानकारी वरीय पदाधिकारी को दर्जनो बार दे चुका हूँ पर आजतक समस्या का समाधान नहीं हो पाया ।जिसके कारण पानी के समस्याओं से जुझना पड रहा है ।विभाग द्वारा चापानल लगाया गया है जो मात्र 90 फिट गहरा है ।जिसके कारण पानी का लेयर नहीं पकड़ा यहां कम से कम चार सौ फिट गहरा डीप बोरींग की आवश्यकता है तभी पानी की समस्या से निजात मिल पाएगा ।इस विषय में जिला शिक्षा अधिक्षक अभिषेक बडइक ने बताया की समस्या की जानकारी नहीं थी ।अब समस्या का जानकारी हुई है जल्द ही समस्या का समाधान कर ली जाएगी ।

# एकलव्य तीरंदाजी केंद्र के तीन प्रशिक्षुओं ने सटीक निशाना लगाकर जूनियर नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में जगह बनाई है।

**समाज जागरण, राजेंद्र मिश्र, ब्यूरोचीफ , उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल /शीतल दत्ता, वरीय संवाददाता ,धनबाद , झारखंड प्रदेश। 11 अक्टूबर 2023**

झारखंड प्रदेश के राजधानी रांची में चल रहें जूनियर झारखंड तीरंदाजी टीम चयन प्रतियोगिता में एकलव्य तीरंदाजी केंद्र के तीन प्रशिक्षुओं ने सटीक निशाना लगाकर जूनियर झारखंड टीम में जगह बनाई है। जूनियर कंपाउंड राउंड बालिका वर्ग में मेघा बेसरा ने 50 मीटर की दूरी पर सटीक निशाना साधा। इंडियन राउंड बालिका वर्ग में मधु कुमारी और काजल कुमारी सटीक निशाना लगाने में कामयाब रहीं। चासनाला न्यू मोतीनगर निवासी संतोष दास की पुत्री मधु कुमारी ने 627 स्कोर के साथ झारखंड टीम में पहले स्थान पर, काजल व मेधा ने 618 स्कोर के



साथ झारखंड टीम में तीसरे स्थान हासिल किया। तीनों 15 से 22 नवंबर तक राजस्थान के भरतपुर में होने वाली जूनियर नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में भाग लेंगी। प्रशिक्षक बीएस राव एवं सुमित कुमार मिश्रा तीनों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। चयन होने पर खेल पदाधिकारी ने बधाई दी। चयन होने पर पत्रकार अमित सिंह, विश्व सनातन मंच, जीवन वेलफेयर फाउंडेशन,सफल इंडिया, राष्ट्रिय मजदूर यूनियन,आजसू पार्टी नेता सुदर्शन ओझा सहित अन्य ने मधु और उनके पिता संतोष दास को बधाई दी ।

# डायरिया प्रभावित गांव में पहुंचे विधायक, चिकित्सा सुविधा का लिया जायजा

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता**

ईचागढ़-- सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के डुमरा गांव के हरिजन बस्ती में बुधवार को डायरिया पीड़ितों का हालचाल लेने विधायक सविता महतो पहुंचे व चिकित्सा कैम्प का जायजा लिया। विधायक ने डायरिया पीड़ितों से मिले व चिकित्सा सुविधा का जानकारी लिया। उन्होंने डायरिया पीड़ितों के बीच ओआर एस पाउडर, ड्राय फूड आदि का भी वितरण किया। वहीं 6 महिने से खराब पड़े सोलर चालित जल मिनार को भी मरम्मती कराकर चालु कराया। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को लगातार गांव में कैम्प कर बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। विधायक सविता महतो ने कहा कि डायरिया का सुचना मिलते ही तत्काल सिविल सर्जन से बात कर मंगलवार रात से ही चिकित्सा शिविर लगाया गया। उन्होंने कहा कि खराब पड़े जल मिनार को चालु कराया गया। उन्होंने कहा कि दो चार दिनों के अंदर हरिजन बस्ती में नया चापाकल लगाया जाएगा। मालूम हो कि डायरिया का चपेट में आने से मंगलवार को दो वर्षीय एक बच्ची की मौत हो गई । हरिजन बस्ती में करीब एक दर्जन



ग्रामीण डायरिया से पीड़ित हैं। डायरिया से अधिकांश बच्चे पीड़ित हैं। डायरिया पीड़ितों में 12 वर्षीय अर्जुन मछुआ, 6 वर्षीय रोशनी कुमारी,4 वर्षीय सपना कुमारी,32 वर्षीय रिता मछुआ,20 वर्षीय बृन्दे देवी, 25 वर्षीय किरण मछुआ,13 वर्षीय कल्पना,2 वर्षीय मनसा मछुआ आदि सामिल है। वहीं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर दीपक कुमार मांझी , चिकित्सा पदाधिकारी अनुपम घोषाल के उपस्थिति में डायरिया कैम्प लगाकर चिकित्सा किया जा रहा है। बीडीओ किकु महतो ने भी बस्ती पहुंचकर चिकित्सा कैम्प का जायजा लिया व कई दिशा निर्देश भी दिए। कैम्प लगने के बावजूद भी बेहतर चिकित्सा के लिए ग्रामीण स्थानीय नर्सिंग होम व निजी चिकित्सालयों में भी इलाज करवा रहे हैं। डायरिया फैलने का कारण कुंआ का गंदा पानी पीने से फैलने का बात बताई जा रही है। मौके पर झामुमो केन्द्रीय सदस्य काबलु महतो, पूर्व मुखिया पंचानन पातर, अमित सिन्हा,दीपक लायेक, हरेन्द्र नाथ महतो आदि उपस्थित थे।

# यदुवंशी गोप समाज युवा मंच ने फिर एक बार एक असहाय परिवार की मदद कर,दिया समाज की एकता का परिचय।

**रविकांत गोप,दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता राजनगर(सरायकेला)**

राजनगर (झारखंड): यदुवंशी गोप समाज युवा मंच के केंद्रीय अध्यक्ष विनोद कुमार गोप के आदेशानुसार बुधवार को राजनगर प्रखंड के तुमुंग पंचायत अंतर्गत नागा तुमुंग गाँव मे स्व. अनिल गोप के परिजनों को उनके श्राद्धकर्म के लिए राशन सामग्री पंहुचा कर एक असहाय परिवार की आर्थिक मदद की। बता दें कि युवा मंच का समाज हित मे निरंतर कार्य चल रहा है ।इस क्रम में दो दिन पहले नागातुमुंग गाँव से 54 वार्षिय अनिल गोप की अकस्मात देहांत होने,और उनके परिवार की माली हालात से अवगत कराया था ।जिसके बाद व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से यदुवंशी गोप समाज से जुड़े सभी सदस्यों को इसकी जानकारी मिली ।वहीं सभी सदस्यों ने आपसी सहयोग से सहायता राशि एकत्रित कर बुधवार को यदुवंशी गोप समाज के युवा सदस्य स्व. अनिल गोप के आवास पहुँच कर राशन सामग्री प्रदान की एवं उनके परिजनों को ढांढस बांधते हुए, उनके आश्रितों को सामाजिक मदद के साथ साथ सरकारी योजनाओं से जोड़ने में मदद करने की बात कही। बीते 2 अक्टूबर को अनिल गोप की आकस्मिक देहांत हो गया था ।उनकी तीन बेटियां व पत्नी है ।तीन बेटियां में दो बेटियां का मानसिक सन्तुलन ठीक नही है ।उनके परिवार का पालन पोषण करने वाला एकमात्र अनिल गोप था ।अनिल गोप अत्यंत गरीबी रेखा से गुजर रहा था ।किसी प्रकार मजदूरी कर अपने परिवार को पोषण करता था ।अब उनके देहांत के बाद उनकी पत्नी और तीन बेटियों का जीवन अंधकार मय हो गया है। ऐसे में यदुवंशी गोप समाज युवा मंच ने स्व. अनिल गोप के श्राद्धकर्म के लिए राशन सामग्री उपलब्ध करा कर बहुत बड़ी मदद पहुंचाई है। वहीं इस मौके पर यदुवंशी गोप समाज युवा मंच के विष्णुपद गोप,स्यामल गोप,रविन्द्र गोप,निखिल गोप,कपिल गोप ,रविकांत गोप आदि उपस्थित हुए।

# हंटरगंज प्रमुख ममता कुमारी ने की नए जिला आपूर्ति पदाधिकारी से मुलाकात।

## जन वितरण प्रणाली की दुकान में आ रही समस्या को लेकर कराया अवगत ।

**दैनिक समाज जागरण, आशुतोष कुमार तिवारी ब्यूरो चीफ**

चतरा (झारखंड) 11 अक्टूबर 2023:-जिले के हंटरगंज प्रमुख ममता कुमारी ने बुधवार को जिला आपूर्ति पदाधिकारी मनिंदर भगत से मुलाकात की। इस दौरान हंटरगंज प्रमुख ममता कुमारी ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी से कहा कि उनके प्रखंड में उन्हें लगातार शिकायत मिल रहे हैं कि राशन वितरण में जन वितरण प्रणाली दुकानदार कार्डधारियों को परेशान कर रहे हैं। कहीं कम राशन दे रहे हैं तो कहीं मारपीट तक हो जा रहा है। ऐसे में उन्होंने जिला आपूर्ति पदाधिकारी से आग्रह किया कि एक



बार हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र के जन वितरण प्रणाली दुकानदारों का निरीक्षण कर सभी दुकानदारों से एवं कार्डधारकों से बेहतर संबंध स्थापित कर जन वितरण प्रणाली दुकानदारों से उचित राशन देने का निर्देश दें ताकि कार्ड धारियां को उचित राशन मिल सके। हंटरगंज प्रमुख के साथ गिधौर प्रमुख अनिता यादव और पत्थलगड़ा के मनीषा कुमारी भी मौजूद थे। उनलोगों ने भी अपने प्रखंड की समस्या जिला आपूर्ति पदाधिकारी के सुनाए।

# भद्रकाली महाविद्यालय में कंप्यूटर लैब का हुआ उद्घाटन।

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवाददाता चतरा**

चतरा(झारखंड)11अक्टूबर2023: -जिले के इटखोरी प्रखंड अवस्थित एकमात्र उच्च शिक्षण संस्थान भद्रकाली महाविद्यालय में अत्याधुनिक एवम सुसज्जित कंप्यूटर लैब का विधिवत उद्घाटन संयुक्त रूप से सीसीएल कुजू आरा प्रक्षेत्र के महाप्रबंधक के प्रतिनिधि श्री प्रताप रंजन,महाविद्यालय के सचिव सह विश्वविद्यालय प्रतिनिधि डॉक्टर प्रदीप कुमार सिंह,प्राचार्य डॉक्टर दुलार हज्जाम,वरिष्ठ समाजसेवी पवन शर्मा के द्वारा संयुक्त रूप से विधिवत पूजा अर्चना के बाद फीता काटकर और नारियल तोड़कर किया गया ।महाविद्यालय को 30 सेट कंप्यूटर कुर्सियां एवम फर्नीचर के साथ सीसीएल के सौजन्य से सीएसआर मद द्वारा प्रदान किए गए है ।इसके पूर्व श्री प्रताप रंजन के महाविद्यालय पहुंचने पर सचिव,प्राचार्य एवं महाविद्यालय परिवार ने उन्हें पुष्पगुच्छ प्रदान कर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। श्री



प्रताप रंजन ने कहा कि ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्र में अवस्थित इस महाविद्यालय में जहां 80 प्रतिशत लड़कियां अध्ययनरत है,ये कंप्यूटर शिक्षा के क्षेत्र में मिल का पत्थर साबित होंगे ।सचिव महोदय ने सीसीएल के पदाधिकारियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि अब शीघ्र ही इस महाविद्यालय में बीसीए की पढ़ाई शुरू की जाएगी। प्राचार्य महोदय ने कहा कि डिजिटल एजुकेशन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सीसीएल ने महाविद्यालय को जो कंप्यूटर की सौगात दी है इसके लिए महाविद्यालय परिवार हमेशा सीसीएल के प्रति कृतज्ञ रहेगा ।इस अवसर पर समाजसेवी देवकुमार सिंह,योगगुरु शंकर चंद्रवंशी,प्रो जानकी प्रसाद दांगी,प्रो श्याम सुंदर प्रसाद,प्रो महेंद्र ठाकुर,प्रो सकेंद्र मिस्त्री,प्रो ललित कुमार,डॉक्टर इभा सिंहा,प्रो लीलू रानी,प्रो मधुबाला,प्रो अखिलेश पांडेय,दशरथ राणा,विजय कुमार,पुस्तकालय प्रभारी शिव कुमार सिंह ,रामदेव रविदास, मो रफीक,सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

# "समर्पण एक नेक पहल" संस्था के पहल पर हार्ट सर्जरी के लिए रांची के सरकारी ब्लड बैंक रिम्स में तत्काल रक्त उपलब्ध कराई गई

**दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड**

संस्था को सूचना प्राप्त हुई कि रांची के रिम्स अस्पताल में इलाजरत 26 वर्षीय आकाश कुमार दास का हार्ट सर्जरी होना हैं और इसके लिए कम से कम तीन यूनिट बी पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता हैं जिसमें से दो यूनिट की व्यवस्था हो गई हैं एक यूनिट रक्त की रिम्स ब्लड बैंक में ही और आवश्यकता हैं क्योंकि मरीज की आर्थिक स्थिति दयनीय हैं कृपया इनकी मदद करें, सूचना प्राप्त होते ही संस्था संस्थापक दिपेश चौहान ने इसकी सूचना संस्था के सक्रिय सदस्य एवं रक्तमित्र धनबाद के संस्थापक विक्रम बरनवाल को दिया क्योंकि वो अभी रांची में ही



कार्यरत हैं सूचना मिलते ही विक्रम रांची के रहने वाले रक्तवीर धीरेन्द्र झा को लेकर रिम्स ब्लड बैंक रांची पहुंचे और मरीज आकाश कुमार दास के हार्ट सर्जरी के लिए धीरेन्द्र जी ने अपना ओ पॉजिटिव रक्त दान किया और इसके बदले में मरीज ब्लड बैंक की ओर से निःशुल्क बी पॉजिटिव रक्त प्रदान कर दी गई, अब मरीज आकाश कुमार दास का ऑपरेशन होने में कोई बाधा नहीं हैं संस्था के पहल पर मरीज को रक्त प्राप्त हो गई हैं '

# विशेष अभियान में 21 भारी वाहनों से वसूली गई 8 लाख रुपए से अधिक की फाइन

**दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड**

उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री वरुण रंजन के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी श्री राजेश कुमार सिंह ने तोपचांची, बलियापुर, महुदा सहित विभिन्न थाना क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर 21 भारी वाहनों से आठ लाख रुपए से अधिक की फाइन वसूली। इस संबंध में जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर विशेष जांच अभियान के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्र में उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, झारखंड, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, बिहार, गुजरात, हरियाणा, पंजाब, महाराष्ट्र इत्यादि राज्यों के लगभग 100 से अधिक वाहनों की टैक्स फेल, ओवरलोड, फिटनेस, ओवर साइज इत्यादि की जांच की गई। जांच के क्रम में 14 ट्रक, 6 हाईवा तथा 1 ट्रेलर सहित 21 वाहनों से मोटर व्हीकल एक्ट 1988 की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत लगभग आठ लाख रुपए से अधिक की फाइन वसूली गई। अधिकतर वाहनों ने ऑनलाइन फाइन जमा कर दी है। वहीं ओवरलोड गाड़ियों को जब्त कर संबंधित थाना में रखा गया है। उन्होंने बताया कि जिला परिवहन कार्यालय द्वारा आगे भी इस प्रकार का अभियान निरंतर जारी रहेगा। विशेष अभियान में जिला परिवहन पदाधिकारी श्री राजेश कुमार सिंह सहित परिवहन कार्यालय के कर्मी मौजूद थे।

# तेज रफ्तार वाहन की कहर और बढ़ते प्रदूषण की समस्या से त्राहिमाम कर रही कांड्रा गौशाला सिंदरी की जनता!

**समाज जागरण ,राजेंद्र मिश्र, ब्यूरोचीफ ,उत्तरी छोटानागपुर मंडल/ शीतल दत्ता, वरीय संवाददाता,**

धनबाद (झारखंड) 11 अक्टूबर 2023:- जिले के झरिया सिन्दरी मुख्य सड़क पर कांड्रा बैंक ऑफ इंडिया के समीप तेज रफ्तार में एसआर रेलवे साइडिंग मार्शलिंग यार्ड से बलियापुर की ओर जा रही हाइवा संख्या जेएच 10 सी.आर. 3937 ने मोटर साईकिल संख्या जे .एच.11वाई 1602 पर सवार भोला यादव को रौद्र दिया। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गये। घायल को चासनाला सीएचसी में प्राथमिक उपचार कराने के बाद एस एन एम एम सी एच धनबाद रेफर किया गया है। जहाँ घायल की स्थिति चिन्ता जनक बतायी जा रही है। घटना के सम्बंध में बताया जाता है कि एस आर रेलवे साइडिंग में कार्यरत भोला यादव अपने मोटर साईकिल से कांड्रा बाजार से खाने पीने का समान लेकर घर जा रहा था। तभी एस आर रेलवे साइडिंग से कोयला लोड लेकर बलियापुर की ओर तेज रफ्तार में जा रही हाइवा ने सीधी टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर गिर गया। और हाइवा के चपेट में आने से उसका दोनों हाथ कमर बुरी तरह कुचल गया है। घटना की सूचना मिलने पर गोशाला ओपी पुलिस घटना स्थल पर पहुँच कर दोनों वाहन को जब्त कर लिया है। बताया जाता है कि एस आर रेलवे साइडिंग से प्रतिदिन सैकडों भारी वाहन कोयला लोड लेकर तेज रफ्तार से चलती है और सड़क पर कोयला के गिरते डस्ट एवं वाहनों से फैल रही भारी प्रदूषण के कारण सड़क भी दिखाई नहीं देता है। यह भी बताया जाता है कि एस आर रेलवे साइडिंग से कोयला लोड लेकर हाईवा बलियापुर गोबिंदपुर के लिए जाती है। बताया जाता है कि घायल भोला यादव रामगढ़ का रहने वाला है और वर्तमान में कांड्रा चक चिताही में भाड़े की क्वाटर में रहता है।

# दूर्गा पूजा को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता**

ईचागढ़: ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के ईचागढ़ थाना परिसर में बुधवार को शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी किकु महतो ने किया। दूर्गा पूजा को लेकर शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर विभिन्न विषयों पर सदस्यों व पंचायत प्रतिनिधियों से चर्चा किया गया। बैठक में दुर्गा पूजा समितियों को कई दिशा निर्देश भी दिया गया। वहीं बीडीओ श्री महतो ने पूजा पंडालों में पर्याप्त रोशनी का व्यवस्था करने, भड़काऊ गाना व तेज आवाज में बाजा नहीं बजाने व विसर्जन नियत समय व रास्ते का प्रयोग करने का निर्देश दिया। वहीं थाना प्रभारी गौरव कुमार मिश्रा ने बताया कि शांति समिति की बैठक में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए समिति सदस्यों को सहयोग करने का अपील किया गया। उन्होंने कहा कि वाट्स एप पर गलत मैसेज देने वालों, किसी समुदाय को आहत करने वाले गाने बजाने, हुड़दंगियों व नशेड़ियों पर सख्त कार्रवाई किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दूर्गा पूजा भाईचारे के साथ मिल-जुलकर मनाने का अपील किया गया। उन्होंने कहा कि पूजा के दौरान पूजा समितियों को सरकार की गाइडलाइन का अक्षरशः पालन करते हुए शांति पूर्वक पूजा करने का अपील किया गया। उन्होंने कहा कि हुड़दंगियों व नशे के हालत में शांति व्यवस्था भंग करने के खिलाफ प्रशासन नजर रखेंगे। उन्होंने ऐसे हरकत करने वालों का तत्काल पुलिस को सुचना देने की अपील किया। मौके पर जिला परिषद सदस्य ज्योति लाल मांझी, मुखिया रागिनी उरांव, पंचानन पातर, मुरलीधर मिश्रा, अनिल कुमार सिंह,अमित कुमार सिन्हा,बंशीधर दास,भोला महतो, अजय कुमार साव,आदि मौजूद थे।

# राजगंज में दिखेगा झारखण्ड का नया विधानसभा आकृति पंडाल : सेवा समिति राजगंज।

**दैनिक समाज जागरण रामलाल मुर्मू संवाददाता बाघमारा।**

राजगंजः राजगंज थाना अंतर्गत शांति समिति के बैठक के बाद से जोरो से दुर्गा पूजा की तैयारिया राजगंज में चल रही हैं इस बार झारखण्ड का शान



बान आन झरखंड का नया विधानसभा का आकृति राजगंज हटियापट्टी मैदान में देखने को मिलेगा, जानकारी के अनुसार ये पंडाल विश्वनाथ डेकोरेटर्स कतरास के कारीगरों द्वारा किया जा रहा है साथ ही मां दुर्गा का प्रतिमा नसिंग गोस्वामी ( मूर्तिकार) द्वारा किया जा रहा है। सेवा समिति राजगंज के द्वारा लगातार 151वर्षो से दुर्गा पूजा मनाया जा रहा है यहां का दुर्गा पूजा आस पास के दर्जनों गांव का पौराणिक व एकलौता है इसलिए इस क्षेत्र में मेला के दिन पैर रखने के जगह तक नहीं होती हैं इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष मथु प्रसाद साव कार्यकारी अध्यक्ष सुदीप अड्डी, उपाध्यक्ष जितु विश्वकर्मा, सचिव रविन्द्र चन्द्र दे,सह सचिव उत्तम स्वर्णकार, कोषाध्यक्ष उत्तम गोराई विनोद चोरोसिया, प्रदीप दे, सुदाम चंद्र जी, पप्पू भगत, अजीत स्वर्णकार सोमू राय, देवप्रसाद, तमन, चंदन सोनार आदि का अहम योगदान है।

# आदिवासी सेचेद आखड़ा धनबाद द्वारा मांझी बाबा ओल इतुन आसड़ा में पढ़ रहे बच्चो के बीच किताबो का वितरण।

**दैनिक समाज जागरण रामलाल मुर्मू संवाददाता बाघमारा।**

राजगंजः दो साल से लगातार आदिवासी सेचेद आखड़ा द्वारा संचालित मांझी ओल इतुन आसड़ा में पढ़ रहे बच्चो को निशुल्क संथाली लिपि शिक्षा दी जा रही है, तथा इस आसड़ा में 10वर्ष से लेकर 35-40 वर्ष तक के बच्चे



बच्चियां तथा पुरुष और महिलाएं भी निशुल्क शिक्षा ग्रहण कर रही है। आदिवासी सेचेद आखड़ा धनबाद के अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र हेंब्रम तथा मांझी बाबा ओल इतुन आसड़ा के अध्यक्ष विष्णु हांस्दा , अन्य आखड़ा, आसड़ा के सदस्यो द्वारा पुस्तक का वितरण किया गया, साथ ही बच्चो को शिक्षा का महत्त्व को बताते हुए प्रोत्साहित किया, श्री सुरेन्द्र हेंब्रम जी ने कहा की ये निशुल्क ओल चिकी लिपि की शिक्षा राजगंज इंटर कॉलेज में प्रत्येक रविवार को समय 10 बजे से लेकर दोपहर 3 बजे तक शिक्षा दी जाती हैं , इस आसड़ा को चलाने में माचैत (शिक्षक) जयराम बेसरा, बहा बेसरा, प्रदीप जी, और आसड़ा कोर कमेटी सदस्य विरजु सोरेन , सुरेन्द्र प्रसाद, सुधीर हेंब्रम, शिव कुमार, शिखर, आदि का महत्वपूर्ण भूमिका है।

# पूरे जिले भर में प्रधानमंत्री आवास में बेहतर कार्य करने के लिए बरुरा मुखिया मनीष कुमार सिंह हुए सम्मानित।

**दैनिक समाज जागरण,आशुतोष कुमार तिवारी ब्यूरो चीफ**

चतरा (झारखंड) 11 अक्टूबर 2023:- जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना में शत प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने के लिए प्रतापपुर प्रखंड के बरुरा पंचायत के मुखिया मनीष कुमार सिंह को सम्मानित किया गया। उपायुक्त के निर्देश पर अपर समाहर्ता पवन मंडल व जिला परिषद अध्यक्ष ममता देवी ने बरूरा पंचायत के मुखिया मनीष सिंह को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। मुखिया ने बताया कि पिछले दिनों प्रतापपुर प्रखंड प्रशासन के द्वारा भी बेहतर कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया था। आज जिला में सम्मानित किया गया है। मुखिया ने कहा कि ऐसा ही सम्मान मिलता रहा तो वे और भी बेहतर काम कर पंचायत का चहुमुखी विकास करेंगे और पूरे राज्य में बरूरा पंचायत एक अलग पहचान देने का काम करेंगे। मुखिया के इस कार्य से पंचायत के लोगों में हर्ष है।



# पलाशडीह गांव में पीसीसी सड़क निर्माण हेतु बीडीओ को मांगपत्र सौंपा

**फुलचांद पारित, समाज जागरण, संवाददाता, नीमडीह**

नीमडीह : सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत कुकड़ू प्रखंड के पलाशडीह गांव में पी सी सी सड़क निर्माण के मांग पर विद्युत वरण महतो के नेतृत्व में कुकड़ु प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। मौके पर



उपस्थित ग्राम प्रधान रमानाथ महतो ने कहा कि हमारे जानुम पंचायत अंतर्गत पलाशडीह वार्ड नंबर 05 में दोनों तरफ पीसीसी बना हुआ हैं लेकिन बीचों बीच में जो की आसक तल से लेकर राहुत महतो के घर तक 500 फिट पीसीसी निर्माण कभी नहीं हुआ। जिसके कारण स्वास्थ्य केंद्र जाने वाले मरीजों के लिए गाड़ी बुलाने से कीचड़ और गड्ढे के चलते आने के लिए मना कर देते हैं। विद्यार्थियों को विद्यालय आने-जाने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इस दौरान प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने सकारात्मक पहल कर पी सी सी निर्माण करने का आश्वासन दिया। मंगल चंद्र महतो, आशुतोष महतो आदि उपस्थित थे।

# जलाशय में सोलर लाइट लगाया जा रहा है जहां सोलर लाइट की कोई भी उपयोगिता नहीं जल संसाधन विभाग का ठेकेदार कर रहा मनमाना काम

**दै.समाज जागरण**
**देवव्रत राय,जिला ब्यूरोः-बलरामपुर**

बलरामपुर(छत्तीसगढ़)=जल संसाधन संभाग क्रमांक २ रामानुजगंज विगत कई वर्षों से लगातार अधिकारियों के भ्रष्टाचार एवं विवादित कार्यशैली को लेकर विवादों में रहा है एक बार फिर जल संसाधन विभाग के ठेकेदार के द्वारा मनमानी रूप से बिना उपयोग के ऐसे जलाशय में सोलर लाइट लगाया जा रहा है जहां सोलर लाइट की कोई भी उपयोगिता नहीं है । इस संबंध में जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता ने कहा कि संबंधित ठेकेदार के द्वारा कार्य को लेकर किसी भी प्रकार की जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है ठेकेदार को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए ।प्राप्त जानकारी के अनुसार चंदनपुर जलाशय में सोलर लाइट ठेकेदार के द्वारा लगवाए जा रहा है यहां पर सोलर लाइट लगवाए जाने को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं ।जल संसाधन विभाग के



अधिकारियों के द्वारा कार्य को लेकर जहां ठेकेदार के द्वारा जानकारी नहीं दिए जाने की बात कही वहीं ठेकेदार के द्वारा जल्दी जल्दी में ऐसे स्थान पर सोलर लाइट लगाया जा रहा है जहां इसके औचित्य पर ही सवाल खड़े हो रहे हैं ।बाजार से कई गुना अधिक मूल्य पर लगाए जाने का आरोप बताया जा रहा है कि बाजार से कई गुना अधिक मूल्य पर सोलर लाइट लगाया जा रहा है । सोलर लाइट लगाए जाने को लेकर विभाग पूर्व से विवादों में घिरा है ।एक बार फिर से सोलर लाइट का मुद्दा गरमाने आसार हैं ।यह करके जल संसाधन विभाग आया था विवादों में पूर्व में जल संसाधन विभाग के द्वारा एक करोड़ ४० लाख का भुगतान ठेकेदार को किया गया था,जिसे लेकर खूब विवाद हुआ था एवं इसकी उच्च स्तरीय जांच हुई थी संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की भी अनुशंसा हुई थी ।

# आजीविका मिशन से जुड़ी महिलाओं को नहीं मिला टिकट जैतपुर एवं जयसिंहनगर विधानसभा सीट में असंतोष

शहडोल। यू तो घर से लेकर बाहर तक महिलाएं हर मल्टीनेशनल कंपनी की सीईओ जैसे आधी आबादी को सशक्त बनाना, जिससे महत्वपूर्ण पदों पर शोभायमान है या कोई बड़ी सामाजिक कार्यकर्ता या फिर कोई सेलिब्रेटीजबकि समाज के सवार्गीण विकास के लिए महिला सशक्तिकरण बहुत जरूरी है। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने हमेशा ही मन की बात कार्यक्रम दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान आजीविका मिशन से जुड़ी महिलाओं को सशक्त करने की बात करते रहे हैं और राजनीतिक क्षेत्र में भी उन्हें प्रतिनिधित्व देने की बात करते हैं लेकिन भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश के नेताओं ने देश के प्रधानमंत्री का मान भी नहीं रखा और जिले की एक भी सीट से आजीविका मिशन से जुड़ी महिलाओं को भारतीय जनता पार्टी ने टिकट नहीं दिया। शहडोल जिले के अंतर्गत दोनों विधानसभा आजीविका मिशन से जुड़ी हुई स्व सहायता समूह की महिलाओं ने भी दावेदारी की थी लेकिन भाजपा संगठन ने दोनों विधानसभा सीटों में समूह से जुड़ी महिला नेत्रियों को टिकट नहीं दिया । स्व सहायता समूह की पदाधिकारी एवं सदस्यों ने आशा भरी नजरों से देख रही थी कि टिकट के लिए कम से कम एक विधानसभा सीट में तो संगठन समूह से जुड़ी दीदी को निश्चित रूप से टिकट प्रदाय करेगी। समूह की कई महिला कार्यकताओं ने कहां की यदि दोनों विधानसभा सीट में कम से कम एक सीट में भी समूह से जुड़ी महिलाओं को टिकट दिया जाता तो कहां जा सकता था कि भाजपा संगठन महिला सशक्तिकरण के प्रति संवेदनशील है।

जैतपुर में बाहरी प्रत्याशी के विरोध में जनता

जिले की जैतपुर विधानसभा क्षेत्र जो कि अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है और इस सीट से बाहरी प्रत्याशी को टिकट देने की चचाएं सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यम से हो रही थी और अब टिकट घोषित होने के बाद जिसका विरोध भी विधानसभा क्षेत्र का एक बड़ा वर्ग कर रहा है। विधानसभा क्षेत्र के लोगों का कहना है कि इस विधानसभा सीट से स्थानीय प्रत्याशी को ही टिकट दी जानी चाहिए और हमे किसी भी कीमत में बाहरी प्रत्याशी बर्दाशत नहीं होगा। बताया जाता है कि जय सिंह मरावी को इस विधानसभा सीट से टिकट पूर्व में भी दी गई थी और वह इस विधानसभा सीट से विधायक थे लेकिन 2018 में उनकी सीट बदल दी गई और वह जयसिंनगर सीट से विधायक बने। इस विधानसभा सीट से स्थानीय प्रत्याशियों ने भी टिकट मांग थी। शहडोल जिले की घोषित दोनों विधानसभा सीट में पैराशूट प्रत्याशी उतारने की ही बात चर्चा में है।

आजीविका मिशन एवं स्व सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं नहीं मिला मौका

जहां एक ओर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आजीविका मिशन एवं स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं की भागीदारी राजनीतिक क्षेत्र में देने की बात गंभीरता से कहीं जा रही है और उनके लालपुर बुढ़ार में आयोजित कार्यक्रम में आजीविका मिशन एवं स्व सहायता समूह की महिला सदस्यों ने उनसे चर्चा भी की और जिले की दो महिला जनप्रतिनिधियों को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात करने का अवसर मिला और उन्होंने अपनी बातों को बेबाक तरीके से प्रधानमंत्री से रखा भी। प्रधानमंत्री के अलावा प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी पूरे प्रदेश में आयोजित कार्यक्रमों में महिलाओं को राजनीतिक क्षेत्र में भी भागीदारी देने के बात से नहीं थकते हैं । इस विधानसभा चुनाव की टिकट को लेकर ऐसे कयास लगाए जा रहे थे कि भाजपा का केंद्रीय एवं प्रदेश संगठन विधानसभा सीट के लिए आजीविका मिशन एवं स्व सहायता समूह से जुड़ी हुई महिलाओं को शहडोल संभाग में कम से कम दो सीट पर प्रतिनिधित्व देगी। लेकिन भारतीय जनता पार्टी की चौथी सूची आने के बाद इस पर विराम सा लग गया। सूत्र बताते हैं कि दोनों विधानसभा सीट में भारतीय जनता पार्टी के बागी उम्मीदवार मैदान में उतारने का मन बना रहे हैं।

# भाजपा के जिला उपाध्यक्ष की पार्टी में वापसी, किसान मोर्चा के जिला महामंत्री ने दिया इस्तीफा

अनूपपुर। बुधवार को जिला मुख्यालय में भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष गजेंद्र सिंह की वापसी भारतीय जनता पार्टी में सम्मान के साथ की गई तो वहीं दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला महामंत्री वेद प्रकाश द्विवेदी ने अपने निजी कार्यों के कारण संगठन में कार्य न कर पाने के कारण और व्यस्तता के कारण पद से इस्तीफा दे दिया। बताया जाता है कि भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष गजेंद्र सिंह का निष्कासन नगरी निकाय चुनाव के दौरान किया गया था। उनकी पत्नी कंचन सिंह को भाजपा ने टिकट नहीं दिया था और उन्होंने पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ा। पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ प्रचार प्रसार करने के कारण गजेंद्र सिंह को भारतीय जनता पार्टी ने निष्कासित कर दिया था बुधवार को भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश की विधायक मनीषा अनुरागी एवं भाजपा जिला अध्यक्ष अनूपपुर के हाथों गजेंद्र सिंह को





सम्मान भाजपा में वापस लाया गया और पार्टी का सफा पहनकर उन्हें सम्मानित किया गया। पार्टी के दोनों युवा नेता जिला मुख्यालय के चर्चित नेता है और दोनों युवा नेताओं की पकड़ पार्टी के कार्यकताओं में अच्छी खासी बताई जाती है।

वेद के इस्तीफा देने से भाजपा नेताओं में मची खलबली

अनूपपुर जिले में यदि भाजपा के अनुशासित युवा नेताओं की बात की जाए तो वेद प्रकाश द्विवेदी का नाम भी चचाओं में आ जाता है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से अपनी राजनीति की शुरूआत करने वाले वेद द्विवेदी युवा मोर्चा में भी विभिन्न दायित्वों का निर्वहन किया एवं वर्तमान में भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री पद का निर्वहन कर रहे थे। इनके पिता स्वर्गीय ओमप्रकाश द्विवेदी शहडोल संभाग के कद्दावर भाजपा नेता माने जाते थे और नगर पालिका अनूपपुर के अध्यक्ष भी रहे। वेद की मां भी अनूपपुर नगरपालिका की अध्यक्ष रही। द्विवेदी का प्रभाव जिले की दो विधानसभा अनूपपुर एवं कोतमा में काफी रहा। वेद द्विवेदी के संगठन से इस्तीफा दिए जाने की खबर से भाजपा कार्यकताओं में खलबली मच गई है और इसका असर निश्चित रूप से विधानसभा चुनाव में देखा जा सकता है।

# योग से होता है विद्यार्थियों के भावी जीवन का निर्माण

शहडोल कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में योगाचार्य शिवाकांत शुक्ला ने सभी विद्यार्थियों को योग का अभ्यास कराकर योग के अभ्यास से होने वाले लाभों को विद्यार्थियों के बीच साझा किया एवं योग से होने वाले लाभों की प्रत्यक्ष अनुभूति कराई गई।

अभ्यास के दौरान आपने बताया कि योग विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए एक महत्वपूर्ण साधना है। यह आपके मानसिक, शारीरिक, और आत्मिक स्वास्थ्य को सुधारने में मदद करता है। योग का अभ्यास आपकी ध्यानशक्ति को बढ़ाता है, तनाव (स्ट्रेस) को कम करने में मदद करता है, और आपकी शारीरिक क्षमता को भी बढ़ावा देता है। इसके अलावा, योग आपके स्वयं अनुशासन, सजगता, और स्वास्थ्यवर्धन कौशल में सुधार करने में भी सहायक है।



**योग विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यहाँ कुछ मुख्य कारण दिए गए हैं:**

1. शारीरिक स्वास्थ्य : योग शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने में मदद करता है, जिससे छात्रों की शारीरिक ताकत, सहनशक्ति, और संतुलन बढ़ता है।
2. मानसिक स्वास्थ्य : योग ध्यान और प्राणायाम के माध्यम से मानसिक तनाव को कम करने में मदद करता है और मानसिक स्थिति को स्थिर रखता है।ध्यान और अध्ययनः योग छात्रों की ध्यानशक्ति और अध्ययन क्षमता को बढ़ावा देता है, जिससे वे अधिक संवादशील और समझदार बन सकते हैं।सामाजिक योग्यताः योग छात्रों को सामाजिक योग्यता और आत्म-संवाद कौशल में सुधार करने में मदद कर सकता है, जिससे वे सहयोग, संवाद, और समर्पण के माध्यम से सामाजिक मांगों का समाधान कर सकते हैं।
5. आत्म-सच्चाईः योग के माध्यम से, छात्र अपने आत्मा के साथ जुड़ सकते हैं, जो उनके आत्म-सच्चाई और स्वभाव के साथ मदद कर सकता है।

# फर्जी जमानत लेने के आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज।।

**समाज जागरण वाराणसी**

वाराणसी : सहायक पुलिस आयुक्त/कार्यपालक मजिस्ट्रेट कमिश्नरेट वाराणसी के न्यायालय में दिनांक 8/9/22 कोआरोपियों ने फर्जी जमानत प्रस्तुत किया था, जिसके सत्यापन हेतु पीड़ित पक्ष के प्रार्थनापत्र पर सहायक पुलिस आयुक्त ने थाना लालपुर/ पांडेयपुर, चोलापुर ,जैतपुरा,कैंट व थाना कछवा मिजार्पुर से सत्यापन कराया था जिसमे पांच जमानतदार फर्जी पाये गये थे आरोपियों द्वारा फर्जी व कूटरचित दस्तावेज के आधार पर फर्जी लोगो को जमानतदार के रूप में प्रस्तुत किया गया था।। उक्त सत्यापन रिपोर्ट के आधार पर तत्कालीन डीसीपी वरुणा के आदेशानुसार थाना कैंट में मुकदमा अपराध संख्या 547 सन 2022 दर्ज हुआ था।। इसी मुकदमे फर्जी जमानत प्रस्तुत करने के आरोपियों/सूत्रधार दो अभियुक्तागण 1.शिला देवी, 2.राजकुमारी की जमानत प्रार्थना पत्र प्रभारी जिला जज श्री देवकांत शुक्ला की अदालत द्वारा अपराध की प्रकृति व गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये निरस्त कर दिया........

वादी की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता तथा पीड़ित पक्ष की तरफ से श्री अवनीश राय (अधिवक्ता) ,अनुराग पांडेय(अधिवक्ता), व राजन कुमार मांझी(अधिवक्ता) ने पक्ष रखा।।

# जिलाधिकारी ने 'लहरतारा में खुले मैनहोल में गिरकर अधेड़ की मौत' की घटना को गंभीरता से लेते हुए जांच के दिये आदेश

**समाज जागरण वाराणसी**

वाराणसीः एडीएम सिटी की अध्यक्षता में अधिकारियों की तीन सदस्यी कमेटी बनाकर 24 घंटे में रिपोर्ट की तलब वाराणसी। 10 अक्टूबर को समाचार पत्र में प्रकाशित समाचार ह्यलहरतारा में खुले मैनहोल में गिरकर अधेड़ की मौत' की घटना को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने इसके लिये अपर जिलाधिकारी (नगर) आलोक कुमार वर्मा की अध्यक्षता में अपर पुलिस आयुक्त द्वारा नामित पुलिस अधिकारी एवं अपर नगर आयुक्त राजीव राय की तीन सदस्यीय कमेटी गठित कर निर्देशित किया है कि वे संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण कर सम्बन्धित विभाग/अधिकारी की जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए अपनी रिपोर्ट 24 घंटे के अन्दर उपलब्ध करायें।

# आजाद जनता पार्टी का जन अधिकार पत्र व प्रत्याशियों की पहली सूची हुई जारी

**दैनिक समाज जागरण**
**देवव्रत राय जिलाब्यूरोः-बलरामपुर**

बलरामपुर(छत्तीसगढ़)=आजाद जनता पार्टी के प्रदेश अधयक्ष उज्जवल दीवान, प्रदेश उपाध्यक्ष अमनदीप सिंग गिल, प्रदेश प्रचार सचिव करम लाल साहू, बलरामपुर जिला अध्यक्ष अमानत अली खान, बालोद जिला अध्यक्ष गौकरण गंगबेर, शक्ति जिला अध्यक्ष चन्द्र दत्त भारती, रायगढ़ जिला अध्यक्ष शिवराज साहू, कोरबा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सोनू दीप वअन्यपदाधिकारियों व सदस्यों की उपस्थिति में आईएमए हाल में आजाद जनता पार्टी का जन अधिकार पत्र जारी किया जिसमें छत्तीसगढ़ के समस्त वर्गों को साध कर खुश करने का प्रयास किया गया है जिसमें किसानों की कर्ज माफी, धान 4200 रुपये प्रति क्विंटल, धान की दूसरी फसल की खरीदी, निःशुल्क शिक्षा, निःशुल्क चिकित्सा, 400 यूनिट बिजली फ्री, गैस सिलेंडर 499 रुपये, सरकारी कर्मचारी, पुलिस कर्मचारी, अनियमित कर्मचारी, बेरोजगार और सभी आम जनता को ध्यान में रख कर बनाया गया आजाद जनता पार्टी का घोषणा





पत्र इस चुनाव में कहीं ना कहीं भाजपा और कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ाता दिख रहा है।आजाद जनता पार्टी ने अपने प्रत्याशियों की पहली सूची भी जारी की है जिसमें दुर्ग शहर से पारसमणि चंदेल भानुप्रतापपुर से निर्मला कोमरा कोरबा से अमनदीप सिंह गिल संजारी बालोद से गौकरण गंगबेर,बसना से करमलाल साहू,डोंगरगढ़ से रामसाय राठौर,साजा से पंडित प्रेमनारायण शर्मा जगदलपुर शहर से सरिता सिंह को टिकट दिया गया है।

आजाद जनता पार्टी का जन अधिकार पत्र जारी करते वक्त आजाद जनता पार्टी के अध्यक्ष उज्जवल दीवान,

प्रदेश उपाध्यक्ष अमनदीप सिंह गिल, शरद शर्मा, पंडित प्रेम नारायण शर्मा, करमलाल साहू, जय वाजपेयी, अमानत अली खान, पारसमणि चंदेल, निर्मला कोमरा,सोनू दीप, स्वीटी मेहता, राम साय राठौर, सुरेंद्र मिरी, संस्कार शर्मा, इनेश कुमार, बबली कुजूर, लोकेश्वरी ठाकुर, हेमलता गावड़े, गायत्री पोर्ते, ममता चंद्राकर, प्रभा सिंह, सविता भुवार्य, शुशीला ठाकुर, कार्तिक राम पटेल एवं अन्य पदाधिकारीगण व सदस्यगण मौजद रहे।

# तो क्या पांडे और द्विवेदी की जुगल जोड़ी को संरक्षण दे रहा मंडल

अनूपपुर जैसे कि आगामी मन में विधानसभा चुनाव का आगाज हो चुका है लेकिन बात अमरकंटक अमरकंटक ताप विद्युत गृह की करें तो सारे नियम और कानून और आदेश मंडल के कार्यालय में पहुंचते ही निराधार हो जाते हैं जिनका ना तो कोई आधार बसता है और ना ही कोई पालन करता है ज्ञात हो की ताप विद्युत के फायर विभाग में कई वर्षों से एक ही स्थान पर कुंडली मार कर बैठे द्विवेदी और पांडेय ने मिलकर लाखों रुपए का झल झल कर डाला जिसकी जानकारी सूचना अधिकार के तहत निकाली गई जिस पर फर्जी रूप से अटेंडेंस लगाकर मंडल को चुना भी लगाया गया लेकिन जैसे दोनों जुगल जोड़ियो की शिकायत उच्च अधिकारियों के पास हुई तो दोनों ने बचने का रास्ता निकालना शुरू कर दिया फिर क्या था विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के चरण वंदना कर अपनी सफाई या तो पेश कर दी लेकिन विभाग ने भी मंडल के साथ किए गए चल का बदला क्षमा याचना में दे दिया और वह भूल गए की वह लाखों रुपए के भ्रष्टाचार में लिप्त हैं जिनकी शिकायत मुख्य अभियंता कार्यालय में कई महत्वपूर्ण हो चुकी जिसमें जिस दिनांक को उनके द्वारा फर्जी अटेंडेंस लगाकर आर्थिक लाभ दिया गया है सब वह ख्याल से लगभग कई किलोमीटर दूर अपने काम में व्यस्त और यहां पंडित जी के चरण वंदना कर अपनी अटेंडेंस लगवा रहे थे कई महीना बीत जाने के बावजूद कार्यवाही शून्य तक ही पहुंची और आज भी दोनों मिलकर पूर्व की तरह मनचाहे तरीके से ड्यूटी पर आना और जब मन कर चले जाना ना ही आने का समय निर्धारित किया गया है और ना ही जाने का और करें भी तो क्यों जब उच्च अधिकारियों का बर्दाश्त प्राप्त पूर्व की तरह वर्तमान में भी फर्जी तरीके से सिग्नेचर और अटेंडेंस का खेल जारी है

**तो क्या मंडल के वरिष्ठ अधिकारी नहीं करेंगे कार्यवाही**

लाखों रुपए का फजीर्वाड़ा कर आज भी बड़े मदमस्त तरीके से मनमानी पर उतारू कर्मचारी पर लगाम लगाने और कार्यवाही करने की हिम्मत किसी पर नहीं हो रही है जो एक छोटे कर्मचारियों पर कार्रवाई कर सके और अंततः उसकी मंडल के साथ छल कपट करने के आरोप में दंडित कर सके अगर जल्दी उच्च अधिकारियों ने पूर्व में हुई शिकायत कर की जांच कर कार्रवाई नहीं की तो जल्दी इसकी शिकायत ईओडब्ल्यू में की जा सकती है

# विनोद दुबे ने संभाली अनूपपुर में यातायात प्रभारी की कमान।

विजय तिवारी

अनुपपुर ॥ मध्य प्रदेश में होने वाले चुनाव को देखते हुए निर्वाच आयोग द्वारा पुलिस विभाग में स्थानान्तरण के आदेश जारी हुऐ । इसी तारतम्य मे कटनी से यातायात प्रभारी के पद मे पदस्थ विनोद दुबे ने कटनी यातायात में अपनी सेवाएं दी और यातायात को सुचारू और सुगम बनाने मे निरंतर प्रयास किया ।कटनी के बाद अनूपपुर मे यातायात प्रभारी बने विनोद दुबे एक बार फिर अनूपपूर शहर के यातायात विभाग की कमान संभालेंगे ।




वही कटनी मे पदस्थ होकर अनूपपुर आए विनोद दुबे ने मंगलवार को यातायात विभाग की कमान संभाल ली है। पदभार ग्रहण करते ही शहर की यातायात व्यवस्था का जायजा लिया और शहर के बाजार पर यातायात प्रभारी बिनोद दुबे अपनी टीम के साथ निकले तो लोगों ने स्वतः ही यातायात का पालन करना शुरू कर दिया।यातायात प्रभारी विनोद दुबे ने बतया कि किसी भी रूप में वह अव्यवस्थित यातायात को बर्दाशत नहीं करेंगें। वहीं शहर की जनता से अपील की यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने में सहयोग प्रदान करें अगर किसी भी प्रकार से अतिक्रमण किया गया तो संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

# एक सप्ताह से नहीं लग रही बोर्ड कक्षाओं की क्लास

शहडोल प्राप्त जानकारी के अनुसार शहडोल जिले के अंतर्गत ओरिएंट पेपर मिल्स के द्वारा संचालित शिक्षण केंद्र में कक्षा 10वीं एवं 12वीं हिंदी मीडियम की कक्षाएं लगभग एक सप्ताह से नहीं लग पा रही है और विद्यालय प्रबंधन द्वारा भवन मरम्मत का कार्य होना बताकर दोनों कक्षाओं के छात्र-छात्राओं को विद्यालय नहीं बुलाया जा रहा है और क्लासेस भी संचालित नहीं की जा रही है। इसके पूर्व भी ऐसा हो चुका है जब दोनों क्लासेस भवन मरम्मत के कारण नहीं लगी थी जबकि विद्यालय में ही अंग्रेजी माध्यम की क्लासेस निरंतर संचालित की जा रही है और केजी से लेकर 12वीं तक अंग्रेजी माध्यम की कक्षाएं लगातार लग रही हैं आखिर हिंदी मीडियम और अंग्रेजी मीडियम के बच्चों के साथ इस प्रकार का भेदभाव क्यों किया जा रहा है यह विद्यालय प्रबंधन सहित पेपर मिल प्रबंधन को भी सोचना चाहिए। कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड है और दोनों कक्षाओं के बच्चे एक सप्ताह से स्कूल नहीं जा पा रहे हैं जबकि विद्यालय प्रबंधन द्वारा उनके फीस में किसी भी प्रकार की कटौती नहीं की जाती।

# युवक की पिटाई से मौत, शव को गोमती में फेका

**समाज जागरण (जौनपुर)**

जौनपुर। एक युवक को उसके पड़ोसियों ने पेड़ से बांध कर पिटाई कर दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पिटाई करने वालों ने शव को पास स्थित गोमती नदी में फेंक दिया।

बतते है कि मंगलवार की सुबह घटना की जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। पुलिस शव को ढूंढ रही थी। बुधवार दोपहर तक शव नहीं मिला था। मामले में मृतक के मां की तहरीर पर चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

केराकत कोतवाली थाना क्षेत्र के औवार गांव गांव के वनवासी बस्ती के 22 वर्षीय सूरज वनवासी नशे का शौकीन था। सोमवार की रात वह नशे में घर पहुंचा और दरवाजे पर खड़े होकर उसने गाली बकना शुरू कर दिया। पड़ोसियों को उसकी हरकत नागवार लगी तो उन्होंने उसकी पिटाई कर दी और पेड़ से बांध दिया।

देर रात तक सूरज की मौत हो गई। जिससे पिटाई करने वालेघटना को छिपाने और सबूत मिटाने के लिए वे उसे बोरे में बांधकर पास में स्थित गोमती नदी में ले जाकर फेंक दिया। सबेरे घटना की सूचना पर थानागद्दी चैकी के प्रभारी सहित सीओ कोतवाल मौके पर पहुंच गए।

पुलिस ने बताया कि मृतक के मां की तहरीर के आधार पर गांव के ही चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। चारो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पकड़े गए आरोपियों ने घटना में शामिल होना स्वीकार किया है। शव की तलाश जारी है।

# नेवढ़िया में ईंट से कूंचकर वृद्ध की हत्या से सनसनी

**समाज जागरण (जौनपुर)**

जौनपुर। नेवढ़िया थाना क्षेत्र के दीपापुर गांव में घर से करीब 500 मीटर की दूरी पर पाही बनाकर रह रहे एक वृद्ध की मंगलवार की रात में बदमाशों ने ईंट से सिर कूचकर हत्या कर दी। हत्या के बाद कुछ ईंट के ढेर पर भी मृत के सिर व शरीर पर लादकर फरार हो गए। सुबह घटना की जानकारी मिलने पर नेवढ़िया थाने की पुलिस ने जांच शुरू की। दीपापुर गांव निवासी (70 वर्षीय) डेंगूर शर्मा घर से करीब 500 मीटर की दूरी पर मड़ियाहूं-पिंडरा मार्ग पर एक कमरा बनवाकर ऊपर से टीनशेड डालकर कुछ वर्षों से रह रहे थे। बुधवार की सुबह गांव के लोग जब उधर गए तो डेंगूर का शव घर के बाहर ईंट के नीचे दबा हुआ था। पास में कुछ ईंट के टूकड़ों पर खून भी लगा हुआ था। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घटनास्थल को सुरक्षित कर दिया है। फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंचकर जांच कर ही थी। बुजुर्ग की ईंट से सिर कुचकर हत्या किए जाने का कारण स्पष्ट तो नहीं हो सका, लेकिन ग्रामीणों ने संपत्ति और चोरी को लेकर हत्या की आशंका जतायी।

ग्रामीणों के अनुसार घटनास्थल से ही करीब 150 मीटर की दूरी पर गल्ला बिक्री की दुकान सेंध काटकर चोरी हुई। ऐसे में यह आशंका जतायी जा रही है कि चोरी के आरोपियों को डेंगूर देख लिए होंगे और उसी वजह से आरोपियों ने हत्या कर दी। कुछ लोगों ने संपत्ति को लेकर भी हत्या की आशंका जतायी। कहा कि डेंगू को कोई है नहीं, जबकि इनके पास संपत्ति है। उसी के लालच में कुछ लोग हत्या कर सकते हैं

# मरीज की मौत पर तोड़ फोड़ कर चिकित्सकों को पीटा

**समाज जागरण (जौनपुर)**

जौनपुर। जिले के एक निजी चिकित्सालय में चिकित्सकों की लापरवाही का आरोप लगाया गया है। नगर क्षेत्र स्थित मधुरम न्यूरो हॉस्पिटल में सिकरारा की एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई. महिला की मौत के बाद नाराज परिजनों ने अस्पताल में हंगामा करते हुए तोड़फोड़ शुरू कर दिया, इसके साथ ही अस्पताल के चिकित्सकों और कर्मचारियों की बुरी तरह पिटाई की इसके बाद परिजन महिला के शव को लेकर अपने घर के लिए रवाना हो गये।

बताते हैं कि सिकरारा निवासी रमाकांत यादव की पत्नी उषा यादव ब्रेन हेमरेज के बाद भर्ती थी. अस्पताल के आईसीयू यूनिट में उनका इलाज चल रहा था. मंगलवार की रात अचानक उषा यादव की मौत हो गई। परिजनों ने चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाया. इसके बाद अस्पताल के चिकित्सकों और कर्मचारियों की पिटाई शुरू कर दी। इस मारपीट में कई चिकित्सक और कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए. इस मारपीट का पूरा वीडियो अस्पताल के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। मधुरम न्यूरो हॉस्पिटल के चिकित्सकों की पिटाई से नाराज प्राडवेज अस्पतालों के चिकित्सकों की पिटाई से नाराज प्राइवेज अस्पतालों के चिकित्सकों ने वाराणसी लखनऊ हाईवे पर जाम लगा दिया. सूचना पर पहुंची पुलिस ने चिकित्सकों की तहरीर पर रमाकांत यादव और उनके साथियों समेत 50 अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर बृजेश कुमार भारी पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंच गए. उन्होंने चिकित्सकों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया. पुलिस चिकित्सकों की तहरीर पर मामला दर्ज कर कार्रवाई में जुटी है।

# पुरानी रंजिश को लेकर बदमाशों ने अध्यापक को मारी गोली

**समाज जागरण (जौनपुर)**

जौनपुर। बदलापुर थाना क्षेत्र के मुरादपुर कोटिला गांव में मंगलवार देर रात को घर जा रहे अध्यापक को पुरानी रंजिश के कारण गोली मारकर घायल कर दिया गया है।

थाना क्षेत्र के उदपुर गेलहवा गांव निवासी अनीश कुमार सिंह 32 वर्ष पुत्र शेष नारायण सिंह के रात लगभग 10:30 बजे अपनी बाइक से घर जा रहे थे कि रास्ते में एक बाइक पर सवार तीन लोगों ने इनको लक्ष्य कर गोली मार दी। गोली उनके दाहिने हाथ के बाह पर लगी और यह घायल। घायल अवस्था में इन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां इनका उपचार चल रहा था, घायल ने बताया कि बीते दिनों यही लोगों ने उनके परिवार पर लोगों ने लाठी डंडे व लोहे की रात से हमला किया था जिससे कई लोग घायल हो गए थे इस संबंध में पुलिस ने धारा 147,323,504 506 के तहत मामला दर्ज किया था। इस गोली मारने की घटना में भी पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कर लिया। पुलिस मामले की छानबीन करने में जुटी हुई है।

क्वालिटी बेमिसाल
घर चले सालों साल
उच्च क्वालिटी के राधा मार्क ईंट
सदैव प्रयोग करें
प्रीतम बाबू
पाराताजपुर, हैरिंग्टनगंज, अयोध्या
9415917882



आप सभी को नवरात्र, दीपावली
एवं भैया दूज की हार्दिक
शुभकामनाएं
पलिया लोहानी ग्राम पंचायत को
प्रदेश की अग्रणी ग्राम पंचायत
बनाने के लिए कृत संकल्प
अभिषेक भद्र सिंह"भोला" प्रधान
ग्राम पंचायत - पलिया लोहानी,
हैरिंग्टनगंज, अयोध्या



# सरयू नदी में स्नान करने वाले स्नानार्थियों की सुरक्षा करेगा फ्लोटिंग बैरीकेट

## गुप्तार घाट पर भी फ्लोटिंग बैरीकेटिंग की जायेगी

**समाज जागरण राजेश तिवारी**

अयोध्या । अयोध्या जनपद के जिलाधिकारी नीतीश कुमार ने बताया कि चौधरी चरण सिंह घाट से होते हुए कच्चा घाट होते हुए सरयू आरती स्थल से झुनकी घाट तक फ्लोटिंग बैरिकेट लगाया जाएगा। गुप्तार घाट पर भी स्नानार्थियों की सुरक्षा के दृष्टिगत फ्लोटिंग बैरीकेटिंग की जायेगी। चयनित स्थलों पर सरयू में फ्लोटिंग जेटी, फ्लोटिंग कंट्रोल रूम, फ्लोटिंग रेस्क्यू डेस्क भी बनाये जायेंगे। जल पुलिस, एसडीआरएफ के भी जवान श्रद्धालुओं की सुरक्षा में तैनात रहेंगे। अयोध्या के विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं को स्नान के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित किये जाने के दृष्टिगत सरयू में फ्लोटिंग बैरीकेडिंग, फ्लोटिंग रेस्क्यू डेस्क, फ्लोटिंग कन्ट्रोल रूम, फ्लोटिंग जेटी के निर्माण का निरीक्षण जिलाधिकारी नीतीश कुमार ने किया। राम की पैड़ी पर सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस में एसएसपी राजकरन नय्यर व अन्य सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। सम्बंधित अधिकारियों को श्रद्धालुओं की सुरक्षा के सम्बंध में



आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

इसके बाद उक्त अधिकारियों द्वारा कच्चा घाट व राम की पैड़ी के पम्प हाउस के पास सरयू में फ्लोटिंग बैरकेटिंग व फ्लोटिंग जेटी के कार्यो का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने सम्बंधित कार्यदायी संस्थाओं को उक्त कार्यो को दीपोत्सव से पहले पूर्ण करने के निर्देश दिये।

इस अवसर पर जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा मौके पर नाविकों से नौका विहार हेतु आने वाले श्रद्धालुओं व पर्यटकों को सुगमता से व सुरक्षात्मक तरीके से नाव तक आने जाने के सम्बंध में चर्चा की गयी। सांबांधित अधिकारियों को नाविकों की सुविधाओं का भी ध्यान रखने के निर्देश दिये। इस अवसर पर एसपी सिटी मधुबन सिंह, अधिशाषी अभियन्ता सरयू नहर खण्ड, प्रोजेक्ट मैनेजर उप्र राजकीय निर्माण निगम विद्युत, सीओ अयोध्या, आरएमओ राम जन्मभूमि सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर पानी संस्थान द्वारा निकाली गयी जन जागरुकता रैली

**समाज जागरण अयोध्या।**

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर पानी संस्थान द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तारुन पर किया गया। रैली की शुरूआत मेडिकल ऑफिसर ननकूराम ने हरी झंडी दिखाकर आगे के लिए रवाना किया, साथ में सीएचसी के अन्य मेडिकल स्टाफ श्रीराम तिवारी, वीपीएम रमेश यादव, संतोष मौर्य आदि मौजूद रहे। रैली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से चलकर यादवपुर, थाना तारुन होते हुए परशुराम वर्मा महाविद्यालय पर समाप्त हुई। इस रैली का उद्देश्य समाज को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था रैली में किशोरियों और पानी संस्थान के कार्यकताओं ने स्लोगन, मानसिक स्वास्थ्य का रखो ख्याल,इससे बनता जीवन खुशहाल, मन स्वस्थ है तो तन स्वस्थ है,साथ साथ समय बिताओ, चिंता बेचैनी को जड़.से



मिटाओ, और नारो के माध्यम से समाज को संवेदनशील और जागरूक किया। मानसिक स्वास्थ्य के विषय पर संगठन की इस पहल की समाज के प्रबुद्ध लोगो ने सराहना भी की और जहाँ पर जो भी रास्ते मे मिला कुछ समय के लिए रैली में भी शामिल हुआ। जागरूकता रैली में पानी संस्थान के विभिन्न कार्यकताओं सहित 180 किशोरी एवं किशोर शामिल हुए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में वरिष्ठ कार्यकर्ता लीलावती, विनीत,विक्रम, उदय, जमील, श्याम ,मनीष, ज्योति, सुधा , कमला, अंजली, रूपा, मिनाक्षी, शैलेष, राजेंद्र, धर्मेंद्र, अर्चना,अनीता, सुनीता,गीता आदि शामिल रही।

# दो दुकानों से मिली नकली फेवीक्विक

## दोनों व्यापारियों के खिलाफ कॉपी राइट एक्ट के तहत मुकदमा हुआ दर्ज

**समाज जागरण अयोध्या।**

जिला मुख्यालय का दिल कहे जाने वाले चौक इलाके में दो दुकानों से 1237 पीस नकली फेर्वीक्विक बरामद किया गया है। यह कार्रवाई कंपनी के जांच अधिकारी की शिकायत पर पुलिस ने की। दोनों व्यापारियों को गिरफ्तार कर लिया गया है




नोएडा से आए कंपनी के लीगल लीडर धर्मेंद्र नरवरिया ने बताया कि अयोध्या और आसपास के जिलों में नकली फेवीक्विक बिकने की शिकायत मिली थी। जांच में शिकायत सही पाई गई। पता चला कि चौक स्थित दो दुकानों पर नकली फेवीक्विक बिक रहा है। इसकी सूचना कोतवाली नगर पुलिस को दी गई।

सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने चौक पुरानी मंडी स्थित गोपाल एंड संस व मुस्कान ट्रेडर्स पर कार्रवाई की। इस दौरान गोपाल एंड संस से 538 पीस व मुस्कल ट्रेडर्स पर 697 पीस नकली फेवीक्विक बरामद हुआ। गोपाल बाबू व आयुष जायसवाल के खिलाफ कॉपी राइट एक्ट के तहत केस दर्जकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

# चोरी के मोबाइल बरामद दो गिरफ्तार

**समाज जागरण**

चन्दौली डीडीयू नगर रेलवे स्टेशन सकुर्लेटिंग एरिया एवं ट्रेनों में अपराध नियंत्रण अपराधियों की गिरफ्तारी व बरामदगी हेतु अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में सुरेश कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना जीआरपी डीडीयू वह आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार रावत के निर्देशन में जीआरपी व आरपीएफ डीडीयू की संयुक्त टीम द्वारा प्लेटफार्म संख्या 1/2 के पास से 2 अभियुक्त राहुल पासवान वह श्याम बिहारी को गिरफ्तार किया गया जिनके पास से पुलिस ने चोरी के चार मोबाइल फोन बरामद किए पकड़े गए अभियुक्त ट्रेनों वह स्टेशन परिसर में यात्रियों के सामान की चोरी करते थे जिनपर पुलिस संबंधीत धारा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई।

# बाइक सवार बदमाशों ने नगदी सहित लूटे जेवरात

**समाज जागरण**

चन्दौली डीडीयू नगर। क्षेत्र के चांदपुर पुलिया के पास शाम को बाइक सवार बदमाशों ने ऑटो पर सवार कैली प्रधान सहित दंपत्ति के गले से जेवर सहित ग्यारह हजार नगदी लेकर आसानी से फरार हो गए। मुक्तभोगी की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। अलीनगर थाना क्षेत्र के कैली गांव निवासी व ग्राम प्रधान जवाहर राम मंगलवार की सुबह अपने ससुराल धानापुर कोतवाली क्षेत्र के मधुपुर गांव गए हुए थे। वहां से ऑटो द्वारा अपनी पत्नी रीमा व बच्चों के साथ घर वापस लौट रहे थे देर शाम चांदपुर पुलिया के पास बाइक सवार तीन बदमाशों ने ऑटो को ओवरटेक कर रोकने के बाद मारने पीटने के साथ दंपति के गले से चेन व मंगलसूत्र सहित प्रधान के जब से लगभग11 हजार नगदी लेकर आसानी से फरार हो गये। इससे ऑटो चालक रिंकू 32 वर्ष, प्रधान जवाहीर 35 वर्ष, पत्नी रीमा 32 वर्ष आंशिक रूप से घायल हो गए घटना के बाद प्रधान ने इसकी सूचना पुलिस को देने के बाद अलीनगर थाने पहुंचकर तहरीर भी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस मौका मुआयना कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई।

# नगर पंचायत की बोर्ड बैठक संपन्न

फिरोजाबादनगर पंचायत मक्खनपुर कार्यालय में बुधवार को बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता देवी दिवाकर ने की।

बोर्ड बैठक में विकास कार्यों से संबंधित बातों पर चर्चा की गई और कई विकास कार्य योजनाओं एवं स्वीकृत कार्यों की विस्तृत जानकारी अधिशासी अधिकारी अमर बहादुर द्वारा दी गई।

सभासद सुहेल कांत शर्मा ने अपने वार्ड नंबर 13 बेलोन माता मौहल्ला बिल्टीगढ़ देवजीत में विकास कार्यों को ध्यान में रखते हुए अपने प्रस्ताव में चिह्नित स्थानों पर प्लास्टिक बैंक का प्रस्ताव रखा जिससे वार्ड प्लास्टिक मुक्त रहे और साथ ही स्वच्छता जागरूकता के लिए 6बाई4 की स्वच्छता जागरूकता एवं पर्यावरण जागरूकता संबंधी वॉल पेंटिंग प्रमुख स्थानों पर कराने के लिए जगह चिन्हित की।

वार्ड नंबर 5 के सभासद प्रतिनिधि डॉ. पारुल मोहन ने स्वच्छता जागरूकता हेतु प्रस्ताव अधिशासी अधिकारी के सामने प्रस्तुत किए।

बोर्ड बैठक के दौरान सभासद कमलेश यादव, सभासद प्रमोद कुमार, विजयलक्ष्मी पिप्पल, मीरा देवी, प्रेम श्री लोधी, टीटू नागर, पंकज बघेल, वीरेंद्र सिंह, आदि सभी सभासद उपस्थित रहे।

# कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रदेश अध्यक्ष के आव्हान पर दलित अधिकार मांग पत्र 9 अक्टूबर से 26 नवम्बर तक चलेगा

**समाज जागरण बृजमोहन सिंह**

फि रोजाबाद। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा घर संसार बाई पास रोड स्थित कार्यालय पर एक प्रेस वार्ता का आयोजन जिलाध्यक्ष संदीप तिवारी द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष श्री उपेंद्र सिंह जी तथा प्रदेश सचिव श्री आशुतोष दीक्षित जी प्रेस के मित्रो के साथ रूबरू हुए। जिसमे मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष श्री उपेंद्र सिंह जी ने बताया कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष श्री अजय राय जी द्वारा 9 अक्टूबर काशीराम जी के परिनिर्वाण दिवस से 26 नवंबर तक प्रदेश के सभी जनपदों में "स्वाभिमान के वास्ते- संविधान के रास्ते" के नारे के साथ "दलित गौरव संवाद" आयोजित करने का निर्णय लिया गया है, जिसकी शुरूआत 9 अक्टूबर को प्रदेशाध्यक्ष श्री अजय राय जी द्वारा प्रदेश कार्यालय लखनऊ में प्रेसवार्ता कर की गई है। प्रेसवार्ता के दौरान श्री उपेंद्र सिंह जी ने बताया कि कांग्रेस के एक एक कार्यकर्त्ता इस कार्यक्रम के दौरान जनपद के प्रत्येक दलित गांव में जाकर उनके साथ संवाद करेगा। उपेंद्र जी ने कहा कि कार्यकर्त्ता दलितों से मिलकर उनकी प्रमुख मांगों को जानकार उनसे दलित अधिकार माँग पत्र भरवाएंगे। प्रदेश सचिव श्री आशुतोष दीक्षित जी ने बताया कि दलित अधिकार माँग पत्र दलित समाज के डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, शिक्षक, समाजसेवी, प्रधान, बी.डी. सी., जिला पंचायत के वर्तमान एवं पूर्व सदस्यों जैसे गणमान्य लोगो से भरवाएंगे।

# उपजिलाधिकारी मिल्कीपुर राजीव रत्न सिंह ने किया पौध रोपण

**समाज जागरण अयोध्या ।**

तहसील मिल्कीपुर क्षेत्र में बुधवार को इनवायरमेन्ट सेवा संस्थान एवं चिरंजीव चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा ग्राम पंचायत परसपुर सथरा में ग्राम प्रधान अनीता कनौजिया की अध्यक्षता में पौध रोपण किया गया। उपजिलाधिकारी मिल्कीपुर राजीव रत्न सिंह ने भी गांव पहुंच कर वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लेकर वृक्षारोपण किया। जिसमें देश आजाद होने के बाद से निर्वाचित ग्राम प्रधान एवं बीड़ीसी सदस्यों के नाम से जाली लगा कर एक-एक पौधा का रोपण किया गया। इसके साथ ही वृक्षों की सुरक्षा के लिए लगायी गयी सभी जाली पर प्रधान एवं बीड़ीसी सदस्यों का नाम एवं कार्य काल भी अंकित किया गया है। ग्राम पंचायत में रोपित पौधो में कोबीदार, हरसिंगर, अशोक, गुलमोहर, अमल तास, चितवन,




बोतल ब्रस के पौध शामिल है।

पौध रोपण कार्यक्रम में मुख्यरूप से जगन्नाथ प्रजापति,राम सरन विश्वकर्मा, सिकंदर साहू,कौशल विशाल, रत्नेश गुप्ता, विनोद कसौंधन,अवधेश सिंह,मनोज कनौजिया,अनिल सांहू,तिन्कू,राम जीत कनौजिया,कमल कनौजिया, मिश्रीलाल सांहू, राज बहादुर, रोहित लाल, एस पी के पी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक साहब प्रसाद, इनवायर मेन्ट सेवा संस्थान के संस्थापक श्रवण कनौजिया सहित गांव के तमाम लोग उपस्थित रहे।

# लखनऊ में अश्वनी जैन को कैबिनेट मंत्री ने किया सम्मानित।

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबादः- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश सरकार के तत्वाधान में अटल बिहारी वाजपेयी साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग एवं उच्च शिक्षा के कैबिनेट मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने नवाचारों की खोज एवं नवाचारों की राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में जनपद फिरोजाबाद के नवाचारी किसानों को प्रतिभाग कराने हेतु जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन को विज्ञान के प्रति दिखाए समर्पण एवं जन-जागरूकता के कार्य को पूर्ण कराने हेतु किए गए परिश्रम के लिए शिक्षक प्रमाण पत्र एवं माँ सरस्वती की प्रतिमा प्रदान करके सम्मानित किया।

अश्वनी कुमार जैन ने माननीय कैबिनेट मंत्री विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, उच्च शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश सरकार योगेन्द्र उपाध्याय जी, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर



प्रदेश के महानिदेशक नरेन्द्र भूषण जी आई ए एस, परिषद के सचिव शिव प्रसाद जी आई ए एस, परिषद के निदेशक अनिल यादव जी, संयुक्त निदेशक राधेलाल जी, डी के श्रीवास्तव जी, ए एस रहमान जी, राजेश गंगवार जी, क्षेत्रीय वैज्ञानिक अधिकारी आगरा डॉ देवेन्द्र शाह जी, गाजियाबाद एवं मुरादाबाद के क्षेत्रीय वैज्ञानिक अधिकारी डॉ सुरेश शर्मा जी, गोरखपुर के क्षेत्रीय वैज्ञानिक अधिकारी डॉ महादेव पांडेय जी, लेखा से विक्रम पाण्डेय जी, समस्त जनप्रतिनिधियों के साथ जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी फिरोजाबाद, समस्त प्रशासनिक अधिकारियों, समस्त समाजसेवियों, जनपद के समस्त विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक साथी, मीडिया वर्ग एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

# श्रमिक बस्ती इंदिरा नगर से मतदाता जागरूकता अभियान प्रारंभ।

**समाज जागरण बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। बुधवार को प्रदेश में मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने के लिए 27 अक्टूबर से मतदाता पुनरीक्षण अभियान की शुरूआत होने जा रही है यह अभियान 11 दिसंबर तक चलेगा। 01 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की उम्र पूरी करने वाले सभी युवाओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाएगा। इसके साथ ही मतदाता सूची में दर्ज नाम में संशोधन एवं मृतक मतदाताओं के नाम सूची से हटाने का काम भी किया जाएगा। मतदाता पुनरीक्षण अभियान की सफलता के लिए लोगों में जन जागरूकता फैलाने हेतु भारत निर्वाचन आयोग के स्वीप कार्यक्रम की ब्रांड एंबेसडर श्रीमती जया शर्मा के नेतृत्व में नगर की श्रमिक बाहुल्य बस्ती इंदिरा नगर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। विचार गोष्ठी आयोजित की गई और फेरी निकाल कर लोगों को अभियान की जानकारी दी। गोष्ठी



में मुख्य वक्ता सरोजिनी नायडू जूनियर हाई स्कूल के प्रधानाचार्य भगवानदास शंखवार ने बताया कि मतदाता पुनरीक्षण अभियान आगामी 27 अक्टूबर से प्रारंभ होगा और 11 दिसंबर तक चलेगा इस बीच ऐसे सभी युवा जिनकी उम्र 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूर्ण हो रही है वह फॉर्म नंबर 6 भरकर अपने बूथ के बी एल ओ के पास जमाकर अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराएं। ब्रांड एंबेसडर श्रीमती जया शर्मा ने कहा कि जिन लोगों के नाम मतदाता सूची में गलत दर्ज हो गए हैं वे लोग संशोधन हेतु निर्धारित फॉर्म भरेंगे। उन्होंने कहा मतदाता ही भारत का भाग्य विधाता है इसलिए सबसे पहिले हमे अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाना होगा। इस मौके पर चाइल्ड फंड इंडिया दिशा की कोऑर्डिनेटर श्रीमती अनुपम शर्मा, हृदयेश शंखवार,कमलेश,मीरा शर्मा,गुड्डी शंखवार,सोनी,रेखा शंखवार आदि मौजूद रहीं।

# नंदनी नगर पीजी कॉलेज गोंडा ने फाइनल मुकाबले जीत हासिल की

## संत भीखादास रामजस पीजी कॉलेज में चल रहे दो दिवसीय पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का समापन

**समाज जागरण अयोध्या।**

संत भीखादास रामजस स्नातकोत्तर महाविद्यालय मोहली में आयोजित दो दिवसीय अंतर महाविद्यालयी पुरूष कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला नंदिनी नगर पीजी कॉलेज गोंडा की टीम ने जीता। डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के क्रीड़ा सचिव डॉ आशीष प्रताप सिंह ने विजेता उपविजेता टीमों को ट्राफी व पुरस्कार प्रदान किया। प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों की 14 टीमों ने हिस्सा लिया।

पहला सेमीफाइनल मुकाबला एलबीएस पीजी कालेज गोण्डा और राजा देवी बक्श अवधराज सिंह पीजी कालेज गोण्डा के बीच खेला गया। एकतरफा मुकाबले में राजा देवी बक्श अवधराज सिंह पीजी कालेज की टीम ने 12-38 के अंतर से जीत दर्ज की। दूसरा सेमीफाइनल नंदनी नगर पीजी कॉलेज गोण्डा और आर आर पीजी कॉलेज अमेठी के बीच खेला गया। नंदनी नगर की टीम ने 20-34 के अंतर से मुकाबला जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला नंदिनी नगर पीजी कॉलेज गोण्डा और पिछली बार की चैंपियन राजा देवी बक्श अवधराज पीजी कॉलेज गोंडा के बीच खेला गया। नंदनी नगर की टीम ने अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए 22-37



के अंतर से मुकाबला जीतकर ट्राफी पर कब्जा जमाया।

विश्वविद्यालय के क्रीड़ा सचिव आशीष प्रताप सिंह ने कहा कि प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में से ही अंतर विश्वविद्यालयी प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एनसी तिवारी ने प्रतियोगिता में सम्मिलित खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उनका मनोबल बढ़ाया। महाविद्यालय के निदेशक व प्रतियोगिता के आयोजन सचिव डॉ० सर्वेश तिवारी ने विश्वविद्यालय से पधारे मुख्य अतिथि, पर्यक्षक, रेफरी, विभिन्न महाविद्यालयों से आए खिलाड़ियों, प्राध्यापकों, अतिथियों का आभार प्रकट किया।

प्रतियोगिता के आयोजन सह सचिव डॉ शैलेश तिवारी, एसोसिएट प्रोफेसर शारीरिक शिक्षा विभाग डॉ अनिल मिश्रा, एवं असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अनुराग पांडे, पर्यवेक्षक सुरेश सिंह, रेफरी डॉक्टर शशि शेखर सिंह, प्रोफेसर आरपी सिंह बघेल, डॉ देव कुमार दूबे,शशि शेखर सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# यमुना में छलांग लगाने बाले रेडीमेड कपड़ा व्यवसायी का शव 24 घंटे बाद मिला

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। थाना बसई मोहम्मदपुर के गांव ईधोन पुल से सूदखोरों से तंग आकर जिस रेडीमेड कपडा व्यवसायी ने यमुना में छलांग लगाई थी उसका शव गोताखोरों ने ने बुधवार की प्रातः 24 घंटे में गांव माली पट्टी यमुना से निकलने में सफलता हासिल की है वही मृतक के साडू ने थाना बसई मोहम्मदपुर में चार सुटखोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना दक्षिण के सुहाग नगर सेक्टर नंबर 2 निवासी प्रशांत अग्रवाल पुत्र स्वर्गीय संतोष अग्रवाल थाना उत्तर के नगला करन सिंह पर रेडीमेड कपड़े की दुकान करता था। उसने अपने एक साथी की 8 लाख रुपए कीजमानत छोटू जैन पुत्र संतोष जैन से ली थी छोटू जैन अपने भाई मोनू जैन आशु जैन और पंकज के साथ मिलकर प्रशांत पर ₹8लाख देने के लिए दवाव बनाने लगे और तरह-तरह की धमकियां देकर उसे परेशान करने लगे जिससे प्रशांत मानसिक रूप से परेशान था वह वह मंगलवार की प्रातः बाइक लेकर लेकर घर से निकल गया और वह थाना बसई मोहम्मदपुर के ईधोन पुल पर पहुंच गया और उसने यमुना में छलांग लगा दी जिससे वह यमुना में डूब गया समीप बरती लोगों ने युवक को यमुना में छलांग लगाते देखा शोर किया तो आसपास के लोग भी वहां पहुंच गए इधर सूचना पर विधायक मनीष असीजा एसडीएम सीओसदर और इलाका पुलिस मौके पहुंची उक्त अधिकारियों ने शवकी तलाश के लिए आगरा से स्टीमर सहित गोताखोर बुलवाए जिन्होंने अथक प्रयास कर बुधवार की प्रातः शवको माली पट्टी गांव के समीप बरामद कर लिया पुलिस ने ने शवका पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में कराया है। वही इस प्रकरण में मृतक



के साडू अवनीश गुप्ता निवासी होली गेट फरिहा ने चारो सूदखोरों मोनू जैन आशु जैन छोटू जैन पुत्रगढ़ संतोष जैन निवासी सुहाग नगर सेक्टर 2 एवं पंकज निवासी भीमनगर थाना दक्षिणके खिलाफ धारा 306 में मुकदमा पंजीकृत कराया है।

**शिवानी मैं यमुना में कूद कर मैं अपने जीवन लीला समाप्त कर रहा हूं मुझे माफ कर देना**

फिरोजाबाद। मंगलवार की प्रातः सुहाग नगर निवासी जिस कपड़ा व्यवसाई प्रशांत अग्रवाल ने यमुना में छलांग लगायी थी इससे पहले उसने अपनी पत्नी शिवानी को व्हाट्सएप पर मैसेज भेज कर कहा था कि मैं यमुना पुल पर मौजूद हूं मुझे छोटू जैन मोनू जैन आशू जैन और पंकज तरह-तरह की तरह-तरह की धमकियां देकर परेशान कर रहे हैं क्योंकि मैं अपने एक साथी की आठ लाख की जमानत ली थी वह सभी एक राय होकर रुपए देने के लिए दवाव बना रहे हैं जिससे मैं बहुत परेशान हूं इसलिए यमुना में कूद कर अपने जीवन लीला समाप्त करने जा रहा हूं मैसेज में उसने मां से भी माफी मांगी थी और पत्नी को संदेश भेजा था। कि मेरी मोटरसाइकिल की डिग्गी में₹5000 और मोबाइल रखे हैं। इसके बाद उसने यमुना में छलांग लगा दी इस व्हाट्सएप पर भेजें संदेश का जिक्र थाना बसई मोहम्मदपुर में दर्ज कराई रिपोर्ट में भी किया गया है मृतक चार भाई थे जिनमें वह सबसे बड़ा था उसके पिता का देहांत पहले ही हो चुका है मृतक ने अपने पीछे विधवा पत्नी और भरे पूरे परिवार को रोते बिलखते छोड़ा है ।

# चित्रकला विभाग द्वारा राज्यस्तरीय दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन।

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान दाऊ दयाल महिला पीजी कॉलेज फिरोजाबाद के चित्रकला विभाग द्वारा राज्य स्तरीय दो दिवसीय चित्रकला कार्यशाला दिनांक 10 एवं 11 अक्टूबर 2023 को आयोजित की गई 'यह कार्यशाला छात्राओं को कला की विभिन्न विधाओं से परिचित कराने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी' मुख्य अतिथि चित्रकार वरिष्ठ कलाकार श्रीमान अनिल कुमार शर्मा , महात्मा गांधी बालिका पीजी कॉलेज फिरोजाबाद की प्रो० पूनम,श्रीमती प्रज्ञा केसरवानी,मोना हैंडीक्राफ्ट की निर्देशिका संगीता वाधवा,के अतिरिक्त शोध छात्र संतोष कुमार वर्मा ,मेराज अहमद ,शिव प्रकाश ,प्रदीप ने भी प्रतिभाग किया।दाऊदयाल महिला महाविद्यालय एवं महात्मा गांधी महिला पीजी कॉलेज फिरोजाबाद की लगभग 70 छात्राओं ने प्रतिभाग किया ।

इस कार्यशाला में महाविद्यालय की भूतपूर्व छात्राओं ने भी हिस्सा लिया ।

श्रीमान अनिल कुमार शर्मा ,

प्रज्ञा केसरवानी ने छात्राओं को कैलीग्राफी के बारे में प्रयोगात्मक रूप से छात्रों को बताया ।

कार्यशाला के दूसरे दिन महात्मा गांधी बालिका कॉलेज के प्रोफेसर पूनम जी ने छात्रों को एक्रिलिक रंग पद्धति में दृश्य चित्रण करना सिखाया ।

महाविद्यालय के शोध छात्र युवा कलाकार प्रदीप कुमार ने एक्रेलिक माध्यम से व्यक्ति चित्र बनाना सिखाया ।

संतोष कुमार वर्मा ने डिजिटल फोटोग्राफी के बारे में बहुत ही ज्ञानवर्धक बातें बताई ।

मेराज अहमद ने जल रंग पद्धति में दृश्य चित्रण सिखाया । शोध छात्र शिव प्रकाश ने वुड्स कट के माध्यम से ग्राफिक पेंटिंग सिखाई । छात्राओं ने उत्साह पूर्वक बढ़-चढ़कर ग्राफिक पेंटिंग में रुचि दिखाई । महाविद्यालय की प्रचारक प्रोफेसर रेनू वर्मा ने इस कार्यशाला की भूरी भूरी प्रशंसा करते की तथा कार्यक्रम संयोजक एवं




चित्रकला विभाग की अध्यक्षा प्रोफेसर विनीता यादव ने सभी आगंतुक अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम की सफलता पर हर्ष प्रकट किया। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती शालिनी मिश्रा ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रो० निशा अग्रवाल , प्रो० विनीत गुप्ता प्रोफेसर ,प्रेमलता प्रोफेसर रंजना राजपूत विनीता सिंह, डॉ० छाया बाजपेई , डॉ० ज्योति अग्रवाल नम्रता त्रिपाठी डॉ० नम्रता निश्चल त्रिपाठी, डॉ० माधवी सिंह, डॉ० अंजु गोयल डॉ० सरिता रानीसभी शिक्षक सदस्य उपस्थित रहे ।

# मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय के एक बाबू के भ्रष्टाचार का मामला जल्द ही पहुंचेगा स्वास्थ्य मंत्री की चौखट पर

*राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं उपभोक्ता फोरम के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि भ्रष्टाचारी बाबू की आय से अधिक संपत्ति तथा भ्रष्टाचार के मामले को लेकर जल्द ही स्वास्थ्य मंत्री से करवाएंगे निष्पक्ष जांच*

*भ्रष्टाचारी बाबू के रिश्वत लेने के रेट का जनता के बीच जल्द वायरल होगा वीडियो*

*यदि भ्रष्टाचारी बाबू की हो गई निष्पक्ष जांच तो कई संगीन धाराओं पर दर्ज होगा भ्रष्टाचारी बाबू पर मुकदमा और जाना पड़ेगा जेल की सलाखों के पीछे*

*भाजपा सरकार में सच के आईने को कोई झुठला नहीं सकता और भ्रष्टाचारी बाबू को कोई बचा नहीं सकता*

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं उपभोक्ता फोरम के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने आज मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश शासन के स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक से जल्द ही मिलकर वह जनपद की स्वास्थ्य व्यवस्था से रूबरू कराएंगे उन्होंने बताया कि फतेहपुर जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय में कमरा नंबर 17 में बैठे विकास कुमार बाबू के द्वारा जनपद में नर्सिंग होम व पाली क्लीनिक तथा लैब के पंजीयन के लिए संचालकों से मोटी रकम वसूली जा रही है उन्होंने यह भी बताया कि अभी उनके संज्ञान में एक मामला आया हुआ है जनपद फतेहपुर का एक नर्सिंग होम संचालक अपने नर्सिंग होम के कागजात लेकर पंजीयन के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय में गया हुआ था जिस पर कमरा नंबर 17 में बैठे विकास कुमार बाबू के द्वारा संचालक को बताया गया कि नर्सिंग होम का पंजीयन करने के लिए 90 हजार रुपये व पॉलीक्लिनिक का पंजीयन करने के लिए 60 हजार रुपये तथा लैब का पंजीयन करने के लिए 35 हजार रुपये देना पड़ता है तब जाकर के रजिस्ट्रेशन होता है वहीं इस बात को कहते हुए उक्त बाबू की बात नर्सिंग होम संचालक ने अपने कमरे में कैद किया हुआ है जिसका सबूत के लिए पूरा वीडियो नर्सिंग होम संचालक के द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष को दिया गया है जिसमें साफ तौर पर विकास कुमार बाबू पैसों की बात करते हुए नजर आ रहे हैं उन्होंने बताया कि यह वीडियो नर्सिंग होम संचालक ने अपना नाम गुप्त रखने की शर्त पर दिया है उन्होंने कहा कि जनपद के कई ऐसे नर्सिंग होम है जिनके पंजीयन के नाम पर इन्होंने अच्छी खासी मोटी रकम ले रखी है और आय से अधिक अकूत संपत्ति इन बाबू ने अर्जित कर रखी है जिसकी जांच होना न्याय हित में होगा ऐसे भ्रष्ट बाबू की निष्पक्ष जांच कर कर उनके ऊपर संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर कानूनी कार्यवाही किए जाने की मांग की है !

# स्वास्थ सेवाओ को और बेहतर करने के लिए निरक्षण करने पहुंचे नोडल अधिकारी

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

देश के प्रधान मंत्री, प्रदेश के मुखिया व स्वास्थ्य मंत्री लोगो के स्वास्थ को लेकर गम्भीर है। जिला अस्पताल से लेकर सीएचसी, पीएचसी में सारी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए बराबर प्रयास रत है। उसी कड़ी को और आगे बढ़ते हुए आज जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर की एमरजेंसी सेवाओ का निरक्षण करने पहुंचे प्रदेश स्तरीय हल्ड टीम के नोडल अधिकारी ने स्वास्थ कर्मियों के साथ बैठक कर उनकी बात सुनी उसके बाद बड़ी गहनता और बारीकी के साथ सभी जगह का निरक्षण कर जानकारी हासिल किया

फतेहपुर। जिले के मेडिकल कॉलेज के ट्रामा सेंटर में एमरजेंसी सेवाओ का निरक्षण करने आज बुधवार की प्रदेश स्तरीय नामित नोडल अधिकारी डॉक्टर एल० डी० मिश्रा और डॉक्टर अर्पित श्रीवास्तव पहुंचे तो मेडिकल कॉलेज के प्रिंसपल डॉक्टर आर० पी० सिंह, पुरुष जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर पी० के० सिंह व महिला जिला अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर रेखा रानी की मौजूदगी में स्वास्थ कर्मियों के साथ बैठक कर उनसे बात किया। उसके बाद वार्ड में जाकर बारीकी से सब



कुछ देखा उसके बाद अल्ट्रासाउंड और एक्सरे कक्ष में जाकर वहां की व्यवस्था को जाँचा परखा। उसके बाद पैथोलॉजी और ब्लड बैंक की गहनता से जांचपड़ताल किया। वहाँ से निकल कर सीटीस्कैन रूम में जाकर प्रति दिन कितनी जांचे होती है उनकी स्थित बारे में जानकारी किया जाँच किस समय से किस समय तक होती है इसकी जानकारी किया। आगे पूंछा की आपातकालीन कोई केश आने पर क्या ब्यवस्था है तो जिम्मेदारों ने बताया हम आन कॉल रहते है आन कॉल आकर जाँच करते है। सी टी स्कैन के लिए आन कॉल का नम्बर बाहर दिवारो पर चस्पा करने को कहकर ट्रामा सेंटर पहुंचे वही भी बड़ी बारीकी के साथ निरक्षण किया।

वही जब मीडिया ने बात की तो प्रदेश स्तरीय नोडल अधिकारी डॉक्टर एल० डी० मिश्रा ने बताया सरकार की मनसा है कि लोगो बेहतर स्वास्थ सेवाएं मिले इसके लिए एमरजेंसी सेवा को और बेहतर कैसे बनाया जाए इसी की जाँच करना हमारा उद्देश्य था। हम देखने आये है कि मेडिकल कॉलेज के ट्रामा सेंटर में कितनी एमरजेंसी सेवाएं है। आई सी यू है कि नही है कितना सुधार प्रिंसपल साहब अपने हिसाब से कर रहे है। और क्या जरूरत है देश प्रदेश में बहुत सारे मेडिकल कॉलेज खुल गए है। अभी सभी जगह एमरजेंसी सेवाएं नही है तमाम सारे मरीज रेफर होकर कानपुर या लखनऊ चले जाते है। जैसे हमने देखा यहां ट्रामा सेंटर में ओटी नही है जिसके लिए मरीज को ऑप्रेशन के लिए दो दो दिन इंतेजार करना पड़ता है जबकि यह ब्यवस्था यही होनी चाहिए जिससे मरीज का तुरन्त ऑप्रेशन हो सके।

# सीवर लाइन पास होने कर भाजपाइयों ने किया साध्वी जी का स्वागत

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन जी द्वारा जनपद को सबसे बड़ी उपलब्धि सीवर लाइन पास करने हेतु आज भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं ने डाक बंगला में बड़ी माला पहना कर शुभकामनाएं दी साथ ही जनपद को नई ऊंचाइयों तक ले जाने हेतु आभार जताया। इस



अवसर पर जिलाध्यक्ष भाजपा मुखलाल पाल, अयाह शाह विधायक विकास गुप्ता, जहानाबाद विधायक राजेंद्र पटेल, रणवेंद्र प्रताप सिंह, जिला अध्यक्ष मधुराज विश्वकर्मा, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा ज्योति प्रवीण, जिला महामंत्री प्रसून तिवारी नगर अध्यक्ष किशन शुक्ला, सत्यम अग्रवाल, प्रशांत सिंह, रोहित शर्मा, साधना सिंह, देवनाथ धाकड़े आदि मौजूद रहे।

# मेरी मांटी मेरा देश कार्यक्रम का कलश एकत्रीकरण कार्यक्रम सम्पन्न

**फतेहपुर रानी तालाब से कार्यक्रम स्थल तक निकाली गई कलश यात्रा**

**आंगनबाड़ी कार्यकत्री, प्रधानों व क्षेत्र पंचायत सदस्य रहे उपस्थित**

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

देश के वीर सपूतों को नमन वन्दन करते हुए हंसवा विकास खंड के सभी 57 ग्राम पंचायतों के कलशों को आज एकत्रित किया गया, ब्लाक के बगल में स्थित रानी तालाब से ब्लाक परिसर तक बड़े ही उत्साह से कलश यात्रा निकाली गई, दौरान यात्रा उपस्थित लोगों द्वारा भारत माता के जयकारों के साथ पुष्प वर्षा की गई।

कलश एकत्रीकरण उपरांत सभागार में सभा आयोजित हुई, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित ब्लाक प्रमुख हंसवा विकास पासवान द्वारा देश के वीर सपूतों की गाथाओं को बताया गया,श्री पासवान ने कहा कि यह आजादी हमें हमारे पूर्वजों के बलिदान से प्राप्त हुई है जिसे सम्भाल कर रखने की जिम्मेदारी हम सभी की है हमें अपने देश के बलिदानियों



को याद रखते हुए नित नित वन्दन करना चाहिए , कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल जिला मीडिया प्रभारी भाजपा प्रवीण कुमार सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी द्वारा लगातार राष्ट्र निर्माण में फैसले लिए गए हैं, आजादी के अमृत महोत्सव को देश में बड़े ही उल्लास से मनाया गया, और मेरी मांटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजन ने हमें व हमारी नई पीढ़ी तक को देश की स्वतंत्रता कैसे और किन लोगों के प्रयास व बलिदान से प्राप्त हुई इसकी जानकारी व चर्चा अब सभी के बीच है , श्री सिंह ने कहा कि आज जब विश्व तरह तरह के झंझावातों के भंवर में है वही भारत नित नए आयामों में शिषरोन्मुख हो रहा है, इसके पीछे आपकी राष्ट्र के प्रति जागरूक सोंच है, कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी सतीश चन्द्र पाण्डेय, भाजपा मंडल अध्यक्ष शिव पूजन तिवारी, अखिलेश द्विवेदी,पूर्व मंडल अध्यक्ष लाल सिंह सेंगर, शानू सिंह कमल साहू,किशन पांन्डेय, बलवीर सिंह, प्रदीप यादव सहित समस्त प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।।


शुभेच्छु,, प्रवीण कुमार सिंह जिला मीडिया प्रभारी भाजपा फतेहपुर

# धोखाधड़ी के शिकार हुए व्यक्ति ने थाना थरियांव पर दिया लिखित शिकायती पत्र

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर किन्नेरपट्टी थाना पडरौना जनपद कुशीनगर के निवासी ने जनपद फतेहपुर के थाना थरियांव में एक तहरीर देते हुए बताया कि धमेंद्र पुत्र राजेंद्र,गुड्डू पुत्र दिनेश निवासी बेनीगंज मजरे मिचकी थाना थरियांव ने अपने संबंधित मोबाइल नंबर से पीड़ित के नंबर पर फोन किया और पीड़ित से कहा कि अपना खाता बैंक ऑफ बड़ौदा में खुलवा लो और ये एयरटेल कंपनी की स्कीम है जिसके तहत 54 लाख रुपए खाते में आएंगे और हम लोग एयरटेल कंपनी के लोग हैं पीड़ित ने कहा कि मैं बैंक ऑफ बड़ौदा में अपने दोनों पुत्रियां सितारा भारती व नीतू भारती 5500 में खाता खुलवा दिया वहीं पर इतने बताया कि खाता खुलवाने के बाद उक्त लोगों ने कुछ दिन के बाद फोन किया कि जो दो नंबर दिए जा रहे हैं उन्हें अपने खाते में जुड़वा दो जहां पीड़ित ने बताया कि उनके द्वारा दिए गए दोनों नंबरों को मैं अपने खाते पर जुड़वा दिया तब उपरोक्त लोग पीड़ित के नाम का एटीएम बनवा लिया और खाते से लेनदेन करने लगे और पीड़ित फिर फोन में अकाउंट नंबर पर पैसा डलवा दिया फिर उक्त लोगों ने धीरे-धीरे 11 लाख रुपए खाते में




जमा करवा दिया और फोन पर तथा एटीएम से पैसा का लेनदेन करते रहे जहां पीड़ित ने कहा कि उक्त द्वारा बताया गया कि अब तुम्हारे खाते पर 54 लाख रुपए आएंगे पीड़ित ने कहा कि जब वह बैंक ऑफ बड़ौदा में जाकर पता किया तो उसके खाते में डृ1 नहीं पीड़ित ने बताया कि 9 नवंबर 2020 को उक्त लोगों के खाते पर भैरवगंज कुशीनगर में 4140 रुपए डाला था। पीड़ित के मुताबिक उक्त लोगों के द्वारा उसके साथ फ्रॉड किया गया है जहां पीड़ित ने कहा कि धीरे-धीरे वह पता करता रहा और पीड़ित को उनकी जानकारी मिली कि यह लोग फ्रॉड हैं जहां 6 अक्टूबर 2023 को दोपहर लगभग 1:00 बजे पीड़ित उनके घर पहुंच कर पैसे लेने के लिए और उनसे पैसा मांगा तो वह लोगों ने धमकी देते हुए कहा कि हम तुम्हारे पैसा नहीं देंगे जहां तुम्हें शिकायत करनी हो करो जाकर विवेक ने कहा कि इस गांव के पप्पू पुत्र अमर सिंह प्रमोद कुमार पुत्र पप्पू संतोष कुमार पुत्र पप्पू ने उन लोगों को बताया कि यह लोग अक्सर गलत काम करते हैं यह लोग बेईमानी के नियत से पैसा नहीं दे रहे हैं जहां पीड़ित ने थाना थरियांव पर तहरीर देते हुए उक्त लोगों पर कठोरतम कार्यवाही किए जाने की मांग की है, वहीं थाना प्रभारी ने उक्त लोगों के खिलाफ भा.द.स. 1860 धारा 420 तथा भा. द. स. 1860 धारा 406 एवं सूचना प्रौद्योगिकी (संशोधन)अधिनियम 2008 धारा 66 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है !?

# अन्य जनपद स्तरीय जागरूकता रोड शो का आयोजन कलेक्ट्रेट परिसर से सांसद / केन्द्रीय राज्यमंत्री ग्रामीण विकास मंत्रालय, "साध्वी निरंजन ज्योति ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर उ०प्र० मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम अन्तर्गत जनपद स्तरीय मिलेट्स रोड शो जनपद में उ०प्र० मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अन्तर्गत पौष्टिक अनाज की खेती प्रसंस्करण एवं उपभोग को बढ़ावा देने हेतु राज्य सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम को संचालित किया गया है। जनपद में मोटे अनाज यथा रागी, सावाँ, कोदो, संकर ज्वार एवं बाजरा का बोये जाने वाले क्षेत्रफल



व उत्पादन को बढ़ावा दिये जाने हेतु मिलेट्स / अन्न जनपद स्तरीय जागरूकता रोड शो का आयोजन कलेक्ट्रेट परिसर से सांसद / केन्द्रीय राज्यमंत्री ग्रामीण विकास मंत्रालय, "साध्वी निरंजन ज्योति ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । मिलेट्स / श्री अन्न जागरूकता रोड शो रैली के रूट -1 प्रतिभागियों द्वारा कलेक्ट्रेट से होते हुए वर्मा चौराहा से बसस्टाप होते हुए तहसील परिसर फतेहपुर एवं रूट-2 के प्रतिभागियों द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से वमाचौराहा होते हुए लोधीगंज वाया तहसील परिसर खागा एवं रूट- 3 के प्रतिभागियों द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से होते हुए जिलाधिकारी आवास, वी०आई०पी० रोड होते हुए नऊवाबाग से तहसील परिसर बिन्दकी तक मिलेट्स रोड शो का आयोजन कर कृषकों एवं जनमानस को मोटे अनाज बोये जाने एवं उसके प्रयोग के लाभ हेतु जागरूक किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, उप कृषि निदेशक श्री राममिलन सिंह परिहार, जिला कृषि अधिकारी श्री बृजेश सिंह, भूमि संरक्षण अधिकारी रा०जला० व ई०ई०सी, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण, समस्त विभागीय कर्मचारी एवं भारी संख्या में कृषक बन्धुओं द्वारा जनपद स्तरीय मिलेट्स जागरूकता रोड शो में प्रतिभाग किया गया।

# बच्चों से समाज कल्याण मंत्री से ये भी जाना कि बेहतर तरीके से प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कैसे की जाए

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर बच्चों के साथ शिक्षक की भूमिका में नजर आए मंत्री फतेहपुर। ज़िले के छात्र-छात्राओं के लिए आज का दिन कुछ खास रहा। क्योंकि प्रदेश के समाज कल्याण मंत्री व पूर्व आईपीएस अधिकारी असीम अरुण उनको बता रहे थे कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी किस तरह बेहतर तरीके से की जाए। बुधवार को जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने आए समाज कल्याण मंत्री ने जीआईसी में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले बच्चों से सीधा संवाद किया। मंत्री असीम अरुण ने कार्यक्रम की शुरूआत में बताया कि सरकार समाज के कमजोर व पिछड़े वर्ग के बच्चों का प्रतियोगी परीक्षाओं में



प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए सभी ज़िलों में मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग संचालित कर रही है। जहां आईएएस, पीसीएस के अतिरिक्त इंजीनियरिंग, मेडिकल आदि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी समाज कल्याण विभाग करवाता है।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों से समाज कल्याण मंत्री से ये भी जाना कि बेहतर तरीके से प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कैसे की जाए। इस मौके पर कुछ बच्चों ने अभ्युदय कोचिंग में पढ़ाई को लेकर कुछ सुझाव भी दिया जिसे अरुण ने लागू करने का निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिया। कुछ बच्चों ने पुस्तकालय में हिंदी व अंग्रेजी की विशेष पुस्तकों को मँगवाने का सुझाव भी दिया, जिसे एक सप्ताह में पूरा करने का आश्वासन विभागीय अधिकारियों ने मंत्री जी को दिया।

# भारतीय मुद्रा के साथ एक नेपाली युवक गिरफ्तार

***शोहरतगढ़ थाने की अधीनस्थ पुलिस चौकी खुनुवां पुलिस को मिली बड़ी सफलता।***

***27 लाख 50 हजार के भारतीय मुद्रा के साथ नेपाली युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार***

**दैनिक समाज जागरण सुनील श्रीवास्तव**

सिद्धार्थनगर । जिले के शोहरतगढ़ थाने की पुलिस चौकी खुनुवां पुलिस द्वारा बीते दिनों एक नेपाली युवक को सत्ताइस लाख पचास हजार रुपये,भारतीय मुद्रा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त के विरुद्ध धारा 11 कस्टम अधिनियम के तहत कार्रवाई किया है। चौकी प्रभारी खुनुवां महेश कुमार शर्मा ने बताया कि पुलिस फोर्स के साथ वे भारत नेपाल बॉर्डर पर गस्त कर रहे थे। तभी खास मुखवीर के द्वारा सूचना मिलने पर वे खुनुवां बाजार से सटे नेपाल बॉर्डर से एक नेपाली युवक को गिरफ्तार किया, गिरफ्तार किए गए युवक के पास से




सत्तईस लाख पचास हजार भारतीय मुद्रा भी बरामत किया गया है। गिरफ़्तार किया गया युवक अपना नाम दुर्गेश पासी पुत्र राममिलन पासी ग्राम सोठौली थाना तौलिहवा जनपद कपिलवस्तु नेपाल राष्ट्र। का रहने वाला बताया है, चौकी प्रभारी ने बताया कि अभियुक्त को कस्टम कार्यालय सुपुर्द किया गया है।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में, उप निरीक्षक महेश कुमार शर्मा चौकी प्रभारी खुनुवां व मुख्य आरक्षी जयप्रकाश कुशवाहा आदि रहे।

# अगामी त्योहारों को लेकर आबकारी विभाग हुआ सतर्क

## *ट्रैक की चेकिंग करते समय आबकारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह द्वारा दिए कड़े निर्देश*

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। अगामी त्योहार दशहरा व दीपावली मनाने की घर-घर तैयारियां शुरू हो गई हैं। इन त्योहारों का मजा अवैध शराब कहीं किरकिरा न कर दें, इसको लेकर आबकारी विभाग पूरी तरह से सतर्क हो गया है। शराब तस्करों



पर नकेल कसने के लिए आबकारी विभाग द्वारा जनपद में विशेष प्रवर्तन अभियान शुरू किया गया है। अभियान के तहत आबकारी पुलिस की टीमें लगातार छापेमारी एवं दबिश कर कार्रवाई कर रही है। दरअसल त्योहार के चलते शराब तस्कर भी अवैध शराब का कारोबार करने के लिए बाहरी राज्यों से सस्ती शराब लाकर एकत्रित करना शुरू कर देते है। जिसे वह त्योहारों पर खपाने का काम करते है। भले ही दिवाली को एक माह शेष बचा हो। लेकिन आबकारी विभाग ने शराब तस्करों पर कार्रवाई के लिए अभी से ही रणनीति तैयार कर ली है।

इसी क्रम में आबकारी पुलिस ने टूंडला टोल टैक्स पर ट्रैक व आने जाने वाहनों की गहनता से चेकिंग की गई और कडे निर्देश दिए गए। वहीं जिला आबकारी अधिकारी ने बताया यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

चेकिंग के दौरान आबकारी निरीक्षक प्रथम देवेंद्र सिंह क्षेत्र 4, आबकारी निरीक्षक अशोक कुमार, आदि उपस्थित रहे।

# कलम के सिपाहियों ने सत्याग्रह में निभाई जिम्मेदारी, हर मोर्चे पर शुरू हुई तैयारी

***बहेरा-बरैची, मोगरिहापुर, मनावा, असोथर तथा गाजीपुर में शुरू होगा सत्याग्रह***

***पत्रकार संगठन के जिलाध्यक्ष ने कहा, सत्याग्रह सफल होने तक नहीं छूटेगा साथ***

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर : जनपद की आधी आबादी को प्रभावित करने वाली मुख्य सड़क पर जिम्मेदार अधिकारियों तथा शासन में बैठे लोगों की नजर नहीं पड़ी। नरैनी चौराहे पर बीते दो अक्टूबर से जारी सड़क सत्याग्रह लगातार तेजी पकड़ रहा है। बुधवार को जिला पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष अजय सिंह भदौरिया व क्षेत्रीय साथियों ने सत्याग्रह में जिम्मेदारी निभाते हुए इसे हर मोर्चे पर सफल बनाने का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जब तक सत्याग्रह सफल नहीं होता है, कलम के सिपाही सत्याग्रहियों का साथ नहीं छोड़ेंगे। क्षेत्र के दो लाख लोगों की आवाज हर रोज बुलंद होगी।

अन्न त्याग करके सड़क के लिए सत्याग्रह पर बैठे प्रवीण पांडेय, आशू सिंह तथा सड़क संघर्ष समिति के संयोजक धर्मेंद्र दीक्षित ने बुधवार को लोकनायक जय प्रकाश नारायण और नाना जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रबुद्ध राष्ट्र सेवक, संघ के आजीवन प्रचारक एवं मानव कल्याण के लिए संपूर्ण जीवन अर्पित करने वाले महान विचारक राष्ट्रऋषि भारत रत्न नानाजी देशमुख जी की जयंती पर उनके कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया। सत्याग्रह के माध्यम से बदहाल सड़क की अनदेखी पर लोगों ने जिला प्रशासन के अधिकारियों व नेताओं को खरीखोटी सुनाई। प्रवीण पांडेय ने कहा कि आसमान से किसान के खेतों पर जलने वाली पराली देखने का दावा करने वाले अधिकारी तीन दशक से ध्वस्त पड़ी डेढ़ हजार गांवों की जीवन रेखा बनी विजयीपुर-गाजीपुर रोड की बदहाली नहीं देख सके हैं।

**लेटर-लेटर खेल रहे जनप्रतिनिधि**

जनता की नुमाइंदगी करने वाले जनप्रतिनिधि लेटर-लेटर खेल रहें हैं। सड़क संघर्ष समिति के संयोजक धर्मेंद्र दीक्षित ने कहा कि विजयीपुर-गाजीपुर मार्ग तीन विधान सभा क्षेत्रों खागा, अयाह शाह तथा सदर के गांवों को प्रभावित करता है। तीन विधायक और एक सांसद मिलकर इसकी हालत नहीं सुधार सके हैं। सभी का चुनावी वादा जरूर यह सड़क बनती है। दो लाख लोगों के शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और आर्थिक उन्नति का आधार बनने वाली ध्वस्त सड़क की बदहाली नहीं दूर हो सकी। संयोजक ने कहा कि मंच से नेता कहते हैं भारत, गांव में बसता है। हकीकत में गांव को गांव से आगे नहीं निकलने देना चाहते हैं।

हादसो नें किया हताश नहीं बनी सड़क हादसों को आमंत्रण देती यह सड़क हर दिन एक चुनौती बनती है। बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के केंद्रीय अध्यक्ष प्रवीण पांडेय ने कहा कि बीते दस दिनों से सड़क के लिए अनशन पर बैठे हैं। सत्याग्रहियों का सिर्फ एक उद्देश्य है कि लाखों लोगों की उन्नति का आधार, विजयीपुर-गाजीपुर मार्ग का निर्माण हो। ध्वस्त सड़क की वजह से कोई अप्रिय घटना न हो और सभी क्षेत्रवासी खुशहाली का जीवन जिएं।

झूठे वादों के सहारे दौड़ रही जिंदगी की गाड़ी किसान राजेश दीक्षित

सत्याग्रह स्थल पर किसान नेता राजेश दीक्षित ने बताया कि कागजी घोड़ा दौड़ाने से काम नहीं चलेगा जमीनी स्तर पर काम करे नहीं तो आने वाले समय में चुनाव का बहिष्कार किया जाएगा वही आए नरैनी, मोगरिहापुर, रायपुर भसरौल, लोधौरा आदि गांवों से आए ग्रामीणों का कहना था बीते 20 वर्ष से सुनते आ रहे हैं कि इस सड़क का निर्माण होगा। सड़क पहले से और चौड़ी बनेगी। तीन साल पहले तो सड़क निर्माण का पत्थर भी लग गया। गाजीपुर में पूजापाठ भी हो गई। सड़क उसके बाद भी नहीं बनी। अब फिर से कागज में सड़क का निर्माण चल रहा है। लोगों का कहना था यदि जल्दी ही सड़क निर्माण के लिए सामान और मशीनरी नहीं आती है तो गांव-गांव में रोड नहीं तो वोट नहीं का पोस्टर लगाकर नेताओं का विरोध किया जाएगा। ग्रामीणों का कहना था कागजों में स्टेट हाईवे का दर्जा पाए मुख्य सड़क के साथ जब नेता और अधिकारी इतना बुरा बर्ताव करते हैं तो ग्रामीण सड़कों के गड्ढे पाटने की उम्मीद करना ही बेमानी होगी।

# किसानों के मार्च के आह्वान से, राय बरेली रोड पर भीषण जाम, यातायात व्यवस्था चरमराई, कई एम्बुलेंस फंसी।

**भारतीय किसान यूनियन भानु गुट के किसानों का मार्च।**

**हजारों की संख्या में जुटे किसान, मुख्यमंत्री आवास कूच करने पर अड़े।**

**भारी पुलिस बल के साथ, जेसीपी कानून व्यवस्था उपेंद्र कुमार अग्रवाल सहित कई एसीपी भी मौके पर।**

**लगभग आधा दर्जन थानों की फोर्स 3 कंपनी पीएसी, हालात संभालने में जुटी।**

**4 एसीपी,मौजूद रहे।**

**परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह के मौके पर आने,और प्रदेश अध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह से वार्ता के बाद शाम 5 बजे खत्म हुआ धरना।**

**अरुण सिंह समाज जागरण ब्यूरो लखनऊ।**

लखनऊ।भारतीय किसान यूनियन भानु गुट के प्रदेश अध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में एक अक्तूबर को प्रदेश के किसानों की समस्याओं और उनकी मांगों को लेकर फिरोजाबाद से निकली किसान चेतना पैदल यात्रा मंगलवार शाम कल्ली पश्चिम पहुंची थीं।रात भर कल्ली पश्चिम में विश्राम के बाद बुधवार सुबह करीब 11 बजे रायबरेली रोड होकर शहर की तरफ कूच कर दिया, ए सी पी कैंट पंकज कुमार सिंह,पीजीआई कोतवाली प्रभारी बृजेश चंद्र तिवारी ने किसानों को समझाने का प्रयास किया लेकिन भीड़ बेकाबू होने लगी, डी सी पी दक्षिणी विनीत कुमार जयसवाल,उसके बाद कई कोतवाली का पुलिस बल,और पीएसी की 4 गाडियां मौके पर पहुंची, और भीड़ को नियंत्रित किया।लेकिन किसानो का दल मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलने पर अड़ा रहा।

प्रयाग राज से आने वाले ट्रैफिक को ट्रैफिक के दबाव को कम करने के लिए मोहनलाल गंज पुलिस ने प्रयागराज की तरफ से आने वाले



बड़े वाहन गोसाईं गंज की तरफ मोड़ दिया,जिससे पीजीआई अस्पताल,लखनऊ आने वालों को दिक्कत का सामना करना पड़ा।

लखनऊ से प्रयाग राज जाने वाले ट्रैफिक को -

तेलीबाग चौराहे से ही वृंदावन योजना से गुजर रही नहर रोड पर मोड़ दिया गया,खराब और सिंगल रोड के कारण उस रास्ते पर भी जाम लगा रहा।और हालात यह है कि वहां उसे संभालने वाला कोई नहीं था।5मिनट के सफर को 3घंटे में पूरा किया।

फंसी रही एंबुलेंस -

किसान यूनियन भानु गुट के आंदोलन के कारण लगे जाम से मरीजों को लेकर आ रही कई एम्बुलेंस जाम में फंसी रही,जिन्हें पुलिस ने कड़ी मेहनत से जाम से निकाल अस्पताल पहुंचाया।

जेसीपी कानून व्यवस्था उपेंद्र कुमार अग्रवाल ने मौके पर पहुंच कर किसानों से वार्ता की उन्हें समझाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं माने,प्रदेश अध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह का कहना था कि हमें शासन से कोई बात नहीं करनी है,केवल सरकार और उनके मुखिया से बात करनी है।

ब्रेक्टिंग पार करने का भी किया प्रयास किसानों के समूह ने कई बार पुलिस द्वारा लगाई गई ब्रेक्टिंग को भी पार करने का प्रयास किया लेकिन भारी पुलिस बल के आगे वह सफल नहीं हो सके।

पीजीआई कोतवाली और फायर ब्रिगेड के सामने रोका -

पुलिस ने किसानों को पीजीआई कोतवाली और फायर ब्रिगेड के सामने किसानों को रोका हुआ था। जिससे पीजीआई अस्पताल गेट से मरीज और उनके परिवार को ज्यादा दिक्कत नहीं हुई।

परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह से वार्ता के बाद माने किसान -

दोपहर बाद करीब तीन बजे,प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह ने योगेश प्रताप सिंह से टेलीफोनिक वार्ता की ,लेकिन बात नहीं बनी आखिर में शासन के अधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष योगेश ,औरप्रभारी ऋषि मिश्र को परिवहन मंत्री के आवास पर पहुंचाया ।

जहां पर वार्ता के बाद ,गृह सचिव संजय प्रसाद से गुरुवार को,शुक्रवार को मुख्यमंत्री से भेंट कराने का वादा किया, उसके बाद परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह, किसानों के नेता योगेश प्रताप सिंह, और प्रभारी ऋषि मिश्र को अपनी गाड़ी में लेकर आए। बातचीत की और किसानों के मांग पत्र का बंडल अपने साथ ले गए,करीब पांच बजे धरना खत्म हुआ,उसके बाद यातायात व्यवस्था बहाल हो सकी। केंद्रीय विद्यालय पीजीआई से छूटे छात्र घंटो मोहनलाल गंज की तरफ जाने के लिए सवारी का इंतजार करते रहे।